3 राजधानी
द्वारका एक्सप्रेसवे पर सितंबर से दौड़ेंगे वाहन

6 अभिमत
संसदीय समितियां अपरिहार्य

10 विदेश
पुलिस ने इमरान के आवास को घेरा

11 राष्ट्रीय
राबड़ी देवी पूछताछ के लिए ईडी के सामने हुईं पेश

RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 192
नई दिल्ली, शुक्रवार, 19 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



पहले छह ओवर में गेंदबाजी अच्छी नहीं थी
स्पोर्ट्स-12

# सिद्धारमैया कर्नाटक के सीएम, शिवकुमार डिप्टी होंगे

## कांग्रेस विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद सरकार बनाने का दावा पेश किया, 20 मई को लेंगे शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/बेंगलुरु

**कांग्रेस** ने बृहस्पतिवार को अंततः यह ऐलान कर दिया कि कर्नाटक के अगले मुख्यमंत्री के सिद्धारमैया मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डीके शिवकुमार उनके एकमात्र नायब (उप मुख्यमंत्री) होंगे। ये सभी शनिवार को अपने कुछ कैबिनेट सदस्यों के साथ शपथ ग्रहण करेंगे, इस समारोह को विपक्ष की एकता के प्रदर्शन के तौर पर भी पेश किया जाएगा।

पिछले शनिवार को विधानसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने के बाद गहन मंत्रणाओं के पश्चात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिए गए फैसले का ऐलान करते हुए कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल ने कहा कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि सिद्धारमैया कर्नाटक के मुख्यमंत्री होंगे तथा एकमात्र उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार होंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव होने तक शिवकुमार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बने रहेंगे। सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के साथ 20 मंत्री भी शपथ ग्रहण करेंगे। देर शाम कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बेंगलुरु में हुई एक बैठक में औपचारिक रूप से सिद्धरमैया को नेता और कर्नाटक का मुख्यमंत्री चुना गया। बैठक के बाद उन्होंने राज्यपाल थावर चंद गहलोत से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया। इंदिरा गांधी भवन में हुई कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों, विधान परिषद सदस्यों और सांसदों की बैठक में एआईसीसी के महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला और दो अन्य केंद्रीय पर्यवेक्षकों- महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री सुशील कुमार शिंदे और एआईसीसी महासचिव जितेंद्र सिंह- ने भी भाग लिया। सुरजेवाला के अनुसार, शिवकुमार ने कर्नाटक में कांग्रेस विधायक दल के नए नेता के रूप में सिद्धरमैया को चुनने के लिए एक प्रस्ताव पेश किया। कांग्रेस पार्टी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इसका समर्थन किया।

सिद्धरमैया और शिवकुमार को कर्नाटक में कांग्रेस के लिए बड़ी पूंजी बताते हुए वेणुगोपाल ने कहा कि दोनों की जोड़ी का विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की जीत में महत्वपूर्ण योगदान रहा। सत्ता में हिस्सेदारी के फार्मूले से जुड़े सवाल पर वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस के लिए एकमात्र फार्मूला सत्ता में जनता की साझेदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद का फैसला करने के लिए हुई लंबी चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा, हमारी पार्टी लोकतांत्रिक है। हम तानाशाही में नहीं, सहमति बनाने में विश्वास करते हैं। कांग्रेस के संगठन महासचिव ने कर्नाटक में अपनी पार्टी की जीत का श्रेय प्रदेश की जनता को दिया और कहा कि यह चुनाव स्पष्ट रूप से गरीबों और अमीरों के बीच था तथा गरीब एवं मध्य वर्ग कांग्रेस के साथ खड़ा हुआ (शेष पेज 9)


नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को डीके शिवकुमार और सिद्धारमैया के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे

### शपथ ग्रहण समारोह से विपक्ष की एकजुटता का संदेश देगी कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कर्नाटक** में 20 मई को होने वाले कांग्रेस सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में कई प्रमुख विपक्षी नेता शामिल हो सकते हैं, हालांकि इसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव और बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती को आमंत्रित नहीं किया गया है। सिद्धरमैया 20 मई को कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।

उनके साथ डी.के. शिवकुमार भी शपथ लेंगे जो इस सरकार में उप मुख्यमंत्री होंगे। कांग्रेस के सूत्रों ने बताया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, नेशनल कांफ्रेंस के नेता फारूक अब्दुल्ला, बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, शिवसेना (यूबीटी) के (शेष पेज 9)

# रिजिजू की जगह मेघवाल बने विधि व न्याय मंत्री

● बघेल को स्वास्थ्य राज्य मंत्री बनाया गया, रिजिजू अब पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की जिम्मेदारी को संभालेंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिपरिषद में बृहस्पतिवार को चौंकाने वाले एक बदलाव के तहत किरेन रिजिजू को विधि एवं न्याय मंत्री के पद से हटाकर पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का जिम्मा सौंप दिया गया। संसदीय कार्य राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल अब देश के विधि व न्याय (स्वतंत्र प्रभार) मंत्री बन गए हैं।

मेघवाल को स्वतंत्र प्रभार दिए जाने के बाद इस महत्वपूर्ण मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में काम कर रहे सत्य पाल (एसपी) सिंह बघेल को हटाकर स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री का जिम्मा सौंप दिया गया। संसद में राजस्थान की बीकानेर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करने वाले मेघवाल ने इस घोषणा के कुछ ही देर बाद अपना कार्यभार संभाल लिया और कहा कि सभी को त्वरित न्याय दिलाना उनकी शीर्ष प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि सरकार और न्यायपालिका के बीच कोई टकराव नहीं है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, कार्यपालिका और न्यायपालिका के बीच मधुर संबंध हैं और ये सौहार्दपूर्ण और संवैधानिक बने रहेंगे। इस बीच, रिजिजू ने मेघवाल से मुलाकात की और नई जिम्मेदारी के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। रिजिजू जहां आदिवासी समुदाय से आते हैं वहीं मेघवाल दलित वर्ग से ताल्लुक रखते हैं।


नई दिल्ली में दोनों केंद्रीय मंत्री- किरेन रिजिजू और अर्जुनराम मेघवाल

मेघवाल संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री के रूप में भी काम कर रहे हैं। इस साल के आखिर में राजस्थान में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले मेघवाल को नई जिम्मेदारी दी गई है। न्यायिक नियुक्तियों को लेकर उच्चतम न्यायालय के साथ लगातार टकराव का सामना करने वाले रिजिजू सात जुलाई, 2021 को देश के कानून मंत्री बने थे। उन्होंने भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद का स्थान लिया था। उस समय खेल मंत्री और अल्पसंख्यक मामलों के राज्य मंत्री रिजिजू को पदोन्नत कर केंद्रीय मत्रिमंडल में शामिल किया गया था। कानून मंत्री के तौर पर रिजिजू उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति की कॉलेजियम प्रणाली की आलोचना करने में सरकार में सबसे मुखर रहे थे। उन्होंने इस प्रणाली को भारत के संविधान से अलग बताया था और कहा था कि यह देश के लोगों द्वारा समर्थित (शेष पेज 9)

# मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को भारत लाया जाएगा

● अमेरिका की एक संघीय अदालत ने प्रत्यर्पण के लिए दी सहमति, प्रधानमंत्री की अमेरिका की राजकीय यात्रा से पहले आया फैसला

**एजेंसी।** न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**अमेरिका** की एक संघीय अदालत ने पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसाई तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के लिए सहमति दे दी है जो भारत के लिए एक बड़ी कानूनी जीत है। भारत सरकार 2008 के मुंबई आतंकी हमले में संलिप्तता के आरोपी राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रही थी।

अदालत का यह फैसला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका की पहली राजकीय यात्रा से एक महीने पहले आया है। राष्ट्रपति जो बाइडन ने मोदी को इस राजकीय यात्रा के लिए आमंत्रित किया है। बाइडन एवं अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन 22 जून को उनके सम्मान में राजकीय भोज का आयोजन करेंगे। सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की अमेरिकी मजिस्ट्रेट (शेष पेज 9)



तहव्वुर के प्रत्यर्पण संबंधी समाचार के बाद मुंबई में छात्रों ने बनाई पेंटिंग

### भारत अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में: विदेश सचिव

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2008 के मुंबई आतंकी हमले में संलिप्तता के आरोपी तहव्वुर राणा के जल्द प्रत्यर्पण को लेकर भारत, अमेरिकी अधिकारियों के नियमित संपर्क में है। क्वात्रा का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका की एक संघीय अदालत ने पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसायी (शेष पेज 9)

# जल्लीकट्टू को मंजूरी देने वाले कानूनों की वैधता बरकरार

● सुप्रीम कोर्ट ने साथ ही महाराष्ट्र और कर्नाटक के बैलगाड़ी दौड़ और भैंसों की दौड़ से संबंधित खेल कंबाला को भी मंजूरी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को तमिलनाडु के उस संशोधन कानून की वैधता बरकरार रखी, जिनके तहत सांडों पर काबू पाने से जुड़े खेल जल्लीकट्टू को मंजूरी दी गई थी। अदालत के इस फैसले का तमिलनाडु के राजनीतिक दलों ने स्वागत किया वहीं पशु अधिकारों के लिए काम करने वाले कार्यकर्ताओं ने इस पर असंतोष जताया।

जल्लीकट्टू तमिलनाडु के ग्रामीण इलाकों में पोंगल के त्योहार के दौरान आयोजित किया जाने वाला एक पारंपरिक खेल है, जिसमें सांडों पर काबू पाना होता है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। मदुरै के अलंगनल्लूर, पलामेडु और अवनियापुरम में जल्लीकट्टू का आयोजन होता है। उच्चतम न्यायालय ने इसके साथ ही महाराष्ट्र और कर्नाटक के बैलगाड़ी दौड़ और भैंसों की दौड़ से संबंधित खेल कंबाला को भी मंजूरी दी। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 2018 में शीर्ष अदालत की दो-न्यायाधीशों की पीठ द्वारा संदर्भित पांच सवालों का निस्तारण करते हुए सर्वसम्मति से फैसला सुनाया।


इस पीठ में न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी, न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस, न्यायमूर्ति ऋषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार भी शामिल थे। संविधान पीठ ने कहा, तमिलनाडु संशोधन अधिनियम के संबंध में हमारा फैसला महाराष्ट्र और कर्नाटक के संशोधित अधिनियमों पर भी लागू होगा। हम तीनों संशोधन अधिनियमों को वैध कानून पाते हैं। पीठ ने जल्लीकट्टू, बैलगाड़ी दौड़ और कंबाला के आयोजन की अनुमति देने वाले तमिलनाडु, (शेष पेज 9)

# बिहार में जाति सर्वेक्षण को लेकर पटना हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगाने से इनकार

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण को लेकर पटना उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश पर रोक लगाने से बृहस्पतिवार को इनकार करते हुए कहा कि यह पड़ताल करनी होगी कि क्या राज्य सरकार सर्वेक्षण की आड़ में जनगणना कर रही थी। उच्च न्यायालय के अंतरिम आदेश पर शीर्ष न्यायालय के स्थगन आदेश जारी करने से इनकार के बाद राज्य में जाति आधारित सर्वेक्षण पर रोक बनी रहेगी। बिहार में जाति आधारित सर्वेक्षण का पहला दौर सात से 21 जनवरी के बीच किया गया था। दूसरा दौर, 15 अप्रैल को शुरू हुआ था और यह 15 मई तक जारी रहने वाला था। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति राजेश बिंदल की पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय ने प्रथमदृष्टया प्राप्त निष्कर्षों को दर्ज किया है, और हमें यह तय करना होगा कि यह केवल एक सर्वेक्षण है, या जनगणना। न्यायमूर्ति बिंदल ने सुनवाई के (शेष पेज 9)

# पश्चिम बंगाल में द केरल स्टोरी के प्रदर्शन से हटा प्रतिबंध




● सुप्रीम कोर्ट ने दिया आदेश, तृणमूल बोली-कोई मुद्दा उठा तो हमें दोष न दे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में फिल्म द केरल स्टोरी के प्रदर्शन पर लगे प्रतिबंध को बृहस्पतिवार को सुनवाई के दौरान हटाने का आदेश दिया। वहीं प्रदेश में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि फिल्म के प्रदर्शन के कारण यदि कोई मुद्दा उठता है तो विपक्ष को सत्तारूढ़ दल पर दोष नहीं मढ़ना चाहिए। वहीं तृणमूल ने दोहराया कि प्रदेश में फिल्म के प्रदर्शन पर रोक समुदायों के बीच तनाव की आशंका के देखते हुए लगाई गई थी। न्यायालय ने तमिलनाडु से फिल्म देखने जाने वालों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा है। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने द केरल स्टोरी के निर्माता से 20 मई को शाम पांच बजे (शेष पेज 9)

## क्विक न्यूज

### ज्ञानवापी मस्जिद में शिवलिंग के वैज्ञानिक सर्वे के आदेश के विरुद्ध अर्जी पर होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती देनी वाली मुस्लिम पक्ष की याचिका पर सुनवाई करने के लिए उच्चतम न्यायालय बृहस्पतिवार को सहमत हो गया, जिसमें वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में कथित तौर पर मिले शिवलिंग के प्राचीन होने का पता लगाने के लिए कार्बन डेटिंग सहित वैज्ञानिक जांच कराने का आदेश दिया गया था।

### सुप्रीम कोर्ट में दो नए न्यायाधीश नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रशांत कुमार मिश्रा को उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया। राष्ट्रपति ने वरिष्ठ अधिवक्ता के वेंकटरमण विश्वनाथन को भी उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त किया। नए विधि मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने ट्विटर पर दोनों नियुक्तियों की घोषणा की।

# ग्रेनो के शिव नादर विवि में छात्रा की हत्या कर सहपाठी ने दी जान

● घटना से पहले दोनों बात की और गले मिले, इसके बाद छात्र ने छात्रा को मारी गोली और हॉस्टल में जाकर खुदकुशी कर ली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा के शिव नादर यूनिवर्सिटी में छात्र ने छात्रा की गोली मारकर हत्या कर दी। छात्रा की हत्या करने के बाद उसने खुद को भी गोली मारकर सुसाइड कर ली। दोनों बीए सोशलॉजी थर्ड ईयर में थे। बृहस्पतिवार दोपहर अनुज और उसकी सहपाठी नेहा ने डाइनिंग हॉल के सामने कुछ समय बात की और गले मिले। इसके बाद अनुज ने पिस्टल से लड़की को गोली मार दी। छात्रा कानपुर की रहने वाली थी, जबकि छात्र अमरोहा का था। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग का मामला बताया जा रहा है। बाद में अनुज ने बॉयज हॉस्टल के रूम नंबर 328 में जाकर अपनी कनपटी पर गोली मार ली। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के परिजन को सूचना दी। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने बताया कि गर्मी की छुट्टियां चल रही हैं। ज्यादातर स्टूडेंट अपने घर जा चुके हैं। इन लोगों को भी आज ही घर जाना था। अनुज और मृतक छात्रा (शेष पेज 9)


घटना स्थल पर जांच करते फारेंसिक विशेषज्ञ

# सरकार ने विरासत संरक्षण को दी प्राथमिकता: मोदी

● अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो 2023 का किया उद्घाटन, आजादी के बाद इस दिशा में पर्याप्त प्रयास न किए जाने पर जताया दुख

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार ने देश की ऐतिहासिक वस्तुओं व विरासत के संरक्षण को प्राथमिकता दी है। उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि आजादी के बाद इस दिशा में पर्याप्त प्रयास नहीं किए गए।

प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो 2023 का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, प्राचीन भारतीय कलाकृतियों की तस्करी और विनियोग का मुद्दा भी उठाया और कहा कि दुनिया में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा के बीच विभिन्न देशों ने अब भारत से संबंधित विरासत कलाकृतियों को लौटाना शुरू कर दिया है। मोदी ने वाराणसी से चुराई गई मां अन्नपूर्णा की प्रतिमा, गुजरात से महिषासुर मर्दिनी की प्रतिमा, चोल साम्राज्य के दौरान बनी नटराज की मूर्तियां और गुरु हरगोबिंद सिंह जी के नाम से सजी तलवार का उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के पहले और आजादी के बाद भी हमारे देश से अनेकों कलाकृतियां अनैतिक तरीके से बाहर ले जाई गई हैं। हमें इस तरह के अपराध को रोकने के लिए मिलकर काम करना होगा। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि आज दुनियाभर में भारत की बढ़ती साख के बीच, अब विभिन्न देश, भारत को उसकी धरोहरें लौटाने लगे हैं।

मोदी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में करीब 240 प्राचीन कलाकृतियों को भारत वापस लाया गया है जबकि इसके पहले कई दशकों तक यह संख्या 20 भी नहीं पहुंची थी। उन्होंने कहा कि पिछले नौ वर्षों में भारत से सांस्कृतिक कलाकृतियों की तस्करी भी काफी कम हुई है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर लोगों से ऐतिहासिक वस्तुओं के संरक्षण की अपील की और इसकी शुरुआत अपने घर से करने को कहा। मोदी ने (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रगति मैदान में इंटरनेशनल म्युजियम एक्सपो 2023 का उद्घाटन करने के बाद निरीक्षण करते हुए।

# प्राधिकरण से मुआवजा ले चुके 2500 किसानों को झटका

## 2006 के नियम तहत 5 प्रतिशत विकसित भूमि नहीं मिलेगी, फैसले से अन्नदाताओं में नाराजगी

● अब अगर किसान 10 प्रतिशत पैसा वापस करेगा तो भी उसे कोई फायदा नहीं होगा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




नोएडा प्राधिकरण ने 29 मई 2006 के एक आदेश को निरस्त कर दिया है। इससे करीब 2500 से ज्यादा किसानों को झटका लगा है। नए आदेश के तहत जमीन देने के बदले पूरी मुआवजा राशि ले चुके किसानों को अब 5 प्रतिशत के प्लाट नहीं मिलेंगे।

2006 के आदेश के तहत किसान कुल मुआवजा राशि में से 10 प्रतिशत प्राधिकरण में वापस जमा करके 5 प्रतिशत प्लाट पाने के हकदार बन जाते थे। अब अगर किसान 10 प्रतिशत पैसा वापस करेगा तो भी उसे कोई फायदा नहीं होगा। इस फैसले के बाद से किसानों में आक्रोश है। दरअसल किसानों की हमेशा से मांग रही है कि अधिग्रहण के बदले उनको 5 प्रतिशत प्रतिशत विकसित भूमि दी जाए। इसी मांग को लेकर किसान प्राधिकरण पर धरना देते है। किसानों को 5 प्रतिशत भूमि दी जाती रही है। आदेश को निरस्त करने की बड़ी वजह जमीन की कमी होना बताया गया। किसान आज तक भूखंड और मुआवजा पाने के लिए प्राधिकरण और न्यायालय के चक्कर काट रहे हैं।

एक अप्रैल 1997 के बाद जिन किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था, उनके लिए पांच 5 प्रतिशत प्लाट देने की योजना लाई गई थी। इसमें भी यह शामिल है कि अगर प्राधिकरण की किसी आवासीय योजना में किसान को भूखंड आवंटित हो गया है तो वह 5 प्रतिशत भूखंड का हकदार नहीं होगा।

दरअसल इनवेस्टर्स समिट के दौरान नोएडा प्राधिकरण ने 60 हजार करोड़ रुपए से अधिक का प्रस्ताव दिया था। अक्टूबर में होने वाली ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में करीब 40 हजार करोड़ का ग्राउंड तैयार करने की बात नोएडा प्राधिकरण कर रही है। लेकिन अब तक जमीनों का आवंटन नहीं किया जा सका है।

### 209वीं बोर्ड में 500 करोड़ का बजट सिर्फ अधिग्रहण के लिए रिजर्व किया

**प्राधिकरण ने 209वीं बोर्ड में 500 करोड़ रुपए का बजट सिर्फ अधिग्रहण के लिए रिजर्व किया है। लेकिन प्राधिकरण अधिकारी सेक्टर-161 से 166 तक बसाने के लिए किसानों से जमीन अधिगृहीत नहीं कर पा रहे हैं। अप्रैल 2006 से पहले यह व्यवस्था थी कि किसान को अपर जिलाधिकारी कार्यालय से 10 प्रतिशत राशि काटकर 90 प्रतिशत मुआवजा राशि दे दी जाती थी। लेकिन, वर्ष 2005-06 के आसपास ही कई मामलों में अपर जिलाधिकारी कार्यालय से पूरी मुआवजा राशि का भुगतान किसान को कर दिया गया। ऐसे मामलों को देखते हुए 29 मई 2006 को हुई बोर्ड बैठक में निर्णय लिया गया कि ऐसे किसान, जो भूखंड पात्रता की श्रेणी में आते हैं तथा पांच प्रतिशत का भूखंड चाहते हैं, वे लोग कुल प्राप्त मुआवजा राशि में से 10 प्रतिशत पैसा प्राधिकरण में जमा कर सकते हैं। ये आदेश तत्कालीन सीईओ ने दिया था। इस नए आदेश के से पहले जिन किसानों ने 5 प्रशित प्लाट के लिए कुल मुआवजे का 10 प्रतिशत जमा कर रखा गया है। उन किसानों को प्लाट दिया जाए या नहीं इस पर विचार किया जा रहा है। हालांकि हाल ही में 40 से 50 किसानों के प्लाट अलग-अलग स्थानों पर लगाए गए है।**

# जेल से जमानत पर बाहर आए 135 संदिग्धों पर पुलिस की छापेमारी

● नोएडा पुलिस की 22 टीमों लगाई गई



पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

नोएडा जमानत पर जेल से छटे अपराधियों और हिस्ट्रीशीटर की जानकारी जुटाते हुए 135 संदिग्धों को राउंड अप किया गया। ये सभी लूट, चोरी और चैन स्नेचिंग से जुड़े बदमाश है जिनको समय पर समय जमानत मिली और अब ये बाहर है। बाहर आकर ये क्या कर है इसके लिए नोएडा पुलिस ने एक विशेष अभियान चलाया।

अभियान में डीसीपी नोएडा जोन के हरीश चंदर के नेतृत्व में एडीसीपी शक्ति अवस्थी व नोएडा जोन के सभी एसीपी को मिलाकर 22 टीम बनाई गई। इन टीमों ने नोएडा के अलग-अलग एरिया में छापेमारी करके 135 संदिग्धों को राउंड अप किया। सभी से उनके व्यवसाय उनके परिवार और बारे में जानकारी ली गई। साथ ही कई मामलों में जानकारी जुटाकर डोजियर तैयार किया जा रहा है।

दरअसल नोएडा में हाल ही में कई मामलों में ऐसे आरोपी पकड़े गए जो जमानत पर जेल से छूट कर आए और दोबारा से अपराध करने लगे। इसलिए बुधवार रात से अब तक लगातार छापेमारी की जा रही है। ये अभियान अलग.अलग जोन में चलाया जा रहा है। पुलिस ने बताया कि इन लोगों से पूछताछ के जरिए कई और जानकारी भी मिली है।

# गौतमबुद्ध नगर में करंट से लाइनमैन की मौत

● परिजनों ने शव सड़क पर रखकर किया हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में बिजली की लाइन ठीक करने के लिए ट्रांसफार्मर पर चढ़ा लाइनमैन बिजली की चपेट में आकर झुलस गया और वह नीचे गिर गया।

घायल अवस्था में उसको आनन-फानन में नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां से उसे दूसरे अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। आज अस्पताल में इलाज के दौरान लाइनमैन की मौत हो गई। दादरी थाना प्रभारी सुजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि थाना दादरी क्षेत्र के अंतर्गत भोगपुर का रहने वाला लाइन मैन विशाल कुमार 22 मंगलवार को चक्रपुर गड़रिया गली के पास ट्रांफॉर्मर पर चढ़कर बिजली की लाइन ठीक कर रहा था। जब वह ट्रांसफॉर्मर पर ऊपर चढ़ा हुआ था तभी अचानक बिजली आ गई और उसको करंट लग गया।

करंट लग जाने के कारण विशाल नीचे गिर गया, जिससे उसके सिर में चोट लग गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल अवस्था में उसको तत्काल यथार्थ हॉस्पिटल में भर्ती कराया, जहां से उसको ट्रांसफर होकर प्रकाश हॉस्पिटल में ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान रात्रि में विशाल की मौत हो गई। पुलिस ने सूचना के बाद मृतक के शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके शव को अंतिम संस्कार के परिवारजनों को सुपुर्द कर गया।

लेकिन गुस्साए परिजनों ने अभी तक उसका दाह संस्कार नहीं किया है। उन लोगों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया और कहा कि बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से ही विशाल की मौत हुई है। विशाल के गांव में ही उसके शव को रखा हुआ है सूचना के बाद पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। पुलिस के आला अधिकारियों के द्वारा परिजनों को समझाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस द्वारा इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## गाजियाबाद-नई दिल्ली रेल लाइन पर होगा काम

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद-नई दिल्ली के बीच आनंद विहार टर्मिनस और तिलक ब्रिज के बीच लाइन नंबर तीन व चार पर इंजीनियरिंग कार्य होगा। उत्तर रेलवे ने तीन दिन के लिए पॉवर ब्लॉक लिया है।

इसके चलते 19, 21 व 23 मई को लखनऊ जंक्शन से आनंद विहार और आनंद विहार से लखनऊ जंक्शन जाने वाली ट्रेन नंबर 12583/12584 निरस्त रहेंगी। 23 मई को रक्सौल से आनंद विहार जाने वाली और 24 मई को आनंद विहार से रक्सौल आने वाली एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 21 मई को मऊ से आनंद विहार तक जाने वाली ट्रेन नंबर.15025 को गाजियाबाद के साहिबाबाद स्टेशन पर एक घंटे के लिए रोका जाएगा।

# जमीन अधिग्रहण की धीमी गति पर सीईओ नाराज

● भूखंड देने के लिए 530 पात्रों की सूची पर आपत्ति मांगी गई थी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने भूलेख विभाग की भी समीक्षा की। सीईओ ने कहा कि आबादी भूखंडों के लिए चिह्नित 530 पात्र किसानों की सूची पर आपत्तियों का सक्षम कमेटी से शीघ्र निस्तारण करें, ताकि उसे अगली बोर्ड बैठक में रखा जा सके।

बोर्ड की अनुमति प्राप्त कर इन किसानों को शीघ्र 6 फीसदी आबादी भूखंड दिया जा सके। दरअसल, किसानों को आवासीय भूखंड देने के लिए पात्र 530 किसानों की सूची पर आपत्ति मांगी गई थी।

सीईओ ने इसकी समीक्षा करते हुए कहा कि अगर कोई आपत्ति आई है तो सक्षम कमेटी से उसका शीघ्र निस्तारण कराएं। उसे अगली बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। बोर्ड की अनुमति से किसानों को आबादी भूखंड दिए जाएंगे। रितु माहेश्वरी ने लीज बैक के 1451 प्रकरणों को भी शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए हैं। अब तक 188 प्रकरणों को निपटाया गया है। सीईओ ने किसानों को 6 फीसदी आवासीय भूखंडों की प्रगति की भी समीक्षा की।

भूलेख विभाग की तरफ से बताया गया कि पूर्व में कुल 19210 किसानों की पात्रता तय की गई थी, जिसमें से नियोजन विभाग द्वारा 18008 से अधिक भूखंडों को नियोजित कर दिया गया है। 6 फीसदी आबादी भूखंड विभाग द्वारा 17080 से अधिक भूखंडों को आवंटित कर दिया गया है। परियोजना विभाग की तरफसे 13149 लीज प्लान जारी किए गए हैं, जिसमें से 13047 चेक लिस्ट जारी हुई है और 6933 किसानों ने लीज डीड कराई है। सीईओ ने निर्देश दिए कि जिन किसानों की चेक लिस्ट जारी हो गई है, उनकी लीज डीड शीघ्र कराएं।

विगत बोर्ड बैठक में मुआवजे की दर बढ़ाने के बावजूद जमीन खरीदने की धीमी गति पर संबंधित अधिकारियों को कड़ी फ टकार लगाई। 8 नए औद्योगिक सेक्टरों के लिए किसानों से जमीन शीघ्र प्राप्त करने की दरकार है।

इसी तरह बहुप्रतीक्षित परियोजना डीएमआईसी के लिए 27 हेक्टेयर जमीन और खरीद ली गई है। प्राधिकरण ने इस पर कब्जा भी प्राप्त कर लिया है। सीईओ ने शेष जमीन पर भी शीघ्र कब्जा प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त समाचार



यशोदा कॉस्मेटिक बुटीक का उद्घाटन करतीं डॉ. ब्लॉसम कोचर।

### यशोदा कॉस्मेटिक बुटीक का उद्घाटन

**गाजियाबाद।** यशोदा कॉस्मेटिक बुटीक का उद्घाटन डॉ ब्लॉसम कोचर द्वारा किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप विशेष रूप से मौजूद थे। यशोदा हॉस्पिटल, कौशांबी के एमडी डॉ पी एन अरोड़ा ने प्रदेश मंत्री नरेंद्र कश्यप का स्वागत किया और डॉ उपासना अरोड़ा ने डॉ ब्लासम् कोचर का उद्घाटन समारोह में हॉस्पिटल पहुँचने पर उनका फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ उपासना अरोड़ा ने बताया कि यशोदा कॉस्मेटिक् बुटीक पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक अग्रणी कौस्मेटिक् सेंटर होगा जहाँ ऐसे लोग जिनका रूप सौंदर्य विभिन्न बीमारियों की वजह से खराब हो जाता है या जिन्हें अपनी प्रोफेशनल आवश्यकताओं की वजह से अपने रूप सौंदर्य को और लुभावना बनाने की जरूरत होती है, इस सेंटर में उन लोगोँ की सभी आवश्यकताये पूरी होंगी।

### किसान एकता संघ ने गांवों में किया जनसंपर्क

**नोएडा।** किसान एकता संघ के कार्यकर्ताओं ने दनकौर कोतवाली के अन्तर्गत आने वाले गांव डेरीन खुबन, अटटा फतेहपुर, मुजखेडा आदि गांवों में विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष उम्मेद एडवोकेट के नेतृत्व में 28 मई की पदयात्रा को सफल बनाने के लिए किसानों से जनसंपर्क किया। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष अरविंद सैकेटरी ने कहा किसान एकता संघ जेवर से जिलाधिकारी कार्यालय तक किसानों की विभिन्न मांगों 64.7 फ ीसदी अतिरिक प्रतिकर, 10 फीसदी विकसित भूखण्ड, आबादी निस्तारण शिफ्टिंग प्लाटों पर लगी पेनल्टी, युवाओं को रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा व आदि मांगों को लेकर 28 मई से पदयात्रा कर रहा है। पदयात्रा का समापन 31 मई को किया जाएगा। पदयात्रा जेवर से चलकर रबुपूरा, दनकौर, खेरली नहर, परी चौक होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुँचेगी। इस मौके पर उमरु प्रधान, मास्टर इंद्रपाल, पपे नागर, उम्मेद एडवोकेट, विक्रम नागर, जीतन नागर, आशु अटटा, अरविंद सैकेटरी, अकरम चौधरी, सरवर खान, शाहरुख खान, अब्दुल सलाम सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

### धागा बनाने की फैक्ट्री में लगी आग

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में औद्योगिक क्षेत्र स्थित धागा बनाने की फैक्ट्री में बुधवार रात को आग लग गई। आग लगने के कारण लाखों रुपये की कीमत का धागा जलकर राख हो गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। दमकल की पांच गाड़ियो ने चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस दौरान निवाड़ी थाना प्रभारी व भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। विधायक ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। गोविन्दपुरी कॉलोनी निवासी सुरेन्द्र सिंह की सिखैड़ा मार्ग स्थित औद्योगिक क्षेत्र में काटन का धागा बनाने की फैक्ट्री है। फैक्ट्री में दर्जनों मजूदर काम करते हैं। बुधवार शाम को फैक्ट्री परिसर में पांच छह मजदूर काम कर रहे थे। चार बजे के आसपास अचानक फैक्ट्री में धुआं निकलना शुरू हुआ। फैक्ट्री से गुजर रहे लोगों ने अंदर जाकर इसकी सूचना दी। आग लगते देखकर फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर बाहर की ओर भागे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आग की ऊंची ऊंची लपटें उठने लगीं। मजदूरों ने इसकी सूचना निवाड़ी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही निवाड़ी थाना प्रभारी सुरेन्द्र सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और वहां पर मौजूद लोगों को हटाया। पुलिस की सूचना पर पहले मोदीनगर से एक गाड़ी पहुंची, लेकिन आग पर काबू नहीं कर सकी।

# कच्छा-बनियान गैंग 30 लाख के जेवरात ले गए

● आहट न हो इसलिए नंगे पैर आए

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद में कच्छा-बनियान गैंग ने फैक्ट्री संचालक के घर में घुस गए। दीवार फांदकर अंदर आए 5 चोरों ने ग्रिल उखाड़ दी। जिस कमरे में परिवार के सदस्य सो रहे थे, उसमें बाहर से कुंडी लगाकर बंद कर दी। इसके बाद 30 लाख के जेवरात चुरा ले गए।

घटना मंगलवार देर रात सिहानी गेट इलाके की है। वीडियो गुरुवार को सामने आया है। कैमरों में दिख रहा है कि घर में घुसे चोर नंगे पैर थे। चप्पल.जूते नहीं पहने थे, ताकि आहट न हो। सभी की कमर पर पिट्ठू बैग टंगा हुआ था। पहचान न हो इसलिए चेहरे पर कपड़ा लपेटे थे।

नीचे के हिस्से में सिर्फ कच्छा पहने हुए थे। सिहानी गेट थाना क्षेत्र के नेहरूनगर द्वितीय में अभिनव अग्रवाल परिवार के साथ रहते हैं। उनकी गाजियाबाद में कारपेट बनाने की फैक्ट्री है। मंगलवार रात घर में अभिनव, पत्नी, बेटा और पिता सहित कमरे में सो रहे थे। रात में डेढ़ बजे कच्छा.बनियान पहने पांच बदमाश घुस आए। घुसते ही उन्होंने कैमरों के तार काट दिए। फिर उन दो कमरे को बंद किया, जिसमें फैमिली मेंबर सो रहे थे। इसके बाद तीसरे कमरे की ग्रिल उखाड़ी। अंदर घुसकर दरवाजा खोला। उस कमरे से अलमारी बाहर निकाल लाए। अलमारी तोड़कर उसमें से जेवरात चुरा लिए। इसी कमरे में अन्य सामान रखा थाए वो भी चुरा लिया। आसपास की फुटेज के अनुसार, बदमाश करीब 2 घंटे तक इस घर में तसल्ली से चोरी करने के बाद भाग निकले। बुधवार सुबह परिजनों को चोरी का पता चला। अभिनव अग्रवाल के अनुसार, करीब 30 लाख रुपए का सामान चोरी हुआ है। इसके बाद परिजनों ने थाना सिहानी गेट में थ्स् दर्ज कराई है। रवि कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित परिवार की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना किया है।

# अपहरण के बाद युवक की हत्या

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव फजलगढ़ में रहने वाले राहुल नामक युवक का अपहरण करने के बाद उसे मौत के घाट उतार दिया गया। उसका शव भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव भदौला के रजवाहे में मिला था।

इस संदर्भ में एसीपी मोदीनगर रितेश तित्रपाठी का कहना है कि पुलिस ने मृतक राहुल के परिजनों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करके जहां कई ऐंगल पर जांच शुरू कर दी है, वहीं इस वारदात का खुलासा आज.कल में कर दिया जायेगा। श्री त्रिपाठी ने बताया कि कल भदौला की ओर से ईशापुर जाने वाले रजवाहे में एक तीस वर्षीय युवक की लाश मिली थी।

पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवाकर उसकी शिनाख्त व मौत की गुत्थी सुलझाने के प्रयास शुरू कर दिये थे। परिजनों ने कपड़ों व सामान के आधार पर राहुल के रूप में उसकी पहचान की थी। साथ ही परिजनों ने पुलिस को यह भी बताया था कि राहुल की हत्या करके उसके शव को बंबे में फेंका गया। त्रिपाठी ने बताया कि राहुल की मौत किन परिस्थितियों में हुई और अगर उसकी हत्या हुई तो किसने और क्यों की।

## मोदीनगर में युवक की गला दबाकर हत्या

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव भदौला के रजवाहे में एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया।

हत्या कर शव को फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए हैं।

भोजपुर पुलिस को गुरुवार सुबह दस बजे के आसपास सूचना मिली कि गांव भदौला में ईसापुर की ओर जाने वाले मार्ग पर रजवाहे में एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर युवक की मौत, दूसरा घायल

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर गाजियाबाद के मुरादनगर इलाके में तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा गंभीर घायल हो गया।

एडिशनल डीसीपी ट्रैफिक रामानंद कुशवाहा ने बताया, बुधवार रात करीब एक बजे ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस.वे पर बागपत से गाजियाबाद आते वक्त दुहाई के नजदीक बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। तुरंत मुरादनगर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। वहां बाइक सवार दो व्यक्ति गंभीर घायल अवस्था में पड़े थे। उन्हें तुरंत गाजियाबाद में संजयनगर के संयुक्त जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां 42 वर्षीय राजाराम निवासी जेजे कॉलोनी बवाना दिल्ली की मृत्यु हो गई। हालत गंभीर होने के कारण दूसरे घायल महेश को हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया है। एडीसीपी ने बताया, बाइक सवार युवकों ने हेलमेट नहीं पहने हुए थे। वे नशे की हालत में थे और रफ्तार भी ज्यादा थी।



डीसीपी द्वारा एडीसीपी व सेन्ट्रल जोन के समस्त एसीपी/थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा गोष्ठी की गई, जिसमें खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2023 व शासन द्वारा चलाये जा रहे समस्त अभियानों के सम्बन्ध में, वांछित अभियुक्त, गैंगस्टर एक्ट आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर समीक्षा की गई।

# अनिल दुजाना गैंग के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई

● शहजाद मामा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धारा लगाने की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा




गौतम बुद्ध नगर के पश्चिमी यूपी के कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना के एनकाउंटर में मौत के बाद पुलिस ने उसके गिरोह के सदस्यों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

बिसरख पुलिस ने अनिल दुजाना गैंग के सदस्य शहजाद मामा के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की धाराओं में कार्रवाई किया। जिसमें एक कार और एक बाइक को सीज किया है। पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। उत्तर प्रदेश के कुख्यात अनिल दुजाना गैंगस्टर को बीते 4 मई को यूपी एसटीएफ ने मेरठ में एनकाउंटर के दौरान मार गिराया।

जिसके बाद पुलिस ने उसके गिरोह के अन्य सदस्यों की कुंडली खंगालने शुरू की। उन पर शिकंजा कसने के लिए उनके द्वारा अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति के अधिग्रहण करने की कार्रवाई शुरू की। बिसरख पुलिस ने विशेष न्यायालय पुलिस आयुक्त गौतम बुध नगर के द्वारा धारा 14/1 गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए शहजाद मामा की आई-20 कार व पल्सर बाइक का अधिग्रहण किया। बिसरख पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बादलपुर थाने में दर्ज मुकदमे की विवेचना बिसरख प्रभारी के द्वारा की जा रही है। 17 मई 2023 को उपरोक्त के संबंध में अनिल दुजाना गैंग के सदस्य बुलंदशहर के अगौता थाने के जमालपुर निवासी शहजाद मामा की एक कार व एक बाइक की सूचना प्राप्त हुई। जिनको विशेष न्यायालय पुलिस आयुक्त गौतम बुध नगर के द्वारा धारा 14/1 गैंगस्टर एक्ट के अंतर्गत आई-20 कार व पल्सर बाइक को बुलंदशहर स्थित जमालपुर गांव से सीज किया गया है। गौतम बुद्ध नगर पुलिस ने कुख्यात बदमाश अनिल दुजाना और उसके गिरोह के सदस्यों की साढ़े तीन करोड़ से ज्यादा की संपत्ति को अब तक कुर्क कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आगे भी कुख्यात बदमाश के गिरोह के सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

# हड़ताली वकीलों का निवाड़ी प्रकरण के विरोध में प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

निवाड़ी पुलिस द्वारा पवन त्यागी नामक अधिवक्ता के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उन्हें जेल भेजे जाने के मामले में वकीलों का आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा है।

अधिवक्तागण कितने नाराज हैं इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि कई दिनों से वे हड़ताल पर हैं, वहीं कमिश्नरेट पुलिस की कार्यप्रणाली को बदलवाने के लिये पूरी तरह से आमादा वकील किसी भी हद तक जाने को तैयार दिखाई दे रहे हैं। यह कहना है बार एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेंद्र कौशिक व सचिव नितिन यादव का। कौशिक ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस सिस्टम की लचर कार्य प्रणाली को सुधरवाने के लिये वकीलों ने कई दिन से हड़ताल कर रखी है। अधिवक्ताओं ने हापुड़ रोड पर घंटों तक विरोध प्रदर्शन भी किया था। श्री कौशिक ने बताया कि इस प्रकरण के विरोध में कल उनके आह्वान पर जनरल बॉडी की मीटिंग भी हुई थी। इस बैठक पर कमिश्नरेट पुलिस प्रणाली और अधिकारियों की मनमानी के विरोध में सर्वसहमति से निन्दा प्रस्ताव भी पास हुआ था। अधिवक्ताओं ने सीपी अजय कुमार मिश्रा से एसीपी को हटाने और एसओ निवाड़ी व एसआई सहित प्रताड़ित करने वाले पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करके उनके खिलाफवैधानिक कार्रवाई करने की मांग भी की।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 19 मई , 2023



# एमसीडी को पूरी तरह से भ्रष्टाचार मुक्त करेंगे : शैली

## संपत्ति कर विभाग के अधिकारी के खिलाफ मेयर ने दिए जांच के आदेश





● एमसीडी को करीब 4 करोड़ का नुकसान पहुंचाने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम में भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए बड़ा कदम उठाते हुए मेयर शैली ओबेरॉय ने संपत्ति कर चोरी के मामले में आरोपी वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। महापपौर कार्यालय को एक बहुत ही प्रभावशाली व्यक्ति की सेक्टर-9, राम कृष्ण पुरम की संपत्ति के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई।

अधिकारी के भ्रष्टाचार में कथित रूप से शामिल होने के आरोप लगे। आरोप है कि निगम के चीफ एसेसर एंड कलेक्टर कुणाल कश्यप ने हाउस टैक्स चोरी के मामले में प्रभावशाली व्यक्ति को कथित रूप से 4 करोड़ रुपये की अनुचित सहायता प्रदान की। इस मामले के बाद एमसीडी को हुए नुकसान पर भी संदेह पैदा हुआ है।

केवल एक मामले में 4 करोड़ रुपये की चोरी से चिंतित मेयर ने कहा कि इस तरह के अन्य मामलों के कारण भी एमसीडी को हजारों करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा होगा। पिछली सरकारों में अगर इन मामलों को ईमानदारी से निपटाया गया होता तो एमसीडी की आर्थिक स्थिति शायद बेहतर होगी।

अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई का आदेश देते हुए महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जीरो-टॉलरेंस नीति के अनुरूप एमसीडी में भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने और लोगों का फिर से विश्वास जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आप सरकार में एमसीडी में भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं है।

कुणाल कश्यप अब कथित रूप से टैक्स चोरी के मामले को हैंडल करने में जानबूझकर देरी करने के लिए जांच के दायरे में हैं, जो रिश्वतखोरी के आरोपों से जुड़े हैं। उनके खिलाफ और भी कई मामलों में आरोप और शिकायतें मिल चुकी हैं। शैली ने स्थिति की गंभीरता पर चिंता जताते हुए आयुक्त को पत्र लिख कर अधिकारी के खिलाफ त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। इसके माध्यम से उन्होंने एमसीडी की चुनौतीपूर्ण आर्थिक स्थिति पर भी चिंता जताई है। उन अधिकारियों के कार्यों की निंदा की जो एमसीडी के बजाय व्यक्तिगत लाभ को प्राथमिकता देते हैं। शैली ने कहा कि एमसीडी आर्थिक रूप से कमजोर है। उसके पास जन कल्याण के कामों को करने के लिए राशि नहीं है।

वहीं दूसरी ओर ऐसे अधिकारी घूस लेकर भारी मात्रा में हाउस टैक्स को छोड़ रहे हैं। मेयर ने पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कुणाल कश्यप के पद संभालने से लेकर अब तक उनके कार्य के सभी पहलुओं पर सतर्कता जांच का निर्देश दिया है। इस जांच का उद्देश्य उनके कार्यकाल के दौरान हुई किसी भी संभावित अनियमितताओं का पता करना है। मेयर ने कश्यप से सभी जिम्मेदारियों को वापस लेने और उनके स्थान पर बेदाग ईमानदारी अधिकारी को नियुक्त करने का निर्देश दिया है।

# स्कूल निर्माण में ढिलाई बरतने वाले इंजीनियरों को कारण बताओ नोटिस

● निरीक्षण के दौरान पाई खामियों को 10 दिन के अन्दर दूर नहीं किया तो एजेंसी भी कार्रवाई के लिए रहे तैयार : आतिशी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

स्कूल निर्माण में देरी पर करने वाले लोक निर्माण विभाग के इंजीनियरों को दिल्ली सरकार ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी बृहस्पतिवार को रोहिणी सेक्टर-6 स्थित दिल्ली सरकार के स्कूल में बन रहे नए भवन का निरीक्षण किया गया।

यहाँ निर्माण कार्य में देरी और लापरवाही पाने पर अधिकारियों पर भड़क गई। उन्होंने तुरंत कार्रवाई करते हुए विभाग को एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, जूनियर इंजीनियर व असिस्टेंट इंजीनियर को कारण बातों नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। साथ ही चेतावनी दी कि 3 दिनों के भीतर इंजीनियरों ने संतोषप्रद जबाव नहीं दिया जाता है तो उनके खिलाफ विभागीय कारवाई की जाएगी। आतिशी ने पाया कि यहाँ बन रहे नए भवन का निर्माण कार्य तय समय से काफी पीछे चल रहा है। टॉयलेट ब्लाक में टाइलिंग, सैनिटरी फिटिंग समेत अन्य फिनिशिंग वर्क अबतक पूरा नहीं हुआ है। नए ब्लाक के क्लासरूम में बिजली से संबंधित काम भी अब तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने पाया कि एक ओर काम तय समय से पीछे चल रहा है तो दूसरी ओर यहाँ श्रमिकों की संख्या भी बेहद कम है। साथ ही निरीक्षण के दौरान यह भी देखा कि कुछ कमरों में फ्लोरिंग ठीक से नहीं की गई। कुछ पत्थरों में दरारें आ गई हैं। दीवारों पर रँग के छींटे इधर-उधर पड़े हैं। सफाई का काम भी अधूरा है। पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने इंजीनियरों की फटकार लगाई और उच्चाधिकारियों को निर्देश दिए कि काम में लापरवाही और ढिलाई बरतने वाले सभी लोगों पर सख्त कारवाई की जाए। इस पर संज्ञान लेते हुए विभाग ने एग्जीक्यूटिव इंजिनियर, सिविल व इलेक्ट्रिकल को कारण बातों नोटिस भेजते हुए जबाव माँगा गया है।

# महिलाओं को देख बस भगाने वाला निलंबित

● जो चालक महिला सवारियों के लिए बस नही रोक्ते है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी: केजरीवाल



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

महिलाओं को देख बस भगाने वाले चालक को दिल्ली सरकार ने निलंबित कर दिया है। आरोप है कि चालक ने एक बस स्टॉप पर महिलाओं के लिए गाड़ी नहीं रोकी थी। घटना का वीडियो वायरल होने पर यह कार्रवाई की गई है।

वीडियो में दिख रहा है कि बस एक सवारी को उतारने के लिए बस स्टॉप पर रुकती है तो तीन महिलाएं गाड़ी में सवार होने के लिए उसकी ओर बढ़ती हैं लेकिन चालक बस आगे बढ़ा देता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मामले का खुद ही संज्ञान में लिया और महिला यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए बड़ा कदम उठाया है।

दिल्ली सरकार के एक अधिकारी ने कहा कि बस चालक की पहचान कर ली गई है और उसे निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि जो चालक महिला सवारियों के लिए बस नहीं रोकते हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। केजरीवाल ने कहा, ऐसी शिकायतें आ रही हैं कि कुछ चालक महिलाओं को देखकर बस नहीं रोकते क्योंकि महिलाओं का सफर फ्री है। इसे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सभी चालक भाइयों और बहनों से अपील है कि तय बस स्टैंड पर बस जरूर रोकें। मुख्यमंत्री का ट्वीट रीट्वीट करते हुए परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा, वह यात्रियों से अपील करता है कि वे यदि कहीं भी इस प्रकार की अनियमितता देखें तो तुरंत उसका वीडियो बना कर साझा करें। केजरीवाल ने अपने ट्विटर हैंडल से एक वीडियो साझा किया। ये वीडियो तिल ब्रिज के बस स्टॉप का बताया जा रहा है। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि धूप में बस स्टॉप पर महिलाएं बस का इंतजार कर रही हैं। जैसे ही डीटीसी की बस वहां पहुंचती है वह सिर्फ यात्री को उतारती है और अन्य यात्रियों को चढ़ाने के लिए नहीं रुकती है।

# सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

● जैन के वकील ने दलील दी कि पूर्व मंत्री का वजन 35 किलो घट गया है, वह कंकाल जैसे दिखाई देने लगे है




**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को आम आदमी पार्टी के नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के धन शोधन मामले में जमानत याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस एएस बोपन्ना और हिमा कोहली की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा।

पीठ ने ईडी को नोटिस जारी करते हुए जैन को राहत के लिए शीर्ष अदालत की अवकाशकालीन पीठ में जाने की छूट दे दी।सत्येंद्र जैन की तरफ से पेश वकील अभिषेक सिंघवी ने दलील दी कि पूर्व मंत्री का वजन 35 किलोग्राम घट गया है, वह कंकाल जैसे दिखाई देने लगे हैं और वह कई तरह की बीमारियों से पीड़ित हैं। वहीं, ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने याचिका का विरोध किया। पीठ ने कोई विशिष्ट तारीख नहीं दी, लेकिन कहा कि जैन राहत के लिए शीर्ष अदालत की अवकाशकालीन पीठ से संपर्क कर सकते हैं। उच्च न्यायालय ने धन शोधन मामले में जैन की जमानत याचिका छह अप्रैल को खारिज कर दी थी। अदालत ने गवाहों के इस दावे को संज्ञान में लिया था कि जैन कथित अपराध के मुख्य साजिशकर्ता और वित्त पोषक थे। न्यायालय ने कहा था कि वरिष्ठ नेता जैन एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं, जो सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने में सक्षम हैं। ईडी ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा भ्रष्टाचार निरोधक कानून के के आधार पर उन्हें धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था।

# कर्तव्य पथ पर जामुन तोड़ने के लिए लगेगी बोली



● सीपीडब्ल्यूडी ने नोटिस जारी कर पत्थर फेंकने पर लगाई रोक, बिक्री से सरकार को मिलेगा राजस्व

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया गेट स्थित कर्तव्य पथ पर 100 साल पुराने कुछ जामुन के पेड़ हैं। अब इन पेड़ों से फल तोड़ने के लिए बोली लगाई जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इस कदम से राजस्व की प्राप्ति होगी। लोग फल तोड़ने के लिए पत्थर नहीं फेंकेंगे, इससे यहां आने वाले पर्यटकों को चोट लगने का खतरा भी नहीं होगा।

केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने इस संबंध नोटिस जारी किया है। पीडब्ल्यूडी ने लोगों को ओपन ऑक्शन में बोली लगाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। नीलामी की शुरुआती कीमत 1.30 लाख रुपये रखी गई है। इसमें सफल बोली लगाने वाला 31 अगस्त तक फलों को इकट्ठा कर ले जाएगी

पीडब्ल्यूडी ने नीलामी के लिए जारी नोटिस में कहा कि पेड़ के तने को नुकसान पहुंचाए बिना फल एकत्रित किए जाएंगे। रस्सी या झूले की मदद से फलों को इकट्ठा करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के तहत राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक 3 किलोमीटर लंबे सड़क का पुनर्विकास किया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 8 सितंबर 2022 को इसका उद्घाटन किया था। उन्होंने उसी दिन इसका नाम राजपथ से बदलकर कर्तव्य पथ करने का ऐलान किया था।

पीएम मोदी ने कहा कि कर्तव्य पथ केवल ईंट-पत्थरों का रास्ता भर नहीं है। ये भारत के लोकतांत्रिक अतीत और सर्वकालिक आदर्शों का जीवंत मार्ग है। यहां जब देश के लोग आएंगे, तो नेताजी की प्रतिमा, नेशनल वार मेमोरियल, ये सब उन्हें कितनी बड़ी प्रेरणा देंगे, उन्हें कर्तव्यबोध से ओत-प्रोत करेंगे।

## गांधी नगर में दर्जी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के गांधीनगर इलाके में एक दर्जी की गला काटकर कथित रूप से हत्या करने के आरोप में पुलिस ने 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि बुधवार की रात पुरानी सीमापुर में आरोपी रोहित ने ब्लेड से शिवनाथ (22) का गला काट दिया। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) रोहित मीणा ने बताया कि शिवनाथ (पेशे दर्जी) और रोहित बिहार के सीतामढ़ी जिले के एक ही गांव के रहने वाले हैं।

आरोपी एक लड़की के साथ प्रेम संबंध में है लेकिन लड़की का परिवार जाति के आधार पर इस शादी के लिए तैयार नहीं है।

# सेवा मंत्री की मंजूरी के बिना जारी नहीं होंगे कर्मचारियों को आदेश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली के सेवा मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बृहस्पतिवार को निर्देश दिया कि सेवा विभाग या मुख्य सचिव उनकी मंजूरी के बिना कर्मचारियों से संबंधित कोई भी आदेश पारित नहीं करेंगे।

यह निर्देश ऐसे समय में आया है, जब दिल्ली सरकार और नौकरशाहों में बढ़ती कलह के बीच आम आदमी पार्टी (आप) नीत सरकार ने भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1989 बैच के अधिकारी पीके गुप्ता को दिल्ली का नया मुख्य सचिव नियुक्त करने के लिए केंद्र की मंजूरी मांगी है। गुप्ता अभी दिल्ली सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत हैं। अधिकारियों के मुताबिक दिल्ली के वर्तमान मुख्य सचिव नरेश कुमार इस साल के अंत में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। भारद्वाज ने अपने हस्ताक्षर वाले एक आदेश में कहा, पूर्व के सभी आदेशों को दरकिनार करते हुए, यह निर्देश दिया जाता है कि कर्मचारियों की किसी भी श्रेणी के लिए कोई भी आदेश अधोहस्ताक्षरी के अनुमोदन के बिना मुख्य सचिव या सचिव (सेवा) या सेवा विभाग द्वारा पारित नहीं किया जाएगा।

# जामा मस्जिद इलाके में युवक की हत्या

● एक होटल में काम करता था पीड़ित समीर



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

जामा मस्जिद इलाके में बुधवार देर रात अज्ञात लोगों ने गोली मारकर एक युवक की हत्या कर दी। मृतक की पहचान समीर के रूप में हुई है। यह घटना या रब-चला दे होटल के पास हुई।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि पीड़ित समीर को पहले ही लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल ले जाया गया था जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया गया था।

पुलिस के अनुसार, बुधवार देर रात करीब 1.40 बजे जानकारी मिली थी कि जामा मस्जिद के नजदीक फायरिंग हुई है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि कुछ अज्ञात लोगों ने समीर पर फायरिंग की थी और गोली उनके सिर मेंलगी थी। हालांकि, फायरिंग की वजह का स्पष्ट कारण का पता नहीं चल सका है। पुलिस के मुताबिक, समीर चावड़ी बाजार के चितला गेट का रहने वाला था और वह या रब-चला दे होटल के मालिक का साला था।

उसके सिर पर गोली लगने के निशान पाए गए है। सीसीटीवी से आरोपियों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। घटना के बाद से मृतक की मां को रो-रोकर बुरा हाल है। मां का कहना है कि आरोपियों के जल्द गिरफ्तारी हो। इलाके में यह दूसरी गोलीबारी की घटना हुई है।

# भाजपा चलाएगी एक माह का जनसंपर्क अभियान

● प्रदेश कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक, मोदी सरकार के कार्यो को जनता तक ले जाएंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



दिल्ली भाजपा की प्रदेश कार्यकारिणी की एक दिवसीय बैठक बृहस्पतिवार को प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा की अध्यक्षता में भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय विस्तार परिसर में संपन्न हुई। सांसद सरोज पांडे ने बैठक में मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने पर 30 मई से 30 जून तक चलने वाले पार्टी के जनसंपर्क अभियान की जानकारी दी।

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी बैजयंत जय पांडा ने प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, प्रदेश सह-प्रभारी डॉ. अलका गुर्जर, नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी की उपस्थिति में ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्जवलित करके बैठक का उद्घाटन किया। कार्यकारिणी बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, केन्द्रीय राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हर्ष वर्धन, विजेन्द्र गुप्ता, सतीश उपाध्याय, मनोज तिवारी एवं आदेश गुप्ता, प्रदेश महामंत्री कुलजीत सिंह चहल, हर्ष मल्होत्रा, दिनेश प्रताप सिंह, सांसद रमेश बिधूड़ी, प्रवेश साहब सिंह, हंसराज हंस, गौतम गंभीर, जम्मू-कश्मीर के सह-प्रभारी आशीष सूद, प्रदेश कोषाध्यक्ष विष्णु मित्तल, कार्यकारिणी संयोजक अशोक गोयल, प्रदेश के अन्य पदाधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्य सम्मिलित हुये। बैठक में कार्यालय मंत्री हुकम सिंह ने गत कार्यकारिणी से आज तक के अंतराल में मृत पार्टी कार्यकर्ताओं के निमित्त शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम दिशा से आ रही हवा से धूल प्रदूषण : राय



**नई दिल्ली।** पश्चिम दिशा से आ रही धूल भरी हवाओं ने दिल्ली की वायु गुणवत्ता और पीएम-10 को बढ़ाने में मुख्य भूमिका निभाई। गत मंगलवार और बुधवार को दिल्ली और एनसीआर के कई इलाके धूल के समेट में आ गए थे और दृश्यता भी कम हो गई थी। साथ ही पीएम-10 की मात्रा में बढ़ोतरी आई थी। इसको देखते हुए सरकार ने सभी एजेंसियों को सीएंडडी साइट्स पर लगातार एंटी स्मोग गन चलाने और पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए गए हैं। इस मुद्दे पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता को लेकर समीक्षा बैठक की। इस बैठक में अधिकारियों ने बताया कि पश्चिम से चल रही धूल भरी हवाओं से दिल्ली की आबोहवा खराब हुई।

### जामिया कुलपति के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) की कुलपति के तौर पर नजमा अख्तर की नियुक्ति के खिलाफ दायर याचिका बृहस्पतिवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति राजीव शकधर और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने पांच मार्च, 2021 को दिए गए एकल न्यायाधीश के उस आदेश को चुनौती देने वाली अपील को खारिज कर दिया, जिसमें जामिया के कुलपति के रूप में अख्तर को नियुक्त करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी गई थी। यह याचिका जामिया में विधि संकाय के पूर्व छात्र एम. एहतेशाम-उल-हक द्वारा दायर की गई थी।

### अमन विहार में गाय के अवशेष मिले

**नई दिल्ली।** उत्तर पश्चिमी दिल्ली के अमन विहार इलाके में बृहस्पतिवार को एक गाय के अवशेष पाए जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। पुलिस ने सूचना के आधार पर इलाके की झाड़ियों से गाय के शरीर के कुछ हिस्से बरामद किए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अपराध शाखा की एक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और अवशेषों को पोस्टमार्टम के लिए पशु चिकित्सालय भेज दिया। इस मामले में भारतीय दंड संहिता की धारा 429 (मवेशियों को मारने या अपाहिज बनाने का कृत्य करना) समेत प्रासंगिक धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### तेज हवा के साथ हुई बारिश, मौसम हुआ सुहाना

**नई दिल्ली।** इस साल असामान्य बारिश होने के चलते कई बार मौसम में बदलाव देखने को मिला है। पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण बार-बार मौसम में बदलाव आ रहा है। राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में बुधवार देर हुई बारिश से लोगों को प्रदूषण और गर्मी से खासी राहत मिली है। दिल्ली की मानक वेधशाला सफदरजंग में गुरुवार दिन का अधिकतम राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में हुई बारिश सेलोगों को प्रदूषण सेगर्मी सेखासी राहत मिली है।

# द्वारका एक्सप्रेसवे पर सितंबर से दौड़ेंगे वाहन

## देश के पहले एलिवेटेड अर्बन एक्सप्रेसवे से दिल्ली-गुरुग्राम के बीच यातायात दबाव कम होगा : गडकरी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

देश के पहले एलिवेटेड अर्बन एक्सप्रेसवे (द्वारका एक्सप्रेसवे) पर अगले तीन से चार महीने में वाहन फर्राटा भरेंगे। इसके चालू हो जाने से दिल्ली-गुरुग्राम के बीच यातायात दबाव कम होगा।

एक्सप्रेसवे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 के पास दिल्ली के महिपालपुर में शिव मूर्ति के पास से शुरू होगा। फिर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ पर गुरुग्राम खेड़की-दौला गांव के पास बने टोल प्लाजा के पास खत्म होगा। एक्सप्रेसवे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-8 के पास दिल्ली के महिपालपुर में शिव मूर्ति के पास से शुरू होगा। फिर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या आठ पर गुरुग्राम खेड़की-दौला गांव के पास बने टोल प्लाजा के पास खत्म होगा। एक्सप्रेसवे पर टोल संग्रह का काम पूरी तरह से स्वचालित होगा और पूरी परियोजना दक्ष परिवहन प्रणाली (आईटीएस) से युक्त होगी। इस एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 29 किलोमीटर है। इसमें 18.9 किलोमीटर हरियाणा में जबकि शेष 10.1 किलोमीटर राष्ट्रीय राजधानी में है।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश के पहले एलिवेटेड हाईवे द्वारका एक्सप्रेसवे का निरीक्षण करने के लिए गुरुग्राम पहुंचें। यहां उन्होंने एलिवेटेड हाईवे एक्सप्रेसवे का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि एक्सप्रेसवे का काम चार पैकेज में पूरा होगा। उम्मीद है कि अगले तीन से चार महीनों में पूरा हो जाएगा। यहां टोल संग्रह का काम पूरी तरह से स्वचालित होगा और पूरी परियोजना दक्ष परिवहन प्रणाली (आईटीएस) से युक्त होगी। गडकरी के केंद्रीय राज्य मंत्री और स्थानीय सांसद राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह और उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना मौजूद रहे। गडकरी के आने से पहले ही प्राधिकरण ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली थी। हरियाणा और दक्षिणी दिल्ली को जोड़ने वाला द्वारका एक्सप्रेसवे का चार हिस्सों में बांटकर निर्माण किया है। जिनमें दिल्ली क्षेत्र के 10.01 किलोमीटर क्षेत्र को दो और हरियाणा में 18.9 किलोमीटर क्षेत्र को भी दो भागों में बांटा गया है। हरियाणा क्षेत्र के दोनों क्षेत्रों में निर्माण कार्य 93.2 और 99.25 फीसदी तक पूरा हो चुका है और पूरी उम्मीद है यह दोनों क्षेत्र जुलाई तक चालू हो जाएंगे। वहीं दिल्ली में कार्य सितंबर-अक्टूबर तक पूरा हो जाएगा। हालांकि यहां पर क्लोवर लीफ पर वाहन चल रहे हैं। इसे खोला नहीं गया है।



### इन सुविधाओं से लैस

इस प्रोजेक्ट के निर्माण पर करीब 9 हजार करोड़ रुपये की अनुमानित लागत है। इस एक्सप्रेसवे पर यातायात की सुगमता और सफर करने वालों की सुरक्षा के लिए आईटीएस, एडवांस ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम, टोल मैनेजमेंट सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, सर्विलांस आदि अत्याधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल होगा।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया द्वारका एक्सप्रेस-वे का निरीक्षण

## नितिन गडकरी ने द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रगति पर आधारित प्रदर्शनी का किया अवलोकन

### द्वारका एक्सप्रेस-वे का हरियाणा क्षेत्र में निर्माण की प्रगति अंतिम चरण मे

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के ट्रंपेट इंटरचेंज ( क्लोवर लीफ ) पर परियोजना के मानचित्र का अवलोकन करते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी।

**केंद्रीय** सड़क परिवहन एवं राजमार्गमंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को गुरुग्राम में खेड़की दौला टोल के निकट गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस-वे के ट्रंपेट इंटरचेंज से नई दिल्ली के द्वारका तक निर्माणाधीन परियोजना का निरीक्षण किया।

उनके साथ केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियांवयन व योजना राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्थानीय सांसद राव इंद्रजीत सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री व नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह तथा दिल्ली के उप-राज्यपाल वीके सक्सेना भी मौजूद रहे। हरियाणा के गुरुग्राम से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक जल्द ही कनेक्टिविटी बेहतर होने जा रही है।

दिल्ली-गुरुग्राम के बीच पुराने एनएच के साथ ही अब द्वारका एक्सप्रेस-वे का नया विकल्प मिलेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने खेड़की दौला के निकट एक्सप्रेस-वे पर बने इंटरचेंज का अवलोकन किया। इसके उपरांत वे राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा द्वारका एक्सप्रेस-वे के निर्माण की प्रगति पर आधारित प्रदर्शनी में पहुंचे। जहां पर स्थानीय निवासियों ने हरियाणा की पारंपरिक पगड़ी बांध कर केंद्रीय मंत्री का स्वागत किया। गडकरी ने इस दौरान कहा कि इस एक्सप्रेस-वे के आरंभ होने से गुरुग्राम और दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के बीच कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इस परियोजना में सड़क परिवहन की चार श्रेणी होंगी, जिसमें टनल, अंडरपास, फ्लाईओवर तथा फ्लाईओवर के ऊपर फ्लाई ओवर होंगे। इस एक्सप्रेस-वे की हरियाणा वाले हिस्से में इस सड़क की लंबाई 18.9 किलोमीटर तथा दिल्ली वाले क्षेत्र में 10.1 किलोमीटर है।

#### हरियाणा क्षेत्र के दोनों सेक्शन में तेजी से हुआ काम:

**द्वारका** एक्सप्रेस-वे का निर्माण चार खणडों में प्रगति पर है। जिनमें दिल्ली क्षेत्र में पहला महिपालपुर के शिव मूर्ति से बिजवासन तक (5.9 किमी), दूसरा बिजवासन आरओबी से गुरुग्राम में दिल्ली-हरियाणा सीमा तक (4.2 किमी), हरियाणा क्षेत्र में तीसरा दिल्ली-हरियाणा सीमा से बसई आरओबी तक (10.2 किमी) तथा चौथा बसई आरओबी से खेडकी दौला (क्लोवरलीफइंटरचेंज) तक (8.7 किमी) है।

#### गुरुग्राम वासियों को मिलेगी बड़ी सौगात: राव इंद्रजीत

**केंद्रीय** सांख्यिकी, कार्यक्रम क्रियान्वयन व योजना राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्थानीय सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने गुरुग्राम आगमन पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का स्वागत किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने क्षेत्रवासियों को द्वारका एक्सप्रेस-वे के लिए बधाई दी। गुरुग्राम के निवासियों के लिए सरकार की यह एक बड़ी सौगात है। इस एक्सप्रेस-वे के आरंभ होने से न केवल गुरुग्राम, बल्कि एनसीआर क्षेत्र में सड़कों के ढांचागत तंत्र को नया विस्तार मिलेगा। जिसका लाभ इस क्षेत्र के नए सेक्टरों में रहने वाले लोगों को भी होगा। साथ ही क्षेत्र मे तरक्की आएगी।

#### देश में अपनी तरह का पहला एलिवेटेड एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेस-वे

**लगभग** 9000 करोड़ रुपये की लागत से द्वारका एक्सप्रेस-वे एलिवेटेड 8-लेन एक्सेस कंट्रोल एक्सप्रेस-वे बनाया गया है। जिसमें 9 किलोमीटर लंबाई में सिंगल पिलर पर आठ लेन का 34 मीटर चौड़ा एलिवेटेड रोड भी है, जोकि देश में अपनी तरह का पहला एलिवेटेड रोड है। हरियाणा में यह एक्सप्रेस-वे पटौदी रोड (एसएच-26) में हरसरू के पास और फरूखनगर (एसएच-15ए) में बसई के पास मिलेगा। इसके अलावा यह दिल्ली-रेवाड़ी रेललाईन को गुरुग्राम के सेक्टर-88 (बी) के पास और दिल्ली के भरथल में भी क्रास करेगा। एक्सप्रेस-वे गुरुग्राम जिला में प्रस्तावित ग्लोबल सिटी के साथ-साथ सेक्टर-88, 83, 84, 99, 113 को द्वारका सेक्टर-21 से जोड़ेगा। इस अवसर पर दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा व रमेश विधूड़ी, एनएचएआई के सदस्य मनोज कुमार, जिला प्रशासन की ओर से सीपीओ वत्सल वशिष्ठ, बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव, एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर निर्माण के जंभूलकर, क्षेत्रीय अधिकारी मोहम्मद शफी सहित अन्य अधिकारीगण व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# राहगिरी कार्यक्रम की सफलता को नये गुरुग्राम के काफी लोग शामिल होंगे


गुरुग्राम में सरपंच सुंदर लाल के कार्यालय पर राहगिरी कार्यक्रम को लेकर एकत्रित विभिन्न आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**भारतीय** जनता पार्टी पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सरपंच सुंदर लाल के कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया। आगामी 21 मई को सेक्टर-79 में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ राहगिरी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया गया। मुख्यमंत्री से 21 सदस्ययीय प्रतिनिधिमंडल मुलाकात करके खेड़कीदौला टोल प्लाजा को हटाने का मांग पत्र सौंपेगा।

सरपंच सुंदर लाल यादव ने बैठक में पहुंचे विभिन्न सोसायटी की आरडब्ल्यूए सदस्यों व निवासियों के साथ कई विषयों पर बात कही। इसमें सबसे अहम विषय खेड़कीदौला टोल प्लाजा का रहा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के लोगों से यह भी आग्रह किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस राहगिरी कार्यक्रम में पहुंचे। काफी समय बाद यहां पर राहगिरी कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। बच्चे, बड़े, बुजुर्ग सभी को इसमें शिरकत करनी चाहिए। सरपंच सुंदर लाल यादव ने कहा कि खेड़कीदौला टोल प्लाजा का हटना बहुत जरूरी है। यह टोल प्लाजा अब दो नगर निगमों गुरुग्राम व मानेसर की सीमाओं के बीच में है। कायदे से नगर निगम क्षेत्र में टोल प्लाजा नहीं होना चाहिए। सरकार के स्तर पर इसे हटाने के काफी प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के अलावा केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी इसे हटाने के संदर्भ में कहा है। टोल प्लाजा जल्द से जल्द हटाया जाए, इसके लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल को क्षेत्र के लोगों की तरफ से ज्ञापन देकर आग्रह किया जाएगा।

# योग मानस मोबाइल एप्लीकेशन से जानिए आपके पास कहां है योगशाला

## योग विद्या को प्रोत्साहन देने के लिए आयुष विभाग ने शुरू की

### योग मानस ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध, मोबाइल में डाउनलोड कर ऐप पर करें पंजीकरण

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम



**आजादी** के अमृत महोत्सव श्रृंखला के तहत आयुष विभाग हरियाणा द्वारा योग मानस (योग शाला मैनेजमेंट एंड एनालिटिकल सिस्टम) ऐप की शुरुआत की गई। इस ऐप के माध्यम से जनमानस को योग से जुड़ी गतिविधियों, आस-पास की योग शालाओं की लोकेशन व सत्र के सब्सक्रिप्शन से जुड़ी जानकारी मिल सकेंगी। जनमानस में बेहतर जीवन जीने, अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने तथा योग विद्या को बढ़ावा देने के लिए इस ऐप को लांच किया गया है।

इस ऐप के माध्यम से नागरिकों की योग गविविधियों, योग सहायकों द्वारा करवाई जा रही कार्यवाही इत्यादि पर निगरानी भी रखी जा सकेगी। इस ऐप के माध्यम से योग में भाग लेने के लिए नागरिक/प्रतिभागी अपने मोबाइल से पंजीकरण कर सकता है, क्योंकि यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर उपलब्ध है। इस ऐप में जिला आयुष अधिकारी का लॉग इन दिया गया हैं। योग सहायक के मॉड्यूल के साथ-साथ डैशबोर्ड दिया गया है, जिसके माध्यम से योग की गतिविधियों पर संबंधित अधिकारियों द्वारा नजर रखी जा सकेगी। जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि नागरिक/प्रतिभागी को अपने मोबाइल में योग मानस एप्लीकेशन को इंस्टाल करना होगा। उसके बाद नागरिक/प्रतिभागी को अपनी बेसिक जानकारी डालकर इसे चालू करना होगा। ऐप के चालू होने के बाद जीपीएस के माध्यम से नागरिक/प्रतिभागी के आसपास की योगशालाओं की लोकेशन दिखाई देगी। नागरिक/प्रतिभागी अपनी सुविधा के अनुसार संबंधित योगशाला में अपना पंजीकरण करने पर अपने सत्र को सब्सक्राइब करेगा। इस प्रक्रिया के पश्चात नागरिक/प्रतिभागी का एनरोलमेंट हो जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार से योग सहायकों की अलग से लॉगइन प्रक्रिया है। योग सहायक को अपनी जीपीएस लोकेशन ऑन करनी होगी और अपनी योगशाला का चयन करना होगा। उसके पश्चात उसे अपने सत्र/बैच का सृजन करना होगा तथा उसके बाद सत्र/बैच की जानकारी दिखाई देगी। इसके बाद वह अपनी हाजिरी को मार्क भी कर पाएगा।

# टूटी लाइन के तार जोड़ते कर्मचारी को डंडों से पीटा

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



**बिजली** निगम के सब डिविजन के गांव गांगोली में टूटी हुई लाइन पर कार्य कर रहा कर्मचारी को लात-घूंसे और डंडों से पीटा। घायल कर्मचारी को नागरिक अस्पताल सोहना में दाखिल कराया गया। जहां से डॉक्टरों ने पीड़ित को गुरुग्राम का लिए रेफर कर दिया।

जानकारी के अनुसार बुधवार को गांव गांगोली में सड़क के ऊपर से जा रही 11 हजार किलोवाट की हाई टेंशन लाइन पर तार टूट गया था। जिसे बिजली निगम का ठेकेदार की टीम काम कर रही थी। उसी समय वहा पर आया डंफर चालक ने पहले तो कर्मचारियों को टूटे हुए तार को जोड़ने से मना किया। उसके बाद तारों को उठाकर एक तरफ फेंक दिया। इस दौरान हुए तू तड़ाक के बाद डंपर चालक ने अपने मालिक को बुला लिया। जिसने आते ही विनोद नामक कर्मचारी को डंडों से पीटना शुरू कर दिया। चालक ने लात घूसे मारे। आस-पास से दौड़ कर आए लोगों ने बीच बचाव किया। घायल कर्मचारी विनोद ने डंपर मालिक का नाम सुन्दर बता रहा है।

# धूम्रपान की रोकथाम के लिए डीएलएसए ने चलाया विशेष अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


धूम्रपान की रोकथाम के लिए अभियान के दौरान लोगों को जागरुक करते सदस्य।

**जिला** विधिक सेवाएं प्राधिकरण ने जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से कोटपा एक्ट के अन्तर्गत पंद्रह दिन का एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जोकि 31 मई तक चलेगा। अभियान में सार्वजनिक जगहों पर धूम्रपान करने वालों के चालान करने के साथ साथ उन्हें धूम्रपान के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

डीएलएसए के पैनल अधिवक्ता और पैरा लीगल वालंटियर्स भी इस टीम का हिस्सा हैं। टीम मे शामिल पुलिस अधिकारी भी लोगों को धूम्रपान और तंबाकू के सेवन को ना करने के लिये जागरूक करने में मदद कर रहें हैं। अभियान के तहत जिले के विभिन्न स्थानों जैसे रेलवे स्टेशन, कोर्ट परिसर, सरकारी दफ्तर, बस स्टैण्ड, मेट्रो स्टेशन, कॉलेज इत्यादि पर ये टीम पहुंच कर लोगों को जागरूक कर रही हैं। इसके साथ ही अठारह वर्ष से कम आयु के व्यक्ति को और विशेष क्षेत्र में सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री करने वाले दुकानदारों के भी चलान किए जा रहे हैं।

# दूसरा बच्चा लड़का पैदा होने पर भी कामगार महिला को मिलेंगे पांच हजार रुपये

### तीन की जगह दो किस्तों में होगा सहायता राशि का भुगतान

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सरकार ने नियमों में बदलाव कर कामगार महिलाओं को सुविधा प्रदान करने का अहम कदम उठाया है। अब हरियाणा में कामगार महिलाओं को दूसरा बच्चा लड़का होने पर भी प्रदेश सरकार की योजना के तहत पांच हजार रुपये मिलेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मार्गदर्शन व महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री कमलेश ढांडा के नेतृत्व में महिला एवं बाल विकास विभाग ने गर्भावस्था के दौरान हुए मजदूरी के नुकसान की भरपाई व स्तनपान कराने वाली महिलाओं में पोषण सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना शुरू की है। डीसी निशांत कुमार यादव ने सरकार की योजना की जानकारी देते हुए बताया कि पिछले साल 8 मार्च के बाद दूसरे बच्चे के रूप में लड़के को जन्म देने वाली अनुसूचित जाति और जनजाति की महिलाएं इस योजना का लाभ उठा सकेंगी। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिए गए हैं। 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग महिलाओं सहित मनरेगा जॉब कार्ड, ई-श्रम कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और किसान सम्मान निधि की लाभार्थी महिलाएं योजना का लाभ लेने के लिए पात्र होंगी। योजना का लाभ लेने के लिए संबंधित महिला के परिवार की सालाना आय 8 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। इस योजना के लिए आधार कार्ड अनिवार्य है। डीसी ने बताया कि केंद्र या राज्य सरकार की नौकरियों और सार्वजनिक उपक्रमों में तैनात महिला कर्मचारी योजना का लाभ लेने के लिए पात्र नहीं होंगी। सहायता राशि लेने के लिए पंजीकरण के बाद कम से कम एक बार प्रसव पूर्व जांच के साथ ही बच्चे का पंजीकरण और उसे बीसीजी, ओपीवी, डीपीटी और हेपेटाइटिस बी के टीके लगवाना जरूरी है।

# पलवल में भट्ठी फटने से कर्मचारी झुलसा

**पलवल।** हरियाणा के पलवल में एक कंपनी में भट्ठी पर कार्य कर रहा मजदूर बुरी तरह झुलस गया। उसे गंभीर हालत में अस्पताल में दाखिल कराया गया है। गदपुरी थाना पुलिस ने कंपनी के मालिक, मैनेजर व ठेकेदार सहित पांच पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है। गदपुरी थाना प्रभारी राजबीर के अनुसार, जिला कासगंज (यूपी) के जमालपुर निवासी मुकेश कुमार ने दी शिकायत में कहा है कि वह पृथला-दुधौला मार्ग स्थित नमो एलायज निजी कंपनी में ठेकेदार सुनील के पास नौकरी करता था।

# गेहूं व सरसों की आवक ने पिछले साल का रिकार्ड को तोड़ा

### बारिश व ओलावृष्टि ने गेहूं व सरसों की फसल को कर दिया था खराब

### सरकार ने हेफेड को सौंपी थी सरसों की खरीद करने की जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**इस** वर्ष गेहूं व सरसों की आवक ने पिछले साल का रिकार्ड तोड़ा। करीब डेढ़ माह तक चली सरसों व गेहूं की सरकारी खरीद के दौरान अधिक रही है। सरसों 19 हजार 744 रुपये तथा गेहूं 12 हजार 500 क्विंटल अधिक आई है।

**आढ़तियों ने खरीदे गेहूं के आंकड़े ( सभी क्विंटल में )**

| वर्ष | फसल | सरकारी खरीद | प्राइवेट खरीद | कुल आवक |
|---|---|---|---|---|
| 2022-23 | गेहूं | 9633 | 5270 | 9903 |
| 2022-23 | सरसों | 0000 | 13852 | 13852 |
| 2023-24 | गेहूं | 22189 | 215 | 22404 |
| 2023-24 | सरसों | 19824 | 13772 | 33596 |

प्रदेश सरकार के आदेश पर स्थानीय अनाज मंडी में गेहूं की सरकारी खरीद सोमवार को बंद कर दी गई। जबकि सरसों की सरकारी खरीद एक मई को बंद हो गई थी। इस वर्ष गेहूं और सरसों की आवक वर्ष 2022-23 की अपेक्षा डेढ़ गुणा अधिक रही है। वर्ष 2022-23 में सरसों की सरकारी खरीद नहीं हुई थी। जिसके कारण किसानों ने अपनी सरसों को निजी आढ़तियों को बेचा था। पिछले वर्ष कुल सारसों की आवक 13 हजार 852 क्विंटल हुई थी। इस वर्ष सरसों की आवक ने पिछले वर्ष की कुल आवक से अधिक सरकार ने खरीदी है। इस वर्ष हेफेड को सरसों की खरीद करने की जिम्मेदारी सौंपी थी। हेफेड ने किसानों द्वारा मंडी में लाई गई कुल 33 हजार 596 क्विंटल सरसों में से 10 हजार 744 क्विंटल सरसों अधिक आवक हुई है। जबकि निजी आढ़तियों ने 13 हजार 772 क्विंटल सरसों को खरीदा है।

**गेहूं की खरीद हुई 12 हजार क्विंटल अधिक :** इस वर्ष फसल कटाई के दौरान हुई बारिश व ओलावृष्टि ने गेहूं व सरसों की फसल को खराब कर दिया था। वर्ष 2022-23 में गेहूं की कुल आवक 9903 रही थी। जबकि इस वर्ष गेहूं की कुल आवक 22 हजार 404 क्विंटल रही है। जिससे पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष गेहूं की कुल आवक 22 हजार 404 रही है। जिसमें 22 हजार 189 क्विंटल गेहूं सरकार ने तथा 215 क्विंटल किसानों का गेहूं किसानों ने आढ़तियों बेचा।

> **गेहूं** व सरसों की सरकारी खरीद कराने में सरकारी एजेंसी हरियाणा वेयर कॉर्पोरेशन वर्क्स और हेफेड के तैनात किए गए अधिकारियों ने सभी कार्य समयनुसार किए। जिससे इस वर्ष फसलों की खरीद अपवाद रही है।
>
> **सुनीता देवी**
> **( सचिव मार्केट कमेटी )**

# सोनीपत व पानीपत में डिप्टी सीएम, करीब 30 कार्यक्रमों में करेंगे शिरकत

**चंडीगढ़।** वीरवार को भिवानी में करीब 25 कार्यक्रम करने के बाद हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला शुक्रवार 19 मई को सोनीपत और पानीपत जिले के दौरे पर रहेंगे। वे यहां आयोजित करीब 30 सार्वजनिक और निजी कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

जेजेपी प्रदेश कार्यालय सचिव रणधीर सिंह ने बताया कि डिप्टी सीएम क्रमश: सोनीपत में गांव चौहान जोशी और गांव मुरथल के कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। इसके उपरांत वे पानीपत में नई अनाज मंडी, सेक्टर 11, सेक्टर 12, सेक्टर 25, पर्ल डाबा, गांधी मंडी, बालाजी हैंडलूम, संजय कॉलोनी, अग्रवाल मंडी, ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया, विराट नगर, बिशन स्वरूप कॉलोनी, संत नगर, सेक्टर 38-39, अंसल टीडीआई सिटी, वृंदा एनक्लेव कई कार्यक्रमों में पहुंचेंगे।

# खिलाड़ियों के अभ्यास में किसी प्रकार की कमियां नहीं आने दी जाएगी : प्रदीप मलिक



**सोहना।** फरीदाबाद में हुई राज्यस्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में पदक जीत कर आए खिलाड़ियों का सम्मान किया गया। एसडीएम ने प्रतियोगिता में विजेता रहे खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर हौसला बढ़ाया। स्थानीय देवीलाल खेल स्टेडियम में तीरंदाजी का अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों ने 12 और 13 मई को फरीदाबाद में हुई 38वीं हरियाणा राज्य गर्ल्स तीरंदाजी प्रतियोगिता में 24 लड़कियां तीरंदाजी का निशाना साधने के लिए गई थीं। जिन्होंने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में सोहना से करीब 26 लड़कियों तीरंदाजी में निशान साधने के लिए गई थी। जिनमें इंडियन राउंड रीकरव राउंड, कंपाउंड राउंड में अंडर 14 अंडर-17 अंडर 20 सीनियर आयु वर्ग की शामिल थी। प्रतियोगिता में मेडल जीतकर आई खिलाड़ियों का स्थानीय स्टेडियम में सम्मान समारोह पूर्वक कराया गया।

# ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा में पंचायत जमीन होगी अवैध कब्जा से मुक्त

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** की ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा में पंचायती जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त किया जाएगा। जिसके लिए ग्राम पंचायत ने प्रस्ताव पारित करते हुए उच्चाधिकारियों से पंचायती जमीन की पैमाइश तथा तुरन्त प्रभाव से कब्जे वाली जमीन को मुक्त कराने की मांग की गई है।

> **ग्रामीणों** की सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध करना ग्राम पंचायत में शामिल पंच और सरपंच की प्राथमिकता है। सभी कार्य ग्रामीणों के सामूहिक रूप से लिए जाने वाले फैसलों पर की कराएं जाएंगे।
>
> **रामपाल**
> **( सरपंच ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा )**

ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा की मुख्य फिरनी वाले रास्ते से लेकर आम रास्ता और जोहड़ की जमीन पर ग्रामीणों ने पक्की दीवार व मकान बनाकर अवैध कब्जे किए हुए है। सबसे ज्यादा परेशानी गांव फिरनी वाले रास्ते पर अवैध कब्जे किए जाने से आने सामने से दो वाहन नहीं निकल सकते। वहीं जोहड़ की जमीन पर पक्की दीवार खिंचकर कब्जा किया है।

**आदर्श गांव बनाने की पहल :** नवगठित ग्राम पंचायत गांव को आदर्श गांव बनाने की कवायद कर रही है। गांव के अंदर सभी प्रकार के अवैध कब्जों हटाने से लेकर गांव में सामुदायिक भवन निर्माण, गांव के सभी रास्ते पक्के कराना, सभी रास्तों पर स्ट्रीट लाइट लगाकर जगमग करना, गांव के सभी सार्वजनिक चौक-चौराहों पर रंगीन लाइटों से जगमग करना, गांव में घरों से निकलने वाला गंदे पानी को नालियों के माध्यम से जोहड़ तक लेकर जाना। गांव में बिना किसी भेदभाव के आपसी भाई चारा और खुशी व दुख के समय में गांव की एकता को कायम करना है।

# समाज सेवा के कार्यों में अपना अहम योगदान दें संस्थाएं : नवीन गोयल

## अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा के पदाधिकारियों ने की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम।


नवीन गोयल से मुलाकात करते अखिल भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा के पदाधिकारी।

**अखिल** भारतीय विश्वकर्मा पांचाल महासभा के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल से मुलाकात की। नवीन गोयल ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए समाज के उत्थान के लिए कार्य करने के साथ पर्यावरण सुधार करने की दिशा में भी काम करने को कहा।

नवीन गोयल से मुलाकात करने के लिए उपाध्यक्ष देवेंद्र सोलंकी वजीराबाद, मीडिया प्रभारी अशोक सोलंकी वजीराबाद पहुंचे। उन्हें बधाई देते हुए नवीन गोयल ने कहा कि किसी भी सामाजिक संस्था का पहला दायित्व यही होता है कि वह समाज के हित के लिए काम करे। समाज को आगे बढ़ाने का काम करें। समाज में हमारा चुनाव इसलिए ही होता है कि हम समाज को एकजुट रखकर समाज का विकास करें। नवीन गोयल ने कहा कि समाज में भागीदारी रखकर हमें समाज के हर व्यक्ति से जुड़े रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के दायरा बहुत बड़ा है। इसमें पर्यावरण का विषय भी शामिल है। पर्यावरण में सुधार के लिए भी हमें समाज के लोगों को जागरुक करना है। अपने आसपास या कहीं भी खुली जगहों पर पेड़ लगाकर हरियाली बढ़ाएं। यही हरियाली हमारे जीवन को सुरक्षित रखने का माध्यम बनेगी। हरे पेड़ों से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलेगी। उन्होंने कहा कि त्योहारी सीजन में गुरुग्राम का पर्यावरण बहुत अशुद्ध हो जाता है। सामान्य दिनों में भी पर्यावरण बहुत अच्छा नहीं रहता। इसलिए इसमें सुधार करने के भी हमारे सार्थक प्रयास होने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हर सामाजिक संस्था इस काम के लिए चल पड़ेगी तो स्थिति में सुधार आना निश्चित है। हमारे भीतर इच्छाशक्ति ऐसी होनी चाहिए कि हम समाजहित के इस काम को लगातार करते रहें। इस दौरान बाली पंडित, हरि गोयल, ललित क्रांतिकारी भी मौजूद रहे।

जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सोलंकी वजीराबाद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल के मार्गदर्शन में समाजहित, पर्यावरणहित के कार्य किए जाएंगे। जिला मीडिया प्रभारी अशोक सोलंकी वजीराबाद ने बताया कि प्रदेश प्रभारी के रूप में बलराज पांचाल, प्रदेश अध्यक्ष हुकमचंद पांचाल, प्रदेश कोषाध्यक्ष बलबीर पांचाल, जिला अध्यक्ष कैप्टन संतराम पांचाल को चुना गया है। उन्होंने कहा कि संस्था के सभी पदाधिकारी जनहित के कार्यों को सदा अग्रणी होकर करेंगे।

# आईटीआई पलवल की देश स्तर पर ग्रेडिंग बढ़ने से उद्योगों ने बढ़ाए हाथ

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**देशभर** की आईटीआई में हाल ही में हुई ग्रेडिंग के आधार पर आईटीआई पलवल को 10 में से 7.7 ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। जिसके कारण आईटीआई पलवल के छात्रों के लिए रोजगार के अवसर और अधिक बढ़ गए हैं, क्योंकि आईटीआई पलवल की ग्रेडिंग के आधार पर उद्योगों ने आईटीआई की तरफ हाथ बढ़ाने शुरू कर दिए हैं।

अब छात्र ऑनलाइन के माध्यम से यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि देशभर में कौन सी आईटीआई की ग्रेडिंग अच्छी है, जिसमें दाखिला लिया जाए। अच्छी ग्रेडिंग वाली आईटीआई से रोजगार के अवसर और अधिक प्राप्त होंगे। बता दें कि कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग हरियाणा ने आईटीआई में दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली शुरू की है। ग्रेडिंग को देखते हुए आईटीआई का और अधिक उद्योगों का समझौता हुआ है, जिसमें सैद्धांतिक ट्रेनिंग आईटीआई में दी जाती है और व्यवहारिक ट्रेनिंग उन्हीं उद्योगों में करवाई जाती हैं और पासआउट होने के बाद उन्हीं उद्योगों में छात्रों को



रोजगार भी दिया जा रहा है। प्रधानाचार्य भगत सिंह ने बताया है कि सत्र 22-23 में आईटीआई पलवल से पांच डीएसटी एमओयू उद्योगों के साथ चल हैं। जिनमें फिटर व्यवसाय का शिवानी लॉक प्राइवेट लिमिटेड पृथला के साथ, टूल एंड डाई मेकर व्यवसाय का वाइड इंडिया इंडस्ट्रीज पृथला के साथ, वेल्डर का डी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड पृथला के साथ, वेल्डर फेब्रिकेशन का विनस इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन पृथला के साथ और मोटर मैकेनिक व्हीकल का हरियाणा राज्य परिवहन पलवल के साथ एमओयू है। उन्होंने बताया कि अब दाखिला सत्र 23-24 में आईटीआई पलवल के चार नए डीएसटी एमओयू उद्योगों के साथ करवाए हैं। जिनमें इलेक्ट्रिशियन व्यवसाय का शुगर मिल पलवल के साथ, मोटर मैकेनिक व्हीकल व्यवसाय का हरियाणा राज्य परिवहन पलवल के साथ, वेल्डर फेब्रिकेशन व्यवसाय का विनस इंडस्ट्रियल कॉरपोरेशन पृथला एवं माइक्रो प्रेसीजन इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड पृथला के साथ एमओयू करवाए हैं।



**भविष्य** में आईटीआई पलवल के और अधिक से अधिक व्यवसायों का उद्योगों के साथ डीएसटी एमओयू करवाया जाएगा, ताकि पलवल जिले के आईटीआई शुदा छात्रों को अधिक से अधिक रोजगार मिल सके।

**भगत सिंह, प्रधानाचार्य कम नोडल अधिकारी आईटीआई पलवल**

# देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवा ऊर्जा का होता है अहम रोल : नित्यानंद राय

## वाई-20 यूथ चौपाल से भारत को नशामुक्त बनाने का सभी युवा लें संकल्प: भाजपा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



मंच पर मौजूद केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय, हरियाणा भाजपा प्रभारी बिप्लब कुमार देव, सुधा यादव आदि मौजूद हैं देश-विदेश के युवा प्रतिनिधि।

**भारत** देश को आत्मनिर्भर बनाने में युवाओं की ऊर्जा और स्वाभिमान का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। युवाओं की क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उच्च शिक्षा नीति में संशोधन किए। जिससे अब हिंदी मीडियम से पढ़े हुए ग्रामीण आंचल के विद्यार्थी भी मेडिकल व इंजीनियरिंग जैसे कोर्स कर सकते हैं। यह वक्तव्य केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने पलवल के इंडोर स्टेडियम में युवा शक्ति, शिक्षा, राष्ट्र सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण पर आधारित वाई-20 यूथ चौपाल कार्यक्रम में बतौर मुख्य व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवाओं के बेहतर कल के लिए सक्षम भारत, समृद्ध भारत और स्वच्छ भारत का सपना देखा है, जिसे देश के हरेक युवा के सहयोग से ही पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर संसदीय बोर्ड की सदस्य सुधा यादव, हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लब कुमार देव, विधायक मोहनलाल बड़ौली, भाजपा जिला अध्यक्ष चरण सिंह तेवतिया, भारत स्काउट एंड गाइड के नेशनल आयुक्त गौरव गौतम, श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू, जेसी बोस वाईएमसीए यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. सुनील कुमार गर्ग, एमवीएन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अनुराग गर्ग, वाई-20 के चेयरमैन अनमोल शोवित के साथ विभिन्न देशों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। वाई-20 यूथ चौपाल में पलवल जिले के सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया।

नित्यानंद राय ने कहा कि वर्ष 2047 में देश आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने का जश्न मनाएगा। युवा ही राष्ट्र का भविष्य है। इसलिए यूथ को देश के निर्माण में अपनी हर संभव भूमिका निभानी चाहिए। युवा अपने देश की उन्नति के लिए प्रयत्नशील रहें। अगर देश अच्छा रहेगा तो भविष्य भी बेहतर होगा। उन्होंने कहा कि युवाओं की शक्ति को पहचानने का कार्य स्वामी विवेकानंद और भारत के कर्मयोगी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। युवाओं को अपनी शक्ति को पहचानकर देश के निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। युवाओं को दक्ष बनाने के लिए शिक्षा नीति में बदलाव किया गया है। नई शिक्षा नीति के अनुसार क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षा प्रदान की जाएगी, जिसका लाभ स्थानीय युवाओं को होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में हमारे देश ने दुनिया के देशों में अलग पहचान बनाई है। युवा शक्ति के दम पर भारत को विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता है। भारत अब शक्तिशाली भारत, सक्षम भारत बनकर खड़ा हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के युवाओं के भविष्य के लिए दिन रात कार्य कर रहे हैं। युवाओं को भी उनका साथ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में देश विकास के पथ पर अग्रसर है। देश में अनेक परियोजनाओं पर विकास गति से कार्य चल रहा है।

हरियाणा भाजपा के प्रभारी बिप्लब कुमार देव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत युवाओं का देश है। युवाओं को एक दूसरे देशों के प्रतिनिधियों के साथ अपने विचार सांझा करने चाहिए। समाज को नई दिशा देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत देश को नशा मुक्त राष्ट्र बनाना है। वाई-20 यूथ चौपाल के माध्यम से सभी युवा संकल्प लें कि ड्रग फ्री भारत बनाने में अपना भरपूर योगदान देंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के युवाओं को रोजगार, विभिन्न नए स्टार्टअप की शुरुआत, पढाई, उच्च शिक्षा में आईआईटी, आईआईआईटी, चिकित्सा में मेडिकल कॉलेज जैसे विकासशील कार्य किए गए हैं।

# बेटियों के साथ दुष्कर्म से आहत मां ने लगाया फंदा

## दबंगों ने किडनैप करके दुष्कर्म किया, राजीनामे के बाद फिर देने लगे दुष्कर्म की धमकी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**नाबालिग** बेटियों का अपहरण करके दुष्कर्म करने व दोबारा अपहरण-दुष्कर्म की धमकी से दुखी होकर उनकी मां ने फंदा लगा लिया। हथीन थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। हथीन थाना पुलिस ने मृतका के पति की शिकायत पर पांच नामजद सहित सात के खिलाफ नाबालिग बेटियों के साथ दुष्कर्म करने व उसकी पत्नी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। हथीन थाना प्रभारी मनोज कुमार के अनुसार, एक व्यक्ति ने शिकायत दी है कि एक महीना पहले अंजुम, साहिद, सम्मी, समीम, असलम और दो अन्य लोग उनकी दोनों नाबालिग बेटियों का अपहरण करके ले गए थे और दोनों के साथ दुष्कर्म किया। उन्होंने दोनों बेटियों को धमकाकर किसी को भी इस बारे में नहीं बताने के लिए कहा, लेकिन जब लड़कियों ने वारदात के बारे में उसे व उसकी पत्नी को बताया तो पंचायत बुलाई गई। पंचायत में पंचों ने राजीनामा करा दिया और आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसा नहीं होगा। लेकिन उसके बाद भी आरोपी उनके परिवार को मारने की धमकी देने लगे। बेटियों को फिर से उठा ले जाने की बात कहने लगे।



धमकियों के दबाव में आकर पत्नी ने घर से कुछ दूरी पर जंगल में जाकर एक पेड़ से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। आरोपी इतने दबंग हैं कि पंचायत में उन्हें दबाब डालकर चुप करा दिया, लेकिन वे चुप नहीं बैठे। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस की टीम आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है, लेकिन फिलहाल कोई आरोपी पुलिस की गिरफ्त में नहीं आ सका है। वहीं पीड़ित परिवार को सुरक्षा प्रदान कर दी गई है।

# पलवल में सिलाई सेंटर पर महिला से किया दुष्कर्म

## नौकरी देने के बहाने बुलाकर अंदर खींचा पिस्तौल दिखाकर धमकाया

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पलवल** में एक विवाहिता को नौकरी लगाने के नाम पर बुलाया और फिर उसके साथ हथियार के बल पर दुष्कर्म किया गया। शहर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

शहर थाना प्रभारी रेनू शेखावत के अनुसार, एक विवाहिता ने दी शिकायत में कहा है कि वह उत्तर प्रदेश की रहने वाली है और पलवल में किराए के मकान में अपने दो बच्चों के साथ रहती है। अपने बच्चे को जिला नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए लेकर गई तो उसकी अस्पताल में मोनू नामक युवक से पहचान हुई। मोनू ने उसे पूछा की वह कहां काम करती है तो उसने बताया कि उसकी नौकरी एक निजी कंपनी में लगी हुई थी, वह छूट गई। महिला के अनुसार आरोपी ने कहा कि उसका रसूलपुर रोड पर सिलाई सेंटर है। वहां आ जाना काम भी सीख जाएगी और मजदूरी भी मिलेगी। महिला को वहां 6-7 दिन काम पर रखा, लेकिन बाद में हटा दिया। उसका आरोप है कि 16 मई को आरोपी ने उसके पास दोपहर बाद फोन किया कि बाहर से ऑर्डर आया है, जल्दी तैयार करके देने हैं, जल्दी काम पर आ जा, तुझे आधी दिहाड़ी मिल जाएगी। यहां अन्य महिला भी काम पर लगी हुई हैं। वह सिलाई केंद्र पर पहुंची तो वहां कोई महिला नहीं थी, बल्कि आरोपी अकेला था। वह जाने लगी तो आरोपी ने उसे अंदर खींच लिया। देशी कट्टा दिखाकर कहा कि यदि शोर मचाया तो जान से मार दूंगा। उसके बाद हथियार के बल पर मोनू ने उसके साथ दुष्कर्म किया।

# पूर्व मंत्री की भाभी के निधन पर पौधा देकर श्रद्धांजलि दी

**पलवल।** मिशन प्रकृति बचाओ पर्यावरण सचेतक समिति पदाधिकारियों द्वारा खुशी हो या गम-अपनों की स्मृति में पौधे लगाएं हम।

अभियान के अंतर्गत ग्रीन एंबेसडर आचार्य राम कुमार बघेल व उनकी पूरी टीम ने गांव किठवाड़ी में पूर्व मंत्री चौधरी करण सिंह दलाल की भाभी के निधन पर पीपल पौधा भेंट हरित श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया। परिवार द्वारा इस पीपल पौधे को अपनों की स्मृति में उचित स्थान पर रोपण व संरक्षण प्रदान किया जाएगा। पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने संस्था के कार्यों की सरहायना कर प्रकृति सेवा को सबके लिए शुभफलदायी बताया। पर्यावरणविद आचार्य राम कुमार बघेल ने बताया कि प्रकृति ही सर्वेसर्वा है। इस अवसर पर संस्था सदस्य मास्टर मानिकचंद, मास्टर थानसिंह, अमरपाल, देव, शिवम आदि सहित विभिन्न गांवों के मौजिज लोग उपस्थित थे।

# साइबर क्राइम से बचने के लिए अपनी लोकेशन साझा न करें : कुणाल गर्ग

पायनियन समाचार सेवा। पलवल

**बीके** सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला बाल कल्याण परिषद् के तत्वावधान में बच्चों को बाल कानून के विषय में सीजेएम कुणाल गर्ग द्वारा जानकारी दी गई। उनके साथ जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा डागर, जिला बाल सुरक्षा अधिकारी सीता इंदीवर भी मौजूद रहे। कुणाल गर्ग ने बताया कि लड़की को 18 साल से पहले और लड़के को 21 साल से पहले विवाह करना कानूनी अपराध है, इसके लिए सजा हो सकती है। उन्होंने बताया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए कभी भी अपनी लोकेशन को सांझा न करें। बच्चे अपने जीवन में माता-पिता को दोस्त समझें और अपने मन की बातों को साझा करें। उन्होंने बताया कि किसी विकट परिस्थिति में हेल्पलाइन नंबर-1091, 1098, 112 पर किसी भी समय आप





संपर्क कर सकते हैं। आपकी समस्या का समाधान किया जायेगा। किसी की आय तीन लाख से कम हो तो सरकारी खर्चे पर वकील उपलब्ध हो सकता है। किसी महिला की 10 लाख की आय हो तो भी सरकारी खर्चे पर वकील उपलब्ध हो सकता है। कुणाल गर्ग द्वारा विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करके उनका मनोबल बढ़ाया। जिसमें पिछले वर्ष यशिका ने कॉमर्स में हरियाणा में तीसरा रैंक, गीतांशी ने आर्ट्स में हरियाणा में चौथी रैंक, इस वर्ष कोमल ने जिला पलवल में विज्ञान संकाय में 483/500 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जेईई मेन में 93.29 परसेंटाइल प्राप्त की। आदित्य ने जिला पलवल में जेईई मेन में 99.65 परसेंटाइल प्राप्त की। लव सोलंकी ने 12वीं कॉमर्स में वर्ष 2015 में 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कौशिष ने बताया कि कुणाल गर्ग द्वारा बताये हुए पद चिन्हों पर चलते हुए, माता-पिता की सेवा करके जीवन को महान बनाया जा सकता है।

# पहचान पत्र में शुद्धीकरण के लिए नहीं होगी परेशानी : एडीसी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**परिवार** पहचान पत्र की जिला नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता ने कहा कि जिला में परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों को दूर करने का कार्य तेजी के साथ ऑनलाइन प्लेटफार्म प्रणाली के जरिए किया जा रहा है। इसके लिए फील्ड वेरिफिकेशन का कार्य भी निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा शिक्षा, चुनाव और महिला एवं बाल विकास तथा अन्य विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा विभिन्न तरीकों से लोगों द्वारा उनके परिवार पहचान पत्र में घोषित आय की जांच की जा रही है। इसके लिए किसी भी पात्र व्यक्ति को व्यर्थ में परेशान होने की जरूरत नहीं है। उन्हें सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं व योजनाओं का लाभ मिलेगा। एडीसी ने कहा कि पीपीपी को ऑनलाइन अपडेट कराने का कार्य अटल सेवा केंद्रों, सरल केंद्रों और सीएससी सेंटरों पर के साथ-साथ चुनाव विभाग के बीएलओ और महिला एवं बाल विकास विभाग तथा शिक्षा व स्वास्थ्य विभाग द्वारा आपसी तालमेल करके किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि परिवार पहचान पत्र में आय वेरिफिकेशन के साथ किसी का नाम जोड़ना, दिव्यागों का स्टेटस अपडेट कराना, जन्मतिथि में सुधार करना आदि के कार्य भी शामिल हैं।



### हेल्पलाइन नंबर पर ली व दी जा रही है जानकारी

**एडीसी** ने बताया कि प्रशासन ने पीपीपी के लिए हेल्पलाइन नंबरों के जरिये सुबह नौ से शाम पांच बजे तक फोन कर परिवार पहचान पत्र से संबंधित जानकारी ली और दी जा रही है। पीपीपी विभागीय अधिकारियों की मानें तो फरीदाबाद में 5,92,625 परिवारों के पीपीपी बन चुके हैं। इनमें बल्लभगढ़ एरिया में 41,778, फरीदाबाद ब्लॉक में 25,395 तथा तिगांव में 28,562 परिवार शामिल हैं। इसके अलावा शहरी क्षेत्र में कुल 4,96,918 लोगों के पहचान पत्र बन चुके हैं। वहीं 18,400 बीपीएल और अंत्योदय परिवार शामिल हैं।

# हरियाणा कर्मचारी महासंघ 25 को बिजली मंत्री के आवास पर करेगा प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** हरियाणा कर्मचारी महासंघ की एक आवश्यक मीटिंग फरीदाबाद सेक्टर-6 जिला कार्यालय में हुई। जिसमें हरियाणा कर्मचारी महासंघ के प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने कहा कि 25 मई को हरियाणा प्रदेश के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला के आवास जिला सिरसा पर विरोध और प्रदर्शन को करते हुए कर्मचारी अपनी मांगों का पांच सूत्रीय मांग पत्ररूपी एक ज्ञापन बिजली मंत्री रणजीत सिंह चौटाला को सौंपेंगे। बैठक के इस अवसर पर प्रदेश महासचिव सुनील खटाना ने कहा कि सरकार के पास समय है। अगले वर्ष 2024 में हरियाणा प्रदेश में चुनाव है। इससे पूर्व प्रदेश की सरकार को कर्मचारियों की मांगों को प्रदेश में लागू करना चाहिए। ताकि कर्मचारी वर्ग में सरकार के प्रति विश्वास बना रहे।





# झगड़े की सूचना पर गए पुलिस कर्मियों से मारपीट कर वर्दी फाड़ी

**फरीदाबाद।** पंचकूला कंट्रोल रूम से सूचना मिलने पर मौके पर गए रात्रि गश्त पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ लोगों ने मारपीट कर दी। इसमें एक एसआई और एक सिपाही घायल हो गए। इस तरह के अलग दो मामले सामने आए हैं। दोनों में संबंधित थाना पुलिस ने पुलिसकर्मियों की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसआइ सुनील कुमार के मुताबिक वे ईआरवी पर बतौर इंचार्ज तैनात हैं। शाम करीब आठ बजे उन्हें सूचना मिली कि ओल्ड फरीदाबाद वाल्मीकि पार्क के पास दो लोग आपस में झगड़ा कर रहे हैं। सूचना मिलने पर वे टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां दो लोग झगड़ते दिखाई दिए। साथी पुलिसकर्मियों की सहायता से उन्होंने दोनों को काबू किया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम साहबुद्दीन और दिलशाद बताए। जब वे दोनों को लेकर थाने चलने लगे तो साहबुद्दीन का बेटा समीर पुलिसकर्मियों से भिड़ गया। उसने



पास में पड़ी हुक्के की चिलम उठाकर एसआइ सुनील कुमार के सिर में मार दी और वहां से फरार हो गया। सुनील कुमार इससे घायल हो गए। दूसरे मामले में ईआरवी पर तैनात सिपाही रिंकू के मुताबिक उन्हें रात में सेक्टर-56 के एक मकान में झगड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई थी। साथी पुलिसकर्मियों के साथ वे मौके पर पहुंचे। वहां दिलशाद नाम के व्यक्ति ने पुलिसकर्मियों पर पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। उसने सिपाही रिंकू को थप्पड़ मारा और उनकी वर्दी भी फाड़ दी। ईआरवी कर्मी किसी तरह वहां से वापस आए और सेक्टर-58 थाने में शिकायत दी। पुलिस ने दोनों मुकदमे दर्ज कर लिए हैं। आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# संक्षिप्त समाचार

## केसीएम वर्ल्ड स्कूल में दंत सुरक्षा की दी गई जानकारी



**पलवल।** टीकरी ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में तीसरी से दसवीं कक्षा के छात्रों को दांतों की सुरक्षा से संबंधित विशेष जानकारी दी गई। पलवल की डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. रामेश्वरी वर्मा ने बच्चों को दांतों की सफाई के बारे में बताते हुए कहा कि खाना खाने के बाद ब्रुश जरूर करना चाहिए नहीं तो सड़न पैदा होने से दांतों से संबंधित अनेक बीमारियों का खतरा बना रहता है। उन्होंने सलाह दी कि टूथब्रुश को ब्रिसल्स खराब होते ही बदल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोशिकाओं की असामान्य वृद्धि ओरल कैंसर का सबसे बड़ा कारण है तंबाकू, पान, बीड़ी, सिगरेट आदि हैं। इसलिए इनके सेवन से बचना चाहिए तथा दांतों में किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर 24 घंटे के भीतर दंत चिकित्सक की सलाह अवश्य लेनी चाहिए, ताकि समय पर उसका इलाज किया जा सके। बच्चों को शपथ भी दिलाई गई कि वे दिन में दो बार ब्रुश जरूर करेंगे। अपने मित्रों परिचितों तथा संबंधियों को भी दांतों को साफ रखने के लिए प्रेरित करेंगे।

## बीएन मॉडल स्कूल का दसवीं का परिणाम रहा शानदार





**पलवल।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के 10वीं के परीक्षा परिणामों में भी बीएन मॉडल के छात्रों ने बाजी मारी। रूपचंद ने 440 अंकों के साथ प्रथम, देव राणा 423 अंकों के साथ द्वितीय तथा कुमारी पायल ने 421 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रिंसीपल बीडी शर्मा, चेयरमैन दिनेश शर्मा तथा सीनियर विंग संचालक अभिनव गुप्ता ने बच्चों का फूलमालाओं के साथ स्वागत किया तथा आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। चेयरमैन ने बच्चों को बताया कि आने वाला समय बहुत चुनौतीपूर्ण होने वाला है, इसके लिए आपको सदैव तैयार रहना होगा। आपके जीवन में सही स्ट्रीम का चुनाव बहुत मायने रखता है। अंत में सभी स्टाफ सदस्यों ने बच्चों को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं।

## दीप स्कूल असावटी का परिणाम रहा शानदार






**पलवल।** दीप सीनियर सेकेंडरी स्कूल असावटी पलवल के विद्यार्थी यश पुत्र कृष्ण सिंह ने सत्र 2022-2023 के वार्षिक बोर्ड परीक्षा परिणाम में 500 में से 480 अंक प्राप्त कर पलवल जिले में विज्ञान संकाय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। यश ने रासायन विज्ञान में 99 अंक, गृह विज्ञान में 100, भौतिक विज्ञान में 91, अंग्रेजी में 97 और गणित में 93 अंक प्राप्त किए। इस अवसर पर स्कूल चेयरमैन कुलदीप कौशिक, डायरेक्टर जगदीशचंद कौशिक और प्रधानाचार्य गोपाल चौहान व अन्य सभी अध्यापकों ने यश को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। यश के साथ ही स्कूल के 14 और विद्यार्थियों ने बोर्ड की मैरिट सूची में अपना स्थान बनाया।

## स्नेह शिशु विद्या मंदिर ने हासिल की रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धि



**फरीदाबाद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में स्नेह शिशु विद्या मंदिर, ब्राह्मणवाड़ा की छात्रा अनीशा खातून ने 98 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय के साथ-साथ अपने शहर बल्लभगढ़ और जिला फरीदाबाद का नाम रोशन किया। अनीशा ने गणित व फिजिकल एजुकेशन में 100 में से 100 अंक लेकर एक शानदार उपलब्धि हासिल की है। अंग्रेजी में 98 और हिंदी में 96 अंक तथा विज्ञान में 95 अंक लेकर मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। अनीशा के साथ-साथ नकुल भारद्वाज ने 92 प्रतिशत, हर्ष मंगला ने 91 प्रतिशत, स्तुति ने 82 प्रतिशत और योगिता ने 81 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के मुख्याध्यापक राकेश गुप्ता ने इस शानदार उपलब्धि पर सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं व उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राकेश गुप्ता के साथ विद्यालय की अध्यापिका ऊषा तोमर, माधवी शर्मा, भारती सिंगला व प्रीति जैन ने भी बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

## शिवालिक विद्या निकेतन स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत



**फरीदाबाद।** डबुआ-गाजीपुर रोड स्थित शिवालिक विद्या निकेतन स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन शोभित आजाद ने सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। अर्पित कुमार के 89.6 प्रतिशत, अंजली 85.4 प्रतिशत, रिया 85. 4 प्रतिशत, निशु 82.8 प्रतिशत, प्रिया 82.4 प्रतिशत, मिनाक्षी 80.8 प्रतिशत, सोहन 80 प्रतिशत, पलक 78.6 प्रतिशत, आदर्श 76 प्रतिशत, चमन 75.2 प्रतिशत, लवकुश 70 प्रतिशत, करिश्मा 70 प्रतिशत, सोनिया के अंक 70 प्रतिशत रहे। चेयरमैन शोभित आजाद ने छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि वे इसी प्रकार परिश्रम कर प्रतियोगिता के इस युग में अपना अच्छा प्रदर्शन करते रहें। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम एवं अभिभावकों के बहुमूल्य प्रयास तथा समस्त स्टाफ के अथक प्रयास को दिया है।

## मेधावी विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग कराएगी समिति

**फरीदाबाद।** जरूरतमंद परिवारों के जो मेधावी छात्र छात्राएं नीट व आईआईटी की चयन परीक्षा पास करने के लिए कोचिंग करना चाहते हैं। मानव सेवा समिति ऐसे बच्चों को अपने मिशन मानव सुपर 21 के तहत निःशुल्क कोचिंग प्रदान करेगी। समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व मिशन संयोजक सुभाष शर्मा ने कहा कि जिन मेधावी छात्र छात्राओं के सीबीएसई व हरियाणा बोर्ड के 10वीं, 12वीं बोर्ड रिजल्ट में 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक आए हैं और वे मेडिकल, नॉन मेडिकल की पढ़ाई कर रहे हैं। साथ ही जिनकी पढ़ाई पूरी हो चुकी है और वे नीट व आईआईटी की निशुल्क कोचिंग करना चाहते हैं तो वे अपनी मार्कशीट और आधार कार्ड की फोटो कॉपी के साथ 25 मई तक मानव सेवा समिति कार्यालय मानव भवन सेक्टर-10 मार्केट में शाम 5.30 से 7.30 बजे अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। कोचिंग में चयन के लिए परीक्षा 28 मई को मानव भवन सेक्टर-10 में सुबह 12 बजे आयोजित की जाएगी।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 19 मई, 2023



## औषधि निर्यात

### प्रभावी कदम

**औषधि नियामक**–केन्द्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने प्रस्ताव किया है कि निर्यात के पहले खांसी की दवाओं का सरकारी प्रयोगशालाओं में परीक्षण किया जाए। यह विश्व बाजार में भारत का सम्मान बहाल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। कुछ कंपनियों द्वारा बनाए कफ सीरपों से गांबिया व उज्बेकिस्तान में 2022 में कथित रूप से दर्जनों मौतें हुई थीं। प्रस्ताव के अनुसार सीरपों का परीक्षण केन्द्रीय या राज्य प्रयोगशालाओं में हो सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आरोप लगाया था कि भारतीय कंपनी मैडन फार्मास्यूटिकल्स ने गांबिया में एक कफ सीरप निर्यात किया जिसमें घातक विषैले पदार्थ इथिलीन ग्लाइकोल–ईजी व डाईइथिलीन ग्लाइकोल–डीईजी शमिल थे जिनका प्रयोग कार ब्रेक द्रव में होता है। एक और कंपनी मैरियन बायोटेक द्वारा उज्बेकिस्तान को निर्यात किए कफ सीरप में भी ईजी व डीईजी थे। हालांकि, इन दोनों फर्मों ने इन आरोपों से इनकार किया था, पर इन घटनाओं के बाद आयातक देश भारतीय औषधियों के बारे में बहुत सावधानी बरतने लगे थे। पिछले महीने अमेरिका के एक प्रमुख 'वाचडाग', सेंटर फार डिजीज़ कंट्रोल एंड प्रिवेंशन–सीडीसी ने चेन्नै की कंपनी ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर द्वारा बनाए आई ड्राप में उच्च औषधि–प्रतिरोधी बैक्टीरिया की संभावना बताई थी। हालांकि, भारत सरकार ने मैडन फार्मास्यूटिकल्स व मैरियन बायोटेक के खिलाफ कार्रवाई की, पर उसने ग्लोबल फार्मा हेल्थकेयर पर लगे आरोपों को उचित नहीं माना। लेकिन पूरे प्रकरण में महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे औषधि निर्यातों को अधोमानक समझे जाने का खतरा मंडराने लगा है। राजनीति की तरह बिजनेस में भी छवि का बहुत महत्व है और यह कभी–कभी यथार्थ से भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।



भारत के औषधि निर्यात ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। 2016–17 में ये 16.79 बिलियन डालर से बढ़ कर 2022–23 में 25.3 बिलियन डालर या 208,231 करोड़ रुपये हो गए। भारत में सभी स्तर पर अधिकारियों को यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए कि कुछ संदिग्ध बिजनेसमैनों के भ्रष्ट आचरण व लापरवाही के कारण औषधि निर्यात क्षेत्र में सफलता को कोई ग्रहण न लगने पाए। वैसे भी इसका संबंध केवल आर्थिक आयामों से नहीं है तथा इसमें नैतिक आधार भी शामिल हैं। औषधियों की गुणवत्ता से समझौता करने वाले निर्माता अत्यधिक क्रूर लोग हैं। उनको किसी भी कीमत पर फलने–फूलने का मौका नहीं मिलना चाहिए। इसके अलावा यदि वे नकली या मिलावटी कफ सीरप व अन्य दवायें गांबिया व उज्बेकिस्तान में निर्यात कर सकते हैं तो वे भारत में भी उनकी बिक्री का प्रयास करेंगे। इन लोगों के साथ कोई नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। उनके खिलाफ फौरन अभियोजन की कार्रवाई होनी चाहिए। विडंबना है कि इस मामले में क्रियान्वयन तेजी से नहीं हुआ। डब्लूएचओ ने पिछले महीने एक और चेतावनी जारी की। यह चेतावनी मार्शल आईलैंड व माइक्रोनेशिया में निर्यात किए मिलावटी कफ सीरपों के लिए थी जो पिछले सात महीनों में तीसरी चेतावनी है। हालांकि, हमारे देश में गांबिया व उज्बेकिस्तान से आने वाली खबरें ज्यादा चर्चा का विषय नहीं बनीं क्योंकि ये दोनों देश बहुत छोटे हैं। लेकिन तीसरी चेतावनी से यह तथ्य स्पष्ट होता है कि हमारे देश में कुछ अधिकारियों की प्रशासनिक जड़ता पहली दो घटनाओं से नहीं टूटी है। अब केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय तथा औषधि विभाग ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं जिनसे दुनिया के सथी देशों में भारतीय औषधि निर्यात की गुणवत्ता सुनिश्चित हो। यह काम जितनी जल्दी हो जाएगा, देश के लिए उतना ही अच्छा रहेगा।

# संसदीय समितियां अपरिहार्य

**लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी संरचना के कारण विधायिका अपनी अंतर्निहित सीमाओं के कारण सभी कार्य प्रभावी रूप से नहीं कर सकती है।**

**देवेंद्र सिंह असवाल**
(लेखक, लोकसभा के पूर्व सहायक सचिव हैं।)





हमारे देश जैसे संसदीय लोकतंत्र में मंत्री सामूहिक रूप से व अलग–अलग विधायिका के प्रति जवाबदेह होते हैं। मंत्री सवालों के जवाब देते हैं, विधायी व नीतिगत प्रस्तावों को आगे बढ़ाते हैं तथा बहसों के जवाब देते हैं। हालांकि, नौकरशाही पृष्ठभूमि में काम करते हुए मंत्रियों को जानकारियां देती है, पर वह सीधे किसी के निशाने पर नहीं आती है। लेकिन संसदीय समितियों में गलतियों व कमियों के बचाव की जिम्मेदारी वरिष्ठ नौकरशाही के कंधों पर होती है। संसदीय कामकाज ठीक से न होने पर मंत्री विपक्ष के गुस्से से बच जाते हैं क्योंकि विपक्ष का गुस्सा अक्सर कार्यवाहियां रोकने के लिए धरनों, बहिर्गमन व कार्यस्थगन का सहारा लिया जाता है। लेकिन संसदीय गतिरोध के बावजूद समितियों में अधिकारी साल भर काम करते हैं। बाद में अमेरिका के 28वें राष्ट्रपति बने प्रोफेसर वुडरो विल्सन ने समितियों की असली कामकाज तथा कार्य संस्कृति के बारे में कहा था, 'सत्र के समय कांग्रेस सार्वजनिक प्रस्तुतीकरण वाली कांग्रेस होती है, लेकिन समितियों के कमरों में कांग्रेस वास्तव में काम करती है। समितियों को संसद का उच्चाधिकार आयाम कहा जाता है जहां सामान्य रूप से खेल सत्तारूढ़ दल व विपक्ष के बीच न होकर विधायिका व कार्यपालिका के बीच होता है। कुछ विश्लेषकों ने इस काम को ऐसा युद्ध कहा है जिसमें सदस्य हमेशा जीतते हैं, पर शासक भी कभी नहीं हारते हैं।' विधायिका अपनी संरचना के कारण अपने सभी काम प्रभावी व सक्षम रूप से अपनी अंतर्निहित सीमाओं के चलते नहीं कर सकती है। पहला, समय की हमेशा बहुत कमी होती है। दूसरा, उस समय समस्या और गंभीर हो जाती है जब विधायक व खासकर राज्यों के विधायक कुछ दिनों के लिए मिलते हैं और उसमें भी कार्यवाहियां बाधित हो जाती हैं। तीसरा, सदन का मंच विस्तृत जांच, प्रमाणों के परीक्षण तथा दस्तावेज दर्ज करने के लिए उपयुक्त नहीं होता है। चौथा, सदन के मंच पर अपने सामने आए हर मुद्दे पर प्रत्येक सदस्य की सहभागिता नहीं सुनिश्चित हो सकती है। इसी कारण दुनिया भर की संसदों ने अपने अनेक काम करने के लिए विभिन्न प्रकार की समितियों का गठन किया है, भले ही सरकार की प्रकृति चाहे जो हो। दो सदनों वाली हमारी संसद में पांच दर्जन से अधिक समितियां हैं जो सरकारी गतिविधियों के लगभग सभी क्षेत्रों तक फैली हैं। इसी प्रकार राज्य विधायिकाओं में भी बड़ी संख्या में समितियां हैं। अनुच्छेद 105 व 194 संसद के दोनों सदनों तथा राज्य विधायिकाओं के सदस्यों और समितियों के सदस्यों को समान शक्तियां, विशेषाधिकार व उन्मुक्तियां प्रदान करते हैं। समिति एक मिनी सचिवालय की तरह काम करती है क्योंकि उसमें विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के सदस्यों का समानुपातिक प्रतिनिधित्व होता है। प्रत्येक समिति सुपरिभाषित काम करती है तथा अपने काम के बारे में निश्चित समयसीमा में विधायिका को रिपोर्ट करती है।

समिति के पास दस्तावेज व रिकार्ड मांगने तथा लोगों को बुलाने का अंतर्निहित अधिकार होता है जो विधायका की सरकार पर निगरानी की शक्ति प्रदर्शित करता है। वह 'सरकार की एजेंसियों की अक्षमता, कुशासन, भ्रष्टाचार, आदि' को उजागर कर उसका प्रकाशन करती है। यह शक्ति 'विधायी कार्यों में सहायता के लिए है और इसका अर्थ किसी व्यक्ति के निजी मामलों को अकारण उजागर करना नहीं है।' समितियां उचित विधायी कामकाज करती हैं तथा गवाहों की गवाहियां दर्ज कर सकती हैं। दुनिया की अनेक संसदों की समितियों के उलट हमारी समितियों की बैठकें निजी होती हैं। इसका उद्देश्य गवाहों को बिना मीडिया की चकाचौंध के अपनी बात स्वतंत्रता से रखना है और यह सुनिश्चित करना है कि वे जनता को आकर्षित करने की भावना नहीं पालेंगे। इन गवाहों में अधिकांशतः वरिष्ठ नौकरशाह होते हैं। कार्यवाहियों में शामिल लोगों को अपनी बात प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से मीडिया के समक्ष रखने की अनुमति नहीं है, जब तक कि उनकी रिपोर्ट विधायिका में पेश न कर दी जाए। समिति की रिपोर्ट में किसी सूचना या प्रमाण का संदर्भ दिया जा सकता है, बशर्ते कि सार्वजनिक हित के विपरीत होने के कारण इसे न शामिल करने की खास प्रार्थना की गई हो। सरकार सार्वजनिक हित के तर्क पर सूचना का साझा करने से इनकार कर सकती है। लेकिन इस तर्क को बहुत दूरगामी दृष्टिकोण से लागू करना चाहिए क्योंकि सूचना न देने के विपरीत प्रभाव हो सकते हैं और यह ज्यादा हानिकारक हो सकता है।

समिति के समक्ष प्रस्तुत गवाह या मंत्रालय का प्रतिनिधि यह शपथ लेता है कि वह कुछ भी नहीं छिपाएगा और उसकी गवाही का कोई हिस्सा झूठ नहीं होना चाहिए। यही बात समिति के समक्ष प्रस्तुत दस्तावेजों व सूचना पर लागू होती है। सवालों के जवाब देने से इनकार करना, जानबूझ कर झूठी गवाही देना, सत्य को दबाना या घुमा–फिरा कर जवाब देना तथा समिति द्वारा मांगे दस्तावेजों में हेराफेरी करना या उनको नष्ट करना समिति के विशेषाधिकार का उल्लंघन है। ऐसे कृत्य दंडनीय हैं। समिति के समक्ष दर्ज गवाहियां शब्दशः दर्ज की जाती हैं। रिपोर्ट में इनका पूरी तरह या आंशिक संदर्भ दिया जा सकता है। पुरानी समिति का अधूरा काम अगली समिति पूरा करती है। इस प्रकार विधायिका भंग होने का अर्थ समिति का काम समाप्त होना नहीं है। वरिष्ठ नौकरशाह विभिन्न चरणों में समितियों में निरंतर काम करते हैं। इसकी शुरुआत समिति के समक्ष परिष्कृत अध्ययन सामग्री के प्रस्तुतीकरण से होती है जिसके बाद सवालों के जवाब दिए जाते हैं तथा गवाहियां ली जाती हैं। अधिकारी ध्यान देते हैं कि सवालों के जवाब या सदन में मंत्री के वक्तव्य तथा समिति के समक्ष प्रस्तुतीकरण में भिन्नता न हो। आमतौर से समितियां विभिन्न मुद्दों पर स्पष्टीकरण मांगती हैं जो मौखिक गवाहियों या सवालों में शामिल नहीं होते हैं। इस प्रकार अधिकारियों के समक्ष सूचनाओं के संग्रह, समेकन व उनकी सटीकता की जांच के काम होते हैं तथा उसे निश्चित समय में समिति के समक्ष प्रस्तुत करना भी जरूरी होता है।

अनेक राज्य विधायिकाओं में यह प्रवृत्ति देखने में आई है कि अधिकारी व्यक्तिगत उपस्थिति से मुक्ति चाहते हैं, जबकि संसदीय काम को प्रशासनिक काम पर वरीयता मिलनी चाहिए। निश्चित रूप से संसदीय व्यवहारों में माहिर विभागीय प्रमुख विरले ही ऐसी प्रार्थना करते हैं। मजबूरी में सचिव उपस्थिति के लिए दूसरी तारीख मांग सकता है या समिति के समक्ष अपने कनिष्ठ अधिकारी को समिति की अध्यक्ष की अनुमति से पेश कर सकता है। सरकारी कर्मचारियों को खुशी से संसदीय जांच का हिस्सा बनना चाहिए क्योंकि इससे उसे विभागीय प्रमुखों के समक्ष अपनी सीमायें व कठिनाइयां प्रकट करने का भी अवसर मिलता है। इससे जवाबदेही की नौकरशाही श्रृंखला विकसित होती है तथा कार्यक्रम संबंधी कमियां सामने आती हैं। नौकरशाही समितियों की संस्तुतियों के परीक्षण तथा उनके क्रियान्वयन की भी जिम्मेदार होती है। हालांकि, ये संस्तुतियां बाध्यकारी नहीं होती हैं, फिर भी इनके महत्व से इनकार नहीं किया जा सकता है। सुविचारित संस्तुतियां अनेक महत्वपूर्ण जानकारियों के आधार पर की जाती हैं। इनमें अनेक मंत्रालयों व विशेषज्ञों तथा समिति में सभी दलों के सदस्यों का योगदान शामिल होता है। यदि कोई संस्तुति लागू करना संभव न हो तो नौकरशाही को अपनी सीमायें बतानी चाहिए। ऐसे में समिति अपनी संस्तुति पर संभवतः जोर न दे। संक्षेप में कहें तो समितियां शक्तिशाली के बजाय प्रभावशाली होती हैं, आदेश के बजाय सलाह देती हैं, नष्ट करने के बजाय आलोचना करती हैं तथा पहल के बजाय परीक्षण करती हैं।

प्रोफेसर व्हेरे के अनुसार, 'समितियां विविधता में एकता, भ्रम में दिशा तथा चर्चा में निर्णय पैदा करती हैं।' जब कोई सर्वदलीय सहमति एक स्वर में बोलती है तो उसकी संस्तुतियां स्वीकार करना सरकार की मजबूरी बन जाती है। हालांकि, विधायिका की समितियों में विधायिका सचिवालय के अधिकारी व कर्मचारी भाग लेते हैं, पर कार्यपालिका के अधिकारी उनको दस्तावेज प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। समितियों की संस्तुतियों का परीक्षण व क्रियान्वयन नौकरशाही के माध्यम से होता है। इसके अलावा समिति की रिपोर्टों में नौकरशाही का अमूल्य योगदान होता है। हर समिति सदन में पेश अपनी रिपोर्टों में नौकरशाही के योगदान व सहयोग का अपरिहार्य रूप से उल्लेख भी करती है।

# मानवीय संवेदनशीलता का परिचायक रेड क्रॉस

> पिछले वर्ष, वैश्विक रेड क्रॉस टीमों की पहल के माध्यम से 5 मिलियन से अधिक लोगों ने राहत सहायता प्राप्त की।

**राजदीप पाठक**
(लेखक, गांधी स्मृति दर्शन समिति के प्रोग्राम एक्जीक्यूटिव हैं।)



रूस–यूक्रेन युद्ध शुरू हुए एक साल, दो महीने और तीन सप्ताह से अधिक हो गए हैं, दोनों देशों में सैकड़ों की संख्या में वर्दीधारी पुरुषों और नागरिकों की मौत हो गई। लाखों लोग, जिनमें महिलाएं, बच्चे, बूढ़े और विकलांग लोग शामिल हैं, सब कुछ छोड़कर भाग गए हैं। एक रिपोर्ट बताती है कि लगभग 6 मिलियन लोग यूक्रेन में आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए हैं और 7.8 मिलियन से अधिक नागरिक दूसरे देशों में भाग गए हैं।

अंतरराष्ट्रीय सशस्त्र संघर्ष के कारण विस्थापन हुआ है, जिस पैमाने पर यूरोप ने दशकों में नहीं देखा है। ये परिवार अधर में हैं क्योंकि वे अपनी अगली चाल का पता लगाने की कोशिश करते हैं – एक नए स्थान पर शुरू करना या अनिश्चितता या संभावित खतरे पर लौटना।

इस समय के दौरान, रेड क्रॉस की टीमें कॉल का जवाब देने के लिए मौजूद थीं – उन लोगों को आवश्यक मानवीय सहायता प्रदान करना जिन्हें इस चुनौतीपूर्ण और अनिश्चित समय के दौरान इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। पिछले वर्ष में, ग्लोबल रेड क्रॉस टीम की पहल के माध्यम से 5 मिलियन से अधिक लोगों ने राहत सहायता प्राप्त की, जो लोगों को महत्वपूर्ण सेवा प्रदान करना जारी रखे हुए है। ऑपरेशन में शामिल 100,000 से अधिक स्वयंसेवकों के साथ, रेड क्रॉस ने स्वास्थ्य हस्तक्षेप प्रदान करने वाले 718,000 से अधिक लोगों तक पहुंचना सुनिश्चित किया है।

इतना ही नहीं, 626,000 से अधिक लोगों को 64.8 मिलियन डॉलर की बहुउद्देशीय नकद सहायता वितरित की गई है। साथ ही, 66,500 लोगों को सुरक्षा, लिंग और समावेशन गतिविधियों से सहायता मिली है और 8 मिलियन से अधिक लोग पानी तक बेहतर पहुंच से लाभान्वित हुए हैं। मानसिक स्वास्थ्य और मनोसामाजिक समर्थन वाले 367,000 से अधिक लोगों को सहायता प्राप्त हुई है। आंकड़े (फरवरी 2022 से सितंबर 2022 तक) बढ़ रहे हैं। यह प्रयास यूक्रेन की सीमाओं के बाहर भी जारी है।

जबकि द वर्ल्ड रेड क्रॉस सहित संगठनों ने 8 मई को विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया, यह अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस और रेड क्रीसेंट मूवमेंट द्वारा किए गए अपार मानवीय योगदान का एक वैश्विक अनुस्मारक है। 1863 में अपनी स्थापना के बाद से, रेड क्रॉस ने संकट के समय पीड़ा को कम करने, चिकित्सा सहायता प्रदान करने और मानवीय गरिमा के लिए सम्मान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

1859 में सोलफेरिनो की लड़ाई के दौरान युद्ध की भयावहता को देखने वाले एक स्विस व्यवसायी हेनरी डुनेंट द्वारा स्थापित और घायल सैनिकों की पीड़ा से द्रवित हुए, एक तटस्थ और निष्पक्ष संगठन की कल्पना की जो सशस्त्र संघर्षों के सभी पीड़ितों की देखभाल करेगा, जो भौतिक हो गया 1863 में जिनेवा में रेड क्रॉस (आईसीआरसी) की अंतरराष्ट्रीय समिति की स्थापना के साथ।

प्रथम विश्व युद्ध के दौरान, रेड क्रॉस ने एक महत्वपूर्ण मानवीय कड़ी के रूप में कार्य किया, चिकित्सा आपूर्ति प्रदान करना, अस्पतालों की स्थापना करना और अलग हुए परिवारों के बीच संचार की सुविधा प्रदान करना। पीड़ा को दूर करने और मानव जीवन के प्रति सम्मान को बढ़ावा देने के लिए इसका अटूट समर्पण सीमाओं के पार के लोगों के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होता है।

रेड क्रॉस के प्रयास युद्ध क्षेत्रों से कहीं आगे तक फैले हुए हैं। भूकंप, तूफान और सूनामी जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान, रेड क्रॉस प्रभावित समुदायों को आपातकालीन चिकित्सा देखभाल, भोजन, पानी, आश्रय और अन्य आवश्यकताएं प्रदान करते हुए तेजी से राहत अभियान चलाता है। उनके स्वयंसेवक अथक रूप से काम करते हैं, अक्सर अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालकर संकट में पड़े लोगों के लिए आशा और सांत्वना लाते हैं।

रेड क्रॉस इतिहास के पन्नों के बीच, दक्षिण अफ्रीका में बोअर युद्ध (1899–1902) के दौरान युवा मोहनदास करमचंद गांधी का उल्लेखनीय योगदान भी निहित है, जहां गांधी ने अंग्रेजों के तत्वावधान में रेड क्रॉस एक स्वयंसेवी चिकित्सा दल के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

यूरोपीय आयोग के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन से लेकर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रॉन, कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो से लेकर पूर्व जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल तक के विश्व नेताओं ने रेड क्रॉस के अपार योगदान को स्वीकार किया है। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के लिए, रेड क्रॉस मानवीय प्रतिक्रिया में एक अनिवार्य भागीदार है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेड क्रॉस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, वैश्विक रेड क्रॉस आंदोलन के हिस्से के रूप में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, मानवीय प्रयासों में सबसे आगे रही है, जो उन लोगों को सहायता, आराम और समर्थन प्रदान करती है। हमारे देश भर में जरूरत है।

जबकि रेड क्रॉस संगठन संकटों का जवाब देने में सारे विश्व में एक अतिमहत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और इसके स्वयंसेवक और कर्मचारी सबसे कमजोर आबादी को आपातकालीन सहायता प्रदान करने के लिए अथक रूप से काम करते हैं और आपदा की तैयारी, स्वास्थ्य संवर्धन और सामुदायिक लचीलेपन में योगदान करते हैं, जिससे दुनिया भर के समुदायों को मदद मिलती है। बेहतर भविष्य, वैश्विक मानवतावाद पर यह स्थायी प्रभाव, एक अनुस्मारक के रूप में कार्य करता है कि करुणा, सहृदयता और सहानुभूति सीमाओं को पार कर सकती है और शांति के लिए सकारात्मक परिवर्तन को प्रेरित कर सकती है। सीमाओं से परे, नेताओं और नागरिकों को इसे साझा जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करना चाहिए।

## आप की बात

### स्वागत योग्य निर्णय

**यूजीसी** द्वारा मूल्य प्रवाह–2 को पाठ्यक्रम में शामिल करने का जो निर्देश दिया है वह समयानुकूल व स्वागत योग्य है। छोटी अवस्था में ही प्राइमरी मिडिल क्लास से लेकर आगे तक प्रवाह–2 जैसे प्रयास पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने चाहिए जिनमें न सिर्फ किताबी ज्ञान हो बल्कि व्यवहारिक ज्ञान भी शामिल हो। दो दशक पहले तक हाई स्कूल से लेकर कॉलेज स्तर तक राष्ट्रीय सेवा योजना और एनसीसी लेना अनिवार्य होने से छात्र खुद ही देश के सामाजिक परिवेश, बात–व्यवहार व अदब के साथ–साथ प्राथमिक सैन्य प्रशिक्षण भी प्राप्त कर लेते थे। वे किसी भी प्रकार की आपदा की स्थिति में टीम बनाकर सहयोग के लिए तत्काल पहुंच जाते थे, जिसकी संस्थान के वार्षिक समारोह में प्रशंसा की जाती थी। इसके लिए प्रशंसा पत्र के साथ–साथ परीक्षा में 5 अंक भी दिए जाते थे ताकि अधिकाधिक छात्र इससे जुड़ें। यही प्रयास फिर से शुरू किया जाना चाहिए। स्कूल के साथ–साथ पारिवारिक स्तर पर भी बच्चों को संस्कारित किया जाना चाहिए ताकि वे बड़े होकर देश के सभ्य नागरिक बनें। बच्चों को आधुनिक तकनीकी ज्ञान के साथ ही परिवार और समाज से जोड़ना तथा उनसे निरंतर बातचीत करना भी शिक्षाविदों के विचार से अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### आत्ममुग्ध कांग्रेस

**निसंदेह** कर्नाटक चुनाव में शानदार जीत के बाद कांग्रेस का मनोबल बढ़ा है। लेकिन दक्षिण भारत के एक राज्य में बहुमत हासिल करने मात्र से 2024 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की बड़ी जीत संभव है और विपक्षी खेमे में धाक और साख बढ़ी है, इस आत्ममुग्धता से कांग्रेस को बचना होगा। कांग्रेस के कई दिग्गज नेता अति उत्साह में धर्म आधारित टिप्पणियां कर रहे हैं और अनावश्यक विवाद में शामिल होते हैं। ऐसा करने से कांग्रेस का कतई भला होने वाला नहीं है। उसे समझना होगा कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में धार्मिक भावनाओं की चर्चा और पिच पर भाजपा का मुकाबला कॉन्ग्रेस नहीं कर सकती है। दक्षिण भारत का राजनीतिक मानस, परिस्थितियां, स्थितियां एवम वैचारिक चिंतन बिल्कुल अलग है। कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर चली उठापटक से उसकी छवि खराब हुई है। गुटबाजी कांग्रेस की पुरानी समस्या है। राजस्थान कांग्रेस जीता जागता उदाहरण है जहां पार्टी के पूर्व उपमुख्यमंत्री पार्टी के खिलाफआंदोलनरत हैं और सरकार व संगठन को बड़ी परेशानी में डाले हुए हैं। आत्ममुग्धता ऐसे में कांग्रेस के लिए विनाशकारी हो सकती है।

– **वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### बच्चों पर बोझ

**अप्रैल** की पूरी गर्मी में पढ़ाई करवाने के बाद मई जून की छुट्टियां चल रही हैं। मगर छुट्टियों के पहले ही बच्चों को इतना ढेर सारा होमवर्क दे दिया गया है कि वह कम से कम प्रतिदिन चार–पांच घंटे पढ़ाई करके ही उस होमवर्क को पूरा कर सकते हैं। वैसे भी पढ़ाई के दरमियान बच्चों को स्कूल और स्कूल के बाद कोचिंग मैं लगभग पूरा ही समय व्यतीत हो जाता है! छुट्टियों में कुछ राहत मिलने की संभावना बनती है तो प्राइवेट स्कूलों ने उसके साथ भी खिलवाड़ करते हुए छात्रों को इतना होमवर्क दे दिया है कि वह सकून के साथ छुट्टियां नहीं मना सकेंगे और मनाएंगे तो उनके सिर पर होमवर्क का इतना बोझ चढ़ा रहेगा कि वह स्कूल में पढ़ाई के साथ उसे भी पूरा करने को मजबूर होंगे। बच्चों पर इतना बोझ डालना उनका बचपन छीनने के समान है। ऐसे में शिक्षा मंत्रालय व सरकार को तुरंत हस्तक्षेप कर गर्मी में बच्चों को किसी भी प्रकार का होमवर्क देने पर सख्त पाबंदी लगाना चाहिए। स्वयं प्रधानमंत्री को इस बारे में पहल करनी चाहिए जो मन की बात के माध्यम से बच्चों पर अनावश्यक बोझ व दबाव डालने के मुखर विरोधी रहे हैं।

–**सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### ममता फार्मूला

**कर्नाटक** चुनावों ने कांग्रेस व विपक्षी खेमे की आँखों की चमक बढ़ा दी है। हिमाचल प्रदेश के बाद इन चुनावों के नतीजों ने यह साबित कर दिया है की भाजपा को हराया जा सकता है। लेकिन ममता बनर्जी के फार्मूले ने कांग्रेस में बेचैनी पैदा कर दी है। उनके अनुसार जहां कांग्रेस मजबूत हैं वहां बाकी विपक्षी दलों को पीछे हटना होगा और जहां विपक्षी दल मजबूत हैं वहां कांग्रेस पीछे हट जाए। इस प्रकार वे पश्चिम बंगाल में अपना गढ़ सुरक्षित रखना चाहती हैं। यह बात दूसरे क्षेत्रीय क्षत्रपों को भी पसंद आ रही है। लेकिन राज्य और केंद्र के चुनाव में जमीन आसमान का अंतर हैं जिनमें मतदाता विभिन्न तरीके से वोट करते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण 2019 के ओड़िसा चुनाव हैं जहाँ एक ही दिन में मतदाताओं ने राज्य के लिए बीजू पटनायक के लिए वोट डाला वहीं केंद्र के लिए मोदी सरकार को चुना। मजेदार बात है जहां विपक्षी अभी खिचड़ी बनाने का फार्मूला तलाश रहे हैं, वहीं भाजपा ने मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों पर अभियान चलाने की रूपरेखा भी तैयार कर ली है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई–मेल से
responsemail.hindipioneer@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

# पहले चरण में वाराणसी व गोरखपुर में होगा एकीकृत मंडलीय कार्यालय परिसर का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रशासनिक कार्यों में सुगमता एवं आमजन की सुविधा के दृष्टिगत शासन स्तर पर संचालित सचिवालयों की तर्ज पर मंडल मुख्यालयों पर एकीकृत मंडलीय कार्यालय परिसर का विकास किया जाना व्यावहारिक होगा। प्रारंभिक चरण में गोरखपुर व वाराणसी मंडल मुख्यालय पर ऐसे मॉडल एकीकृत मंडलीय कार्यालय परिसर का विकास करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई तेजी से आगे बढ़ाई जाए।

योगी ने गुरुवार को लखनऊ में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में वाराणसी व गोरखपुर में प्रस्तावित एकीकृत मंडलीय कार्यालय परिसरों के निर्माण की प्रगति समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एकीकृत मंडलीय कार्यालय के माध्यम से आम जनता से जुड़े सभी प्रमुख कार्यालय एक ही परिसर में संचालित होंगे। मंडल स्तरीय अधिकारियों का यह एकीकृत कार्यालय ऑडिटोरियम, वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम, पार्किंग, पेपरलेस वर्किंग आदि अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हो। इसके बनने से जनता को काफी सुविधाएं होंगी। अपने काम के लिए उन्हें अलग-अलग दफ्तर आने-जाने की असुविधा नहीं होगी। विभिन्न्न कार्यालयों के बीच बेहतर समन्वय हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि वाराणसी और गोरखपुर में एकीकृत मंडलीय कार्यालयों का निर्माण वीडीए और जीडीए द्वारा किया जाए। परियोजना की लागत संबंधित विकास प्राधिकरणों द्वारा ही वहन की जाए। एकीकृत भवन के संचालित होने के उपरांत जो सरकारी कार्यालय यहां शिफ्ट होंगे, उनके पूर्ववर्ती कार्यालय के परिसर की भूमि व भवन का प्रयोग प्राधिकरण ही करे। परियोजना के लिए शासन स्तर से भी आंशिक वित्तीय सहयोग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एकीकृत मंडलीय कार्यालय परिसर की परियोजना शासन की प्राथमिकता में है। दोनों सम्बंधित विकास प्राधिकरण यथाशीघ्र अपना प्रस्ताव शासन को प्रेषित करें ताकि निर्माण कार्य समय से प्रारंभ हो सके। इसके स्वरूप का निर्धारण करते समय शहर के आगामी 50 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखें।

## झारखंड के राज्यपाल ने सीएम योगी से की भेंट



**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को उनके सरकारी आवास पर झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी ने राज्यपाल को उपहार स्वरूप ओडीओपी के उत्पाद भी भेंट किए।

## सीएम ने मुठभेड़ में शहीद असम राइफल्स के जवान को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

● शहीद के परिजनों को 50 लाख की आर्थिक सहायता व एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मणिपुर में अज्ञात सशस्त्र व्यक्तियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जनपद चन्दौली निवासी असम राइफल्स के जवान आलोक राव को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद आलोक राव के नाम पर करने की भी घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने शहीद आलोक राव के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा शहीद जवान के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जाएगी।

# सीएम योगी व दोनों डिप्टी सीएम की मौजूदगी में भाजपा प्रत्याशियों ने किया नामांकन



● 29 को होगा विधान परिषद की दो रिक्त सीटों पर उपचुनाव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधान परिषद की रिक्त दो सीटों के लिए बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों ने नामांकन किया। भाजपा ने विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य के इस्तीफे और बनवारी लाल दोहरे के निधन से रिक्त हुई दो सीट के लिए अपने प्रत्याशी उतारे हैं। भाजपा ने मानवेंद्र सिंह और पदमसेन चौधरी को अपना उम्मीदवार बनाया है। लक्ष्मण आचार्य कुछ समय पहले सिक्किम के राज्यपाल बनाए गए थे। आचार्य का कार्यकाल जनवरी 2027 तक और दोहरे का कार्यकाल छह जुलाई 2028 तक था। दो सीटों पर उपचुनाव के लिए अधिसूचना 11 मई को जारी की गई थी और बृहस्पतिवार को नामांकन पत्र दाखिल करने का आखिरी दिन है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि नामांकन पत्रों की जांच 19 मई को की जाएगी और 22 मई नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख है। उन्होंने कहा कि मतदान 29 मई को होगा और नतीजे उसी दिन आ जाएंगे।

विधान भवन सभागार में बृहस्पतिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में भारतीय जनता पार्टी के मानवेंद्र सिंह और पदमसेन चौधरी ने नामांकन किया। इससे पहले पद्मसेन चौधरी व मानवेन्द्र सिंह गुरुवार को सुबह 11 बजे प्रदेश कार्यालय पहुंचे। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में पार्टी प्रत्याशियों का उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अभिनंदन करते हुए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री संजय राय ने किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, प्रदेश महामंत्री, गोविन्द नारायण शुक्ल, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सहप्रभारी हिमांशु दुबे सहित अन्य वरिष्ठ पार्टी के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहें। तत्पश्चात उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ पार्टी प्रत्याशी नामांकन के लिए पार्टी कार्यालय से निकलकर विधान भवनस्थित पार्टी के विधानमंडल दल कार्यालय पहुंचे। भाजपा विधानमंडल दल कार्यालय से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, बृजेश पाठक व वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना के साथ पार्टी प्रत्याशी अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में राज्य सरकार के मंत्रीगण, विधायक व अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

# हर हाल में नवम्बर तक पूरी की जाएं पर्यटन विकास की परियोजनाएं: जयवीर सिंह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने सभी कार्यदायी संस्थाओं तथा विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभिन्न जनपदों में संचालित निर्माणाधीन परियोजनाओं को आगामी नवम्बर 2023 तक पूरा करते हुए स्वीकृत धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग आगामी दिसम्बर तक सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था तथा ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करते हुए एफ आईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होंने अधूरी परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिलान्यास एवं लोकार्पण के लिए तैयार परियोजनाओं की सूची उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।

जयवीर सिंह गुरुवार को पर्यटन निदेशालय में पर्यटन विभाग की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति तथा विभागीय क्रियाकलापों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं तथा क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य पूरा होने के तुरन्त बाद क्लोजर रिपोर्ट मुख्यालय को प्रेषित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जब तक कोई परियोजना विधिवत स्वीकृत न हो उस पर पहले से कार्य शुरू न कराया जाए। ऐसा करने वाले संबंधित अधिकारी के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले मेले, महोत्सवों के लिए एक वार्षिक कलेण्डर तैयार करने के निर्देश दिए।

## नए पेट्रोल-डीजल डीलरशिप के आवंटन में पैक्स को मिलेगी प्राथमिकता: जेपीएस राठौर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर ने बताया कि केन्द्रीय सहकारिता मंत्रालय की पहल पर पैक्स तथा चीनी मिलों के सुदृढ़ीकरण के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। जिससे प्रधानमंत्री के सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने में सफलता मिलेगी।

राठौर ने बताया कि पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मौजूदा थोक उपभोक्ता लाइसेंसधारी पैक्स को रिटेल आउटलेट में बदलने के लिए सहमति दे दी है। इसके तहत मौजूदा पैक्स को अपने थोक उपभोक्ता पंपों को रिटेल आउटलेट में बदलने के लिए एक बार विकल्प दिया जाएगा, बशर्ते वे वैधानिक अनुमोदन और अन्य अनुमतियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा आउटलेट स्थापित करने के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा करें। इसके अतिरिक्त, एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप के लिए पैक्स को पात्र बनाने के लिए पेट्रोलियम मंत्रालय द्वारा नियमों में बदलाव किए जाएंगे। उन्होने बताया कि यह भी निर्णय लिया गया है कि नए पेट्रोल-डीजल की डीलरशिप के आवंटन में पैक्स को स्वतंत्रता सेनानी तथा स्पोर्ट्स कोटे के साथ कंबाइंड केटेगरी-2 (सीसी-2) श्रेणी में डाला जाएगा। इसके अलावा, इथेनॉल ब्लेंडिंग कार्यक्रम के तहत पेट्रोलियम मंत्रालय यह सुनिश्चित करेगा कि सहकारी चीनी मिलों को इथेनॉल खरीद के लिए अन्य निजी कंपनियों के अनुरूप प्राथमिकता दी जाए। राठौर ने कहा कि इस निर्णय से पैक्स ग्रामीण विकास की धुरी बनेगी तथा सहकारिता आंदोलन और मजबूत होगा।

# सपा प्रत्याशियों ने भी नामांकन कर चौंकाया

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के उम्मीदवारों ने नामांकन करने के अंतिम दिन पर्चा दाखिल कर सबको चौंका दिया, क्योंकि विधानसभा में संख्या बल के हिसाब से भाजपा उम्मीदवारों की जीत लगभग तय मानी जा रही है। विधानसभा सचिवालय के एक अधिकारी ने बताया कि समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार राम जतन राजभर (मऊ से) और राम करण निर्मल (कौशांबी से) ने भी पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष नरेश उत्तम और अन्य की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। माना जा रहा है कि सपा ने लोगों को यह संदेश देने के लिए अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है कि वह सत्ताधारी दल को बिना लड़ाई के वाकओवर नहीं दे रही है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया सपा के दो प्रत्याशियों के नाम पर पार्टी नेतृत्व ने बृहस्पतिवार सुबह ही अंतिम मुहर लगायी थी। भाजपा ने 100 सदस्यीय उच्च सदन के चुनाव के लिए पदमसेन चौधरी और मानवेंद्र सिंह के नामों की घोषणा की है, जहां भाजपा को पर्याप्त बहुमत प्राप्त है। भाजपा के उम्मीदवार मानवेंद्र सिंह दो बार विधान परिषद के सदस्य रह चुके हैं और उन्होंने पार्टी के कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रमुख के रूप में भी काम किया है। पदमसेन पूर्व सांसद रह चुके हैं और बहराइच के मूल निवासी हैं। इन सीट पर विधानसभा के सदस्य ही मतदान करेंगे और विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा के बहुमत में होने के कारण पार्टी के दोनों प्रत्याशियों की जीत तय मानी जा रही है। उत्तर प्रदेश की 403 सदस्यीय विधानसभा में सत्तारूढ़ भाजपा के 255 विधायक हैं।

## विजेता व उपविजेता प्रत्याशियों का कांग्रेस ने किया सम्मान

**लखनऊ।** यूपी कांग्रेस मुख्यालय पर लखनऊ नगर निगम चुनाव में पार्षद पद पर विजेता एवं उपविजेता रहे प्रत्याशियों का सम्मान समारोह जिला-महानगर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी द्वारा माला पहनाकर सम्मानित किया गया, साथ ही नगर निगम चुनाव में प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ कांग्रेसजनों एवं पूर्व पार्षदों को माला पहनाकर तथा शॉल देकर सम्मानित किया गया। कृष्णकांत पांडेय ने बताया कि लखनऊ नगर निगम वार्ड संख्या 51 इस्माईलगंज प्रथम से मुकेश सिंह चौहान, वार्ड संख्या 21 मालवीय नगर से ममता चौधरी, वार्ड संख्या 37 गोमतीनगर से कौशल शंकर पाण्डेय तथा वार्ड संख्या 102 कल्बे आबिद से इफ हामुल्लाह फैज़ को पार्षद पर पर चुने जाने पर सम्मानित किया गया। साथ पार्षद पद पर वार्ड संख्या 52 कन्हैया माधव पुर से मोहम्मद सलीम, वार्ड संख्या 99 अचार्य नरेन्द्र देव से अल्ममिश वार्ड संख्या 84 कदम रसूल से मोहम्मद सगीर, वार्ड संख्या 28 राजाराम मोहन राय से राकेश चौधरी तथा वार्ड संख्या 58 मोतीलाल नेहरू से सूर्यपाल सिंह उपविजेता रहे उन्हें भी सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बृजलाल खाबरी ने कहा कि आज लड़ाई आर पार की है एक तरफ देश को बेचने वाले लोग हैं और दूसरे तरफ देश को बचाने वाले लोग हैं। हमें देश और संविधान को बचाने के लिए आगे बढ़ना होगा। हमें मनन करने की आवश्यकता है। छोटी-छोटी बातों को भूलकर एक साथ काम करके संगठन को मजबूत करना होगा। आने वाले दिनों में होने वाले लोकसभा चुनाव में राहुल गांध इस देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए हमें जी तोड़ मेहनत करने की आवश्यकता है। नगर निकाय चुनाव में प्रशासन से लड़-झगड़कर कांग्रेस का झंडा उठाने वाले कार्यकर्ताओं ने यह सिद्ध कर दिया है कि कांग्रेस कभी समाप्त नहीं हो सकती। कर्नाटक में मिली जीत ने कार्यकर्ताओं का हौसल बढ़या है। जिला-महानगर अध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि लखनऊ में कांग्रेस संगठन को गतिशील बनाने के लिए हम बूथ स्तर तक अपने कार्यकर्ता तैयार करेंगे।

# एकजुटता से भाजपा के अन्याय का हर स्तर पर मुकाबला करें कार्यकर्ता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं का आवाह्न किया है कि वे एकजुटता से भाजपा के अन्याय का हर स्तर पर संगठित होकर मुकाबला करें। उन्होंने दृढ़ता से कहा कि भाजपा की कोई भी ताकत 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता के सामने टिक नहीं सकती है। भाजपा कायरों की जमात है, वह अपनी कायरता के बचाव में पुलिस-प्रशासन का इस्तेमाल कर रही है लेकिन जनता की ताकत से कोई बड़ा नहीं है।

अखिलेश यादव गुरुवार को पार्टी मुख्यालय लखनऊ में एकत्र पार्टी नवनिर्वाचित स्थानीय निकाय चेयरमैन, सभासदों, वकीलों तथा प्रमुख नेताओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा है कि भाजपा सत्ता के दुरुपयोग और बेईमानी से चुनाव परिणाम अपने पक्ष में करने की कोशिश करने की साजिश तो कर सकती है पर समाजवादियों की ताकत हर तरह से भाजपा से ज्यादा है। कार्यकर्ता और नेता अपनी ताकत पहचानें, वे एकजुट होकर भाजपा का हर स्तर पर मुकाबला करे। भाजपा ढलान पर है। भाजपा समाज में बिखराव पैदाकर छल बल से और षड्यंत्र के द्वारा लोकतंत्र पर जबरन कब्जा कर रही है। यादव ने कहा कि जनता भाजपा के अन्याय, अत्याचार के खिलाफ एकजुट हो जाएगी तो उसके सामने 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा टिक नहीं पाएगी। भाजपा ने जनता से झूठे वादे किए। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। चारों तरफ अराजकता है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों से अर्थव्यवस्था चौपट हो गयी है। किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। किसानों को फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल पाया है। नौजवानों का भविष्य अंधेरे में है। भाजपा पूंजीपतियों की हितैषी और गरीब विरोधी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को उसके अहंकार, भ्रष्टाचार और झूठे वादों का करारा जवाब देगी।

# निकाय चुनाव में भाजपा सरकार ने सरकारी मशीनरी का किया घोर दुरुपयोग: मायावती

● बसपा अध्यक्ष ने पार्टी नेताओं व पदाधिकारियों को लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बसपा** अध्यक्ष मायावती ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भाजपा की सरकार ने सरकारी मशीनरी का घोर दुरुपयोग किया है। मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायतें आम रहीं। इसकी वजह से अधिकांश मतदाता मतदान नहीं कर सके। मायावती ने कहा कि यह अति दुखद और लोकतंत्र के भविष्य के लिए अति.चिंतनीय है। मायावती गुरुवार को माल एवेन्यू स्थित पार्टी मुख्यालय में बैठक कर रहीं थीं। इसमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, 18 मंडलों और 75 जिलों के जिला अध्यक्ष और पदाधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में नगर निकाय चुनाव में मिली हार और आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर अहम चर्चा की गईं। बैठक में सबसे पहले प्रदेश स्तरीय और उसके बाद मंडल व जिलावार पदाधिकारियों की समीक्षा की गई। पदाधिकारियों से मिले फीडबैक के अनुसार चुनाव के दौरान खासकर भाजपा और सपा द्वारा साम, दाम, दंड, भेद आदि अनेकों प्रकार के घिनौने हथकंडे अपनाए गए। इस चुनाव भाजपा की सरकार ने सरकारी मशीनरी का घोर दुरुपयोग किया है। मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायतें आम रहीं। इसकी वजह से अधिकांश मतदाता मतदान नहीं कर सके। मायावती ने कहा कि यह अति दुखद और लोकतंत्र के भविष्य के लिए अति-चिंतनीय है। मायावती ने उपस्थित पदाधिकारियों से कहा कि इन्हीं गंभीर हालात व चुनावी मुद्दों से निपटने और रणनीति तैयार करने के लिए आज यहां बैठक बुलाई है।

उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कुल मिलाकर 'वोट हमारा राज तुम्हारा' के प्रचलित हालात को आगामी लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर बदलने के सामूहिक प्रयास को गांव-गांव तक और तेज गति से जनता के बीच पहुंचाने की जरुरत है। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के करोड़ों लोग अपनी गरीबी, लाचारी तथा प्रदेश के पिछड़ेपन आदि को दूर करके अपनी बेहतरी एवं अपने परिवार के उज्जवल भविष्य के लिए बदलाव की चाह रखते हैं। ऐसे में उन्हें बसपा को सत्ता परिवर्तन का सही व सार्थक विकल्प बनकर आगे आना होगा। इसके लिए सभी लोगों को मिलजुलकर पूरे तन-मन से काम करने की जरुरत है। बसपा प्रमुख ने कहा कि आगे की चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए पार्टी संगठन में जरूरी सुधार और इस प्रक्रिया को निचले स्तर तक जारी रखें। देश में लोकतंत्र की रक्षा व संविधान के सम्मान के लिए मतदाताओं में जागरुकता व जनभागीदारी को और बढ़ाने पर जोर दें।

## शानदार होगी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मेजबानी में 25 मई से आयोजित होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स की ओपनिंग सेरेमनी भव्य एवं शानदार होगी। शुभारंभ समारोह में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुख्य अतिथ होंगे और वह वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, केन्द्रीय खेल एवं युवा कल्याण मंत्री अनुराग ठाकुर तथा केन्द्रीय खेल राज्यमंत्री निसिथ प्रमानिक भी मौजूद रहेंगे।

अपर मुख्य सचिव खेल एवं युवा कल्याण नवनीत सहगल ने बताया कि आगामी 25 मई को बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी में होने वाले शुभारंभ समारोह में मशहूर गायक कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति देंगे। इसके अतिरिक्त विभिन्न सांस्कृति कार्यक्रमों का भी आयोजन होगा। शुभारंभ समारोह में प्रदेश के सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि एनसीसी कैडेट्स सहित स्कूली बच्चे भी इस समारोह के साक्षी होंगे। डॉ. सहगल ने बताया उत्तर प्रदेश सहित देश के सभी राज्यों के मंत्रियों को शुभारंभ समारोह में आमंत्रित किया जा रहा है।

## प्रदेश में अब तक 2.03 लाख मीट्रिक टन हुई गेहूं की खरीद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में रबी खरीद वर्ष 2023-24 के तहत किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के लिए 2125 रुपए प्रति कुन्तल की दर से गेहूं की खरीद की जा रही है। इसके लिए विभिन्न क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 2.03 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिससे अब तक 48422 किसान लाभान्वित हुए हैं तथा इसके एवज में किसानों को 394.04 करोड़ रुपए का भुगतान उनके खातों में किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खाद्य व अन्य क्रय एजेन्सियों द्वारा किसानों से गेहूं खरीदा जा रहा है, जिसमें खाद्य विभाग के 1250, पीसीएफ के 3450, यूपीएसएस के 250, यूपीपीसीयू के 600, नैफेड के 100, मण्डी परिषद के 150 एवं भारतीय खाद्य निगम के 200 क्रय केन्द्र स्थापित किए गए हैं।

# अब हिस्ट्रीशीटरों के घर के पता का देशांतर व अक्षांश नोट करना अनिवार्य

● डीजीपी के निर्देश, क्रॉस चेकिंग में हिस्ट्रीशीटर के घरों का पता गलत मिला तो नपेंगे एसओ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में पेशेवर अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोलते समय उनके घर के पता का देशांतर और अक्षांश नोट करना थाना प्रभारियों के लिए जरूरी होगा। यदि जांच के दौरान पता गलत निकला तो थाना प्रभारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी आरके विश्वकर्मा ने इस बाबत सभी जिलों के एसपी और जोन के एडीजी को निर्देश जारी किए हैं।

डीजीपी ने जारी निर्देशों में कहा है कि सभी हिस्ट्रीशीटर के देशांतर और अक्षांश को हिस्ट्रीशीट में लिखना जरूरी होगा। यदि क्रॉस चेकिंग के दौरान थाना प्रभारी द्वारा रिकॉर्ड किया गया देशांतर और अक्षांश गलत पाया गया तो थाना प्रभारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डीजीपी ने निर्देश जारी करते हुए कहा है कि हिस्ट्रीशीटर के देशांतर और अक्षांश की गलत रिकॉर्डिंग से आम लोगों को समस्या हो सकती है। ऐसे में इससे बचना होगा। डीजीपी ने सभी थाना प्रभारियों को तीन दिन के अंदर रिकॉर्ड को क्लाउड पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा एडीजी 112 को डीजीपी ने निर्देश दिए हैं कि हर जिले के किसी एक हिस्ट्रीशीटर का देशांतर और अक्षांश डेटा लेकर गूगल अर्थ के जरिए पीआरवी को भेजकर जांच करवाएंगे और उसकी रिपोर्ट डीजीपी को सौंपेंगे। उल्लेखनीय है कि हिस्ट्रीशीटरों की निगरानी के लिए पहले से ही कई दिशा-निर्देश जारी हैं। पुलिस स्टेशनों में बाकायदा हिस्ट्रीशीटरों के लेखा जोखा के लिए एक रजिस्टर होता है। चौंकाने वाली बात यह है कि कई बार सामने आया है कि इन हिस्ट्रीशीटर की निगरानी करने वाले हल्का सिपाही से लेकर थानेदार कई शातिर हिस्ट्रीशीटरों का चेहरा भी नहीं पहचानते हैं। ऐसे में डीजीपी ने इन्हीं कमियों को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किए हैं।

पूर्व में जारी निर्देशों में डीजीपी ने यह अवगत कराया था कि हिस्ट्रीशीट खोलते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। इनमें 18 साल से कम उम्र के व्यक्ति की हिस्ट्रीशीट नहीं खोली जाती है। सिर्फ शौकिया अपराध करने वालों की ही हिस्ट्रीशीट खोली जाती है। इसके अलावा जो अपराधी सक्रिय हैं उन्हीं की हिस्ट्रीशीट खोली जाती है। जो केस पेशबंदी या रंजिश में दर्ज कराए जाते हैं, उनके आधार पर हिस्ट्रीशीट न खोली जाए।

# सुरक्षा की दृष्टि से अब वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगवाना अनिवार्य

● परिवहन मंत्री ने प्रदेश स्तर पर अभियान चलाकर एचएसआरपी की जांच करने के निर्देश दिए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने सुरक्षा की दृष्टि से वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) लगवाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार सभी प्रकार की वाहनों में अब एचएसआरपी लगवाना अनिवार्य है जबकि बहुत ही सीमित संख्या में वाहन स्वामियों द्वारा अब तक अपने वाहनों में एचएसआरपी लगवाया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस सम्बंध में व्यापक अभियान चलाएं। अपर परिवहन आयुक्त-उप परिवहन आयुक्त लखनऊ परिक्षेत्र निर्मल प्रसाद ने बताया कि वाहन स्वामी 20 मई तक एचएसआरपी के लिए ऑनलाइन अप्लाई कर लें। 21 मई से प्रवर्तन टीम जांच अभियान चलाएंगी। इस दौरान जिस भी वाहन पर एचएसआरपी नहीं रहेगा, ऐसे वाहनों का नियमानुसार चालान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि परिवहन मंत्री एवं परिवहन आयुक्त के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। निर्मल प्रसाद ने बताया कि अभियान के दौरान सभी प्रकार के वाहनों (कामर्शियल, निजी, बड़े, छोटे) की जांच की जायेगी एवं एचएसआरपी न होने की दिशा में ऐसे वाहनों का चालान भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ऐसे वाहन स्वामी जिन्होंने एचएसआरपी की बुकिंग करा ली है, परन्तु एचएसआरपी प्राप्त नहीं हो सका है, ऐसे वाहन स्वामी बुकिंग रसीद दिखा सकते हैं। ऐसे वाहनों का चालान नहीं किया जायेगा। निर्मल प्रसाद ने कहा कि बिना एचएसआरपी के वाहन न केवल अपराधिक कृत्यों में इस्तेमाल हो रहे हैं, बल्कि राजस्व को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। बिना एचएसआरपी संदिग्ध वाहनों की पहचान मुश्किल होता है, जिसका अनुचित लाभ अपराधिक प्रवृत्ति के लोग उठा रहे हैं।

# मुख्यमंत्री के समक्ष नाथ कॉरिडोर और अन्य विकास कार्यों का प्रस्तुतीकरण

संवाददाता। बरेली





**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के समक्ष बरेली की मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल एवं बरेली विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिन्दर सिंह द्वारा नाथ नगरी बरेली में प्रस्तावित नाथ कॉरिडोर एवं अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। नाथ कॉरिडोर:- बरेली शहर में स्थित पौराणिक 7 नाथ मंदिरों अलखनाथ, मढ़ी नाथ, तपेश्वर नाथ, धोपेश्वर नाथ, पशुपति नाथ, बनखण्डी नाथ, त्रिवटी नाथ को आपस में जोड़ते हुए नाथ कॉरिडोर का निर्माण करने एवं इसके अन्तर्गत आने वाले प्रमुख चौराहों का विकास करने, सूचना पट्टी का निर्माण करने एवं नाथ मंदिरों के सौन्दर्यीकरण करने की योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके साथ ही सातों मंदिरों के प्रवेश द्वार के निर्माण का डिजाइन प्रस्तुत किया गया। प्रथम चरण में अलखनाथ मंदिर के विकास एवं जीर्णोद्धार की योजना का भी प्रस्तुतीकरण किया गया। अलखनाथ मंदिर के पहुँच मार्ग के विकास के साथ-साथ दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु बेंचों, जन सुविधाएं एवं पेयजल सुविधा, जूता, चप्पल रखने हेतु स्टैण्ड, पूजन एवं अन्य सामग्री के विक्रय हेतु स्टॉल का निर्माण, पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था करना प्रस्तावित है। साथ ही भण्डारे हेतु भण्डारा स्थल, गायों के रहने हेतु शैड का निर्माण एवं इसके खुले हुए क्षेत्र में पार्क के विकास कार्य के साथ-साथ इसमें चल रही नदी पर घाट का निर्माण की योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। इसके साथ-साथ अन्दर के मंदिर का विकास करते हुए अलखनाथ कॉरिडोर के निर्माण की योजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। उपरोक्त प्रस्तुतीकरण के उपरान्त माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि नाथ नगरी कॉरिडोर की डीपीआर पर्यटन विभाग को शीघ्र प्रस्तुत की जाये एवं प्रथम चरण में अलखनाथ मंदिर एवं धोपेश्वर नाथ मंदिर का विकास कार्य एवं कॉरिडोर का निर्माण शीघ्र कराया जाये। साथ ही निर्देशित किया गया कि बरेली के विकास कार्यों को इस रूप में किया जाये कि जिससे बरेली की पहचान नाथ नगरी के रूप में हो एवं बरेली में विभिन्न प्रवेश बिन्दुओं पर नाथ द्वारों का निर्माण किया जाये एवं उसका नामकरण भोले नाथ के विभिन्न नामों पर करा जाये, जिससे नाथ नगरी की पहचान सुनिश्चित हो। दर्शनार्थियों के लिए सातों मंदिरों की परिक्रमा हेतु इलेक्ट्रिनिक वाहनों का संचालन किया जाये।

# पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

● प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री को भेजा गया चार सूत्रीय मांग पत्र

संवाददाता। सीतापुर

**पुरानी** पेंशन बहाली को लेकर एक बार फिर राज्य कर्मचारी आर-पार की लड़ाई के मूड में है। गुरुवार को राज्य कर्मचारियों ने धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया एवं पुरानी पेंशन बहाल किए जाने की मांग एक स्वर से उठाई। इस दौरान दफ्तरों में कामकाज ठप्प रहा। विरोध प्रदर्शन में शामिल राज्य कर्मचारियों का उत्साह उस समय और दूना हो गया जब पैदल मार्च के दौरान पंचायती राज विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी दिव्यांग राकेश कुमार वैसाखी के सहारे सबसे आगे चल पड़े। कर्मचारी सबसे पहले विकासभवन परिसर में एकत्र हुए और धरना दिया। धरने को सम्बोधित करते हुए कर्मचारी शिक्षक, सयुंक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष आलोक मिश्रा ने कहा की अब राज्य कर्मचारी पुरानी पेंशन की बहाली और राष्ट्रीय वेतन आयोग के गठन को लेकर शांत नहीं बैठेंगे। उन्होंने आउट सोर्सिंग, संविदा, वर्क चार्ज केन्द्र और राज्य द्वारा वित्तपोषित परियोजनाओं में कार्यरत कर्मियों का भविष्य सुरक्षित विनियमितिकरण करने की नीति बनाने और सरकारी संस्थानों में निजीकरण बंद करने की मांग उठाई। धरना देने के बाद नारे लगाकर प्रदर्शन करते हुए डीएम कार्यालय पहुंचे इस दौरान पुरानी पेंशन बहाल करो, कर्मचारी एकता जिंदाबाद हमारी मांगे पूरी हो, अभी तो ये अंगड़ाई है आगे और लड़ाई है जैसे नारे गूंजते रहे। यहां प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सम्बोधित 4 सूत्रीय मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह को सौंपा गया। बताते कि सीतापुर में लगभग 6 हजार कर्मचारी पुरानी पेंशन लाभ योजना से वंचित हैं। अगर पुरानी पेंशन की बहाली हो जाती है तो इन कर्मचारियों को भी लाभ मिलेगा। इंडियन पब्लिक सर्विस इम्पलाईज फेडरेशन के आवाहन पर आयोजित एक दिवसीय धरने में होम्योपैथिक फार्मासिस्ट संघ के प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर हरिश्याम मिश्रा परिसर के मंत्री डाक्टर विनय सिंह उपाध्यक्ष राजेन्द्र शुक्ला, राजेश कुमार तिवारी, मुख्य संप्रेक्षक रोहित कुमार सक्सेना शिवम यादव, चेयरमैन सर्घर्ष समिति दिल हुसैन, उदय कुमार, श्रवण कुमार, मदनपाल, बलराम, विनय कुमार, अरविंद कुमार अनूप पाल सुंदरलाल सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# अमृत काल के पंच प्रण की संकल्पना थीम पर छात्रों ने प्रस्तुत किए मॉडल

संवाददाता। सीतापुर

**अमृत** काल के पंच प्रण और 2047 के भारत की संकल्पना थीम पर आधारित युवा उत्सव कार्यक्रम में छात्रों ने अपने मॉडल प्रस्तुत किए और जब उनके बारे में विस्तार से बताया तो सभी ने उन मॉडलों को बहुउपयोगी बताते हुए छात्रों के लगन और परिश्रम की सराहना की एंव उत्साह वर्धन किया। शहर के आनन्दी देवी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित युवा उत्सव में पंच प्रण के तहत कविता लेखन प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता, फोटोग्राफी प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता और सामूहिक सांस्कृतिक कार्यक्रम में शहर एंव ग्रामीण अंचल के लगभग 30 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग कर अपनी कला प्रदर्शित की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद सीतापुर की नवनिर्वाचित चेयरमैन नेहा अवस्थी ने उत्सव का शुभारम्भ किया। नवनिर्वाचित चेयरमैन ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए मॉडलो को देखा और सराहना की। उन्होने विभिन्न विभागो द्वारा लगाए गए स्टालों पर जाकर भी देखा और जानकारी ली। युवा उत्सव कार्यक्रम में छात्राओं ने राष्ट्रीय गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर मनमोहा। विभिन्न विद्यालयों से आए 15 से 29 आयु वर्ग तक के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। राजकीय इंटर कालेज सीतापुर के छात्र अरुण कुमार ने अपने द्वारा बनाए गए एक हेलमेट को प्रस्तुत किया। इस हेलमेट की विशेषात यह है की जब तक इसे लगाया नहीं जाएगा या जब तक प्रयोग में नहीं लाएगें तब तक बाइक स्टार्ट नहीं होगी। युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिले और उन्हे एक मंच प्रदान हो इस मंशा के साथ आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे नवनिर्वाचित चेयरमैन नेहा अवस्थी के पति नमीन्द्र अवस्थी ने कार्यक्रम की सराहना की।

# देश के सम्मान में काम करने वाला सैनिक है : मे. अभिषेक सिंह

● शौर्य पदक से सम्मानित मेजर अभिषेक के लिए लॉ मटीना स्कूल सम्मान समारोह आयोजित

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी




**पुलवामा** हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए विशेष अभियान में दो आतंकियों को ढेर करने व अपने अदम्य साहस की बदौलत महामहिम राष्ट्रपति से शौर्य पदक पाने वाले 50वीं बटालियन राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर अभिषेक सिंह के अपने गृह शहर लखीमपुर पहुंचने पर लॉ मटीना स्कूल के द्वारा बुधवार को विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मेजर अभिषेक सिंह को सम्मान के साथ मंच पर लाया गया। वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता अनस रसीदए विद्यालय प्रबंधक असद रसीद व प्रधानाचार्या जसप्रीत कौर एवं समस्त विद्यालय परिवार ने फूल.माला पहनाकर उनका सम्मान किया। मेजर अभिषेक सिंह ने सम्मान के लिए स्कूल प्रबंधन का धन्यवाद दिया। समारोह को सम्बोधित करते हुए मेजर अभिषेक सिंह ने कहा कि हर सैनिक देश के लिए कुछ भी कर गुजरने को लालयित रहता है। पुलवामा हमला देश को झकझोर देने वाली घटना थी। जब मुझे आतंकियों के खिलाफ विशेष अभियान में शामिल किया गया तो मन में बस यही तमन्ना थी कि जान भले चली जाए मगर देश की शान पर आंच नहीं आने दूंगा। देश की सेना ने आतंकियों से लोहा लिया। मेजर अभिषेक सिंह ने कहा कि उन्होंने दो आतंकियों को मुठभेड़ में ढेर किया। आतंकियों ने उन पर ग्रेनेड से हमला किया जिसमें वह जख्मी हुए। मेजर श्री सिंह ने कहा कि घायल होने का दर्द था मगर उससे ज्यादा खुशी इस बात की थी कि देश ने जो भरोसा मुझ पर जताया उस पर मैंने खरा उतरने की पूरी कोशिश की। उन्होंने शौर्य चक्र देने के लिए महामहिमा राष्ट्रपति को धन्यवाद भी ज्ञापित किया। साथ ही बच्चों को देश के प्रति समर्पित होने का जज्बा भी दिलाया। उन्होंने कहा कि जरूरी नहीं जो देश के बार्डर पर लड़े वही सैनिक है बल्कि किसी भी स्तर पर देश के सम्मान में समर्पण करने वाला हर शख्स सैनिक ही होता है। इस मौके पर वरिष्ठ आयकर अधिवक्ता अनस रसीद ने कहा कि शौर्य पदक से सम्मानित मेजर अभिषेक का हमारे बीच होना बड़े गर्व की बात है। हमें इनसे सीख लेनी चाहिए कि देश की आन से किसी भी प्रकार से समझौता नहीं करना है। हर दिल में देश.प्रेम का जज्बा होना चाहिए। उन्होंने स्कूल के बच्चों को देश के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित होने की सीख दी। स्कूल प्रबंधक असद रशीद ने कहा कि देश के सैनिकों के प्रति हमारे दिल में सच्ची श्रद्धा होनी चाहिए। क्योंकि यही सैनिक बार्डर की विषम परिस्थितियों में रहकर हमें दुश्मनों से महफूज रखते हैं। पुलवामा में भी देश के सैनिकों ने ही जान गंवाई जिनकी शहादत पर सभी की आंखें आज भी नम हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता बल्कि आतंकवाद एक विकृत सोच की उपज होती है। इस सोच का हम सबको मिलकर और डटकर सामना करना है। उन्होंने मेजर अभिषेक सिंह का धन्यवाद देते हुए बच्चों को उनकी सिखाई बातों से प्रेरणा लेने को कहा।

# सीएमओ ने किया सीएचसी का निरीक्षण

संवाददाता। रमिया बेहड खीरी



**विकासखंड** रमिया बेहड के सीएचसी का सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने निरीक्षण किया। उनके द्वारा आकांक्षात्मक ब्लॉक रमिया बेहड में स्वास्थ्य सेवाओं की उपकेंद्र वार समीक्षा की गई। उन्होंने गर्भवती महिला पंजीकरण ए एन सी जांच, प्रधानमंत्री वंदना योजना एनीमिया जांच संस्थागत प्रसव टीकाकरण आयुष्मान कार्ड पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। सीएचसी रमिया बेहड़ में निरीक्षण के दौरान सभी चीजें संतोषजनक पाई गई खराब प्रदर्शन वाले पांच उप केंद्र की एएनएम तथा आशा सीएचओ को निर्देशित करते हुए उन्होंने बताया कि आप लोग अपने कार्यों में प्रगति लाएं सीएमओ द्वारा आयुष्मान कार्डों का भी निरीक्षण किया और अधीक्षक द्वारा अच्छा कार्य किए जाने पर उनकी सराहना की गई व आईओ कार्यालय का निरीक्षण करने पर आईओ की भी सराहना की। बताया कि गर्भवती माताओं की उचित देखभाल के लिए स्वास्थ्य सेवा में कई इंडिकेटर्स बनाए गए हैं जिसमें गर्भवती माताओं की उचित देखभाल एवं रजिस्ट्रेशन कर संस्थागत प्रसव कराया जाना भी शामिल है ऐसे में उपकेंद्रवार सीएचओ और आशा आंगनवाड़ी की यह जिम्मेदारी बनती है कि वे सभी गर्भवती माताओं को चिन्हित कर डयू लिस्ट तैयार करें इसी के साथ आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड योजना मातृ एवं शिशु सुरक्षा आशा भुगतान निश्चय पोषण योजना व अन्य योजनाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बच्चे के जन्म के बाद उन्हें माता द्वारा स्तनपान कराना बेहद जरूरी होता है परंतु तमाम कारणों से माताएं ऐसा नहीं करतीं ऐसे में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि वे उन्हें जागरूक करें। उन्होंने बताया कि इस दौरान कार्यकर्ताओं की नैतिक जिम्मेदारी निभाते हुए लोगों को जागरूक करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि घर पर साफसफाई व कूलर फ्रिज पुराने बर्तन और गमलों में भरे पानी में डेंगू का लारवा पनपता है। जरूरी है कि इन स्थानों पर सफाई रखें और छिड़काव करें। इस दौरान एसीएमओ अश्वनी कुमार अधीक्षक डॉ अनिल वर्मा बीपीएम विकास श्रीवास्तव ब्लॉक अकाउंटेंट विकास आनंद बीसीपीएम अनिल कुमार आई ओ राजकुमारी एवं सहायक अखिलेश कुमार रविंद्र कुमार बीएमसी यूनिसेफ अंकित अवस्थी वरुण बंशवार डब्लूएचओ आयुष चतुर्वेदी एवं समस्त स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।

# सांसद ने कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को वितरित कीं पासबुकें

संवाददाता। सीतापुर

**लंबी** अवधि बाद क्षेत्र वासियों को मिलने जा रहे डाकघर के नए भवन का शिलान्यास मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद राजेश वर्मा ने किया। आजादी बाद पहली बार रामपुर मथुरा क्षेत्रवासियों को आधुनिक डिजिटल डाकघर का नया भवन अगले माह मिलने जा रहा है। नया भवन पूरी तरह सौर ऊर्जाकृत होगा। भवन में प्रकाश व्यवस्था के अलावा कम्प्यूटर आदि इसे से संचालित होंगे। बतादें अभी तक डाकघर की यह शाखा रामपुर मथुरा के बाजार स्थित एक किराए के भवन में संचालित थी। सांसद ने इस मौके पर कन्या सुमंगला योजना के 20 लाभार्थियों को पास बुके प्रदान की, और महिला सम्मान बचत बीमा पॉलिसी योजना के लाभार्थियों को भी पास बुकों का वितरण किया। आयोजित कार्यक्रम में डाकघर से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी देते हुए सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि अब क्षेत्रवासियों को आधार कार्ड बनवाने के लिए सीतापुर बिसवां महमूदाबाद नहीं जाना पड़ेगा। विकास खण्ड रामपुर मथुरा कार्यालय के समक्ष नवनिर्मित डाकघर भवन का शिलान्यास व वृक्षारोपण कार्यक्रम में पहुंचे सांसद राजेश वर्मा ने मौके पर मौजूद किसानों को फसल बीमा कराने की सलाह दी। सांसद ने बताया यह भवन जून माह में बनकर तैयार हो जाएगा। उसके बाद आधार कार्ड जैसी हर सुविधा उपलब्ध रहेगी। शिलान्यास के मौके पर सांसद ने पौधरोपण किया। इस मौके पर पोस्ट मास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष, जेपी त्रिपाठी, डाक अधीक्षक सीतापुर विनय कुमार, सहायक डाक अधीक्षक सुनील कुमार, सवितेन्द्र प्रताप सिंह, रोहित कुमार, जेपी त्रिवेदी, प्रदीप कुमार, कमलेन्द्र यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज सिंह, चंद्र भूषण शुक्ला, धीरेन्द्र मिश्रा, मोहन बारी,देवराज तिवारी, छोटोलाल मिश्रा, अविनय मिश्रा, राजेश शुक्ला, गिरिजेश गुप्ता, संतोष सिंह, जीत सिंह, विवेक सिंह, सतनाम सिंह, सत्य प्रकाश मिश्रा, आशुतोष अवस्थी, रामसेवक वर्मा, शीतला शुक्ला, गुड्डू सिंह, अशोक मिश्रा, ईश्वरचंद्र श्रीवास्तव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# संचालिका का शव अस्पताल के चैंबर में लटकता मिला

● परिजनों ने पार्टनर पर हत्या का आरोप लगाया

**शाहजहांपुर।** थाना कांट के अंतर्गत एक प्राइवेट अस्पताल में अस्पताल संचालिका का शव अस्पताल के चौंबर में लटकता मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर चौंबर का ताला तोड़कर शव को फंदे से उतारा। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने पार्टनर पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू की। पडोसी जनपद हरदोई जिले के थाना शाहाबाद निवासी रूचि सक्सेना ने शाहजहांपुर के कांट थाना क्षेत्र में एक एवन नाम से अस्पताल खोला था। रूचि ने कांट क्षेत्र के रहने वाले सोनू वर्मा को अस्पताल में पार्टनर बनाया था। रूचि अस्पताल में ही रहती थीं। गुरुवार सुबह के अंदर बने चौंबर का दरवाजा नहीं खुला। जिससे स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कांट पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सबसे पहले पार्टनर सोनू वर्मा को अस्पताल बुलाया। उसके बाद चौंबर का दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा गया। उसके बाद पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना दी।मौके पर पहुंचे परिजनों ने पार्टनर सोनू वर्मा पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। सीओ सदर अमित चौरसिया ने कहा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद तहरीर के आधार पर जाँच की जाएगी।

# राहुल और प्रियंका संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहे

संवाददाता। शाहजहाँपुर

**अल्पसंख्यक** कांग्रेस की एक बैठक कैंप कार्यालय अंटा में संपन्न हुई । अल्प संख्यक कांग्रेस प्रदेश सचिव अदीब अहमद ने कहा कि मुसलमान अब यह भी समझने लगे हैं कि अगर वो कांग्रेस में जाते हैं तो भाजपा से नाखुश सभी वर्ग कांग्रेस में आ सकते हैं जबकि सपा के जातिगत समर्थकों की नाकारात्मक छवि के कारण वहाँ कोई दूसरा वर्ग नहीं आता है. और खुद अखिलेश यादव का भी एक बड़ा जातिगत हिस्सा लोकसभा चुनावों में भाजपा में चला जाता है. । उन्होंने कहा कि राहुल गाँधी और प्रियंका गाँधी जिस तरह संविधान की रक्षा के लिए लड़ रहे हैं उससे मुसलमान अब पूरी तरह कांग्रेस के साथ आने का मन बना चुका है. ।मुस्लिम बहुल और मुरादाबाद में मेयर पद पर कांग्रेस प्रत्याशी का दूसरे नम्बर पर रहना और संभल, मेरठ समेत अन्य जगहों पर सपा प्रत्याशी का बुरी तरह पिछड़ना साबित करता है कि सपा अब समाप्ति की राह पर है। यह अखिलेश यादव जी की 5 प्रतिशत जातिगत आबादी के पीछे 20 प्रतिशत आबादी वाले मुसलमानों के चलने से इनकार करने का संकल्प भी है। इस मौके पर जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारी, सलीम इद्रिसी, वसीम खान, वासीफ नूर, उसमान खाँ, शहजाद कुरैशी, तसदीक अन्सारी, अनस अन्सारी, यासिर अराफात खान, आसिफ खान, साबिर अन्सारी, सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# इंटरमीडिएट परीक्षा में 380 टॉपर छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

संवाददाता। शाहजहांपुर




**जनपद** के मुमुक्षु शिक्षा संकुल द्वारा माध्यमिक शिक्षा परिषद की इंटर परीक्षा में टॉपर छात्र छात्राओं के सम्मान हेतु एक विशाल समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती ने की और मुख्य अतिथि पद को अपर शिक्षा निदेशक बरेली मंडल अजय कुमार द्विवेदी ने सुशोभित किया। समारोह में डॉ ए के मिश्रा अशोक अग्रवाल प्रो आर के आजाद प्रो जे एस ओझा डा अमीर सिंह यादव आदि के अतिरिक्त अनेक विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षक भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद मौर्या ने कहा की सभी प्रतिभाशाली छात्र केवल डॉक्टर और इंजीनियर बनना चाहते हैं। जबकि उनके सामने प्रगति के अनेक आयाम राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने खोल दिए हैं जिन सभी को अपने संज्ञान में रखना चाहिए। स्वामी धर्मानंद कॉलेज के प्राचार्य डा अमीर सिंह यादव ने कहा कि प्रतिभाशाली छात्र जनपद का आभूषण होते हैं जिन्हें संभाल कर रखना अभिभावकों और गुरुजनों का काम होता है। ऐसे छात्र छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु श्रेष्ठ शिक्षा संस्थानों का चयन करना चाहिए और आदर्श गुरु के आचरण का अनुकरण करना चाहिए। एसएस कॉलेज के प्राचार्य डा आजाद ने कहा शिक्षा संकुल विभिन्न स्तर की शिक्षा संस्थाओं का ऐसा समूह है जिसमें एन सी से लेकर पीएचडी तक अध्ययन की सभी सुविधाएं उपलब्ध है और सभी शिक्षा संस्थान विवि स्तर पर अपनी श्रेष्ठता के लिए विख्यात है। डा ए के मिश्रा ने कहा कि उच्च कोटि के गुरुजनों के निर्देशन में अनेक उपयोगी पाठ्यक्रम शिक्षा संकुल के महाविद्यालयों में संचालित है जिनका लाभ छात्र.छात्राएं उठा सकते हैं हैं। स्वामी चिन्मयानंद ने अपने संबोधन में प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि इंटरमीडिएट उत्तीर्ण करने के बाद छात्र एक ऐसे चौराहे पर खड़े होते हैं जहां उन्हें अपने भविष्य के लिए एक सर्वश्रेष्ठ रास्ता चुनना होता है ऐसे में गुरुजन ही उनका मार्गदर्शन करते हैं।

# 2024 चुनाव को लेकर भाजपा की ब्रज क्षेत्र कार्यसमिति ने किया मंथन

संवाददाता। बरेली



**बीजेपी** की ब्रज क्षेत्र कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। भाजपा को निकाय चुनाव में कुछ सीटों पर मिली हार को आगामी लोकसभा चुनाव को गंभीरता से लिया है। इस संबंध में बरेली के एक होटल में ब्रजप्रान्त की बैठक आयोजित की गई है । बैठक में भाजपा के यूपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी , उत्तर प्रदेश सरकार के वनमंत्री डॉक्टर अरुण कुमार सक्सेना, कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह के साथ संगठन मंत्री सुनील बंसल , केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल, पूर्व केंद्रीय मंत्री संतोष गंगवार के साथ कई अन्य मंत्री भी बैठक में शामिल हुए है। माना जा रहा है कि बैठक में निकाय चुनाव में कई जिलों में भाजपा को ऐसी सीटों पर हार का सामना करना पड़ा है जहां से भाजपा के सांसद या फिर विधायक है। बैठक में इस बात की संभावना जताई जा रही है कि संगठन मंत्री व यूपी प्रदेश निकाय चुनाव में हार पर स्थानीय सांसद व क्षेत्र के विधायक से सवाल कर सकते है। ताकि आगामी लोकसभा चुनाव मे भाजपा यूपी की सभी लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हो सके।ब्रजप्रान्त अध्यक्ष दुर्विजय सिंह ने बैठक के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि बरेली में ब्रज क्षेत्र की समिति की बैठक है। समय समय पर यह बैठक होती रहती है।बैठक में भाजपा के यूपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह , राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल जी का मार्गदर्शन मिलेगा। बैठक में इस आगामी लोकसभा चुनाव 2024 पर भी चर्चा होगी किस तरह बूथ को मजबूत किया जाए , क्योंकि बूथ मजबूत होने पर ही विजय मिलती है। कैंट विधायक संजीव अग्रवाल , बिथरी विधायक राघवेंद्र शर्मा , मीरगंज विधायक डीसी वर्मा , पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद संतोष गंगवार , आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप , बरेली महापौर उमेश गौतम , वन मंत्री डॉ अरुण कुमार सक्सेना , पूर्व विधायक बहुरनलाल मौर्य , राम गोपाल मिश्रा , पीलीभीत की चेयरमैन आस्था , एमएलसी महाराज सिंह , सुभाष पटेल , आदि मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### आग से जला घर, सात मवेशी मरे



**सिंगाही खीरी।** क़स्बे के वार्ड नं 11 में अज्ञात कारणों से आग लग गईए जिससे एक बछड़ा झुलस गई और 7 बकरी जिंदा जल गए। आग से घर में रखा हजारों का सामान जल कर राख हो गया। क़स्बे कांजी हाउस में गोचे के घर से आग लग गई। जिसकी चपेट में आकर सकटू और कन्यावती का घर जल कर राख हो गया। गोचे के घर में बछड़ा और वहीं घारी में बंधी सात बकरी जिंदा जल गईं। नवनिर्वाचित चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने नगर पंचायत से टेंकर मंगवा कर फायर ब्रिगेड को सूचना दी। वार्डवासियों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। क्षेत्रीय लेखपाल जगदीश कुमार ने नुकसान का जायजा लिया और सहायता दिलाने का आश्वासन दिया।


### उचित दर की दुकान व जन सुविधा केन्द्र के विकास का प्रस्तुतीकरण

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के समक्ष उ0प्र0 खाद्य एवं रसद विभाग की प्रमुख सचिव वीना कुमारी मीना द्वारा प्रथमवार सम्पूर्ण प्रदेश में एकीकृत व समरूप उचित दर की दुकान एवं जनसुविधा केन्द्र (अन्नपूर्णा) के विकास का प्रस्तुतीकरण किया गया। उपरोक्त प्रस्तुतीकरण में खाद्य आयुक्त श्री सौरभ बाबू, बरेली की मण्डलायुक्त सौम्या अग्रवाल एवं बरेली मण्डल के सम्भागीय खाद्य नियंत्रक, बरेली सम्भाग, बरेली जोगिन्दर सिंह उपस्थित रहे। अन्नपूर्णा के प्रस्तावित डिजाइन का मॉडल प्रस्तुत करते हुए बताया कि दुकान में कुल 52 वर्गमी0 आच्छादित क्षेत्रफल होगा और दुकान के सामने 04 फिट चौड़ा बरामदा / प्रतीक्षा शेड होगा। उपरोक्त मॉडल दुकान के एक भाग में उचित दर की दुकान होगी, जिसमें खाद्यान्न सफाई से रखे जाने की व्यवस्था भी होगी। इस दुकान में लगभग 400 कट्टे खाद्यान्न एक साथ भण्डारित किया जा सकेगा। मॉडल दुकान के दूसरे भाग में जन सुविधा केन्द्र एवं जनरल स्टोर का संचालन किया जायेगा। दुकान में ई-पॉश मशीन का भी प्राविधान किया गया है। उपरोक्त दुकान से जन मानस को निम्नलिखित सुविधाएं प्राप्त होगी। आय, जाति, जन्म, निवास प्रमाण-पत्र, आधार, पेंशन व अन्य सेवाएँ आदि। जनरल स्टोर, विभिन्न प्रकार के बिल जमा किये जाने की व्यवस्था, 5 किलो एलपीजी सिलेंडर, ई-स्टाम्प विक्रय, माइक्रो एटीएम, पीएम वानी वाई-फाई, अग्निशमन यंत्र, बी.सी. सखी का संचालन आदि होगा।उपरोक्त प्रोजेक्ट के विकास से पूरे प्रदेश में विभाग की छवि को जनमानस तक समरूपता से पहुंचने के लिए एवं सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली में उपलब्ध कराया जा रहा खाद्यान्न सार्वजनिक स्थल से भेदभाव व गुटबाजी से परे आम जन को उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित होगा।

### प्रधानमंत्री मुद्रा लोन निकलवाने के नाम पर निकाले करोड़ों रुपए

**ढखेरवा खीरी।** कोतवाली धौराहरा ग्राम पंचायत होलागढ़ मजरा कफारा का मामला है जहां पर एक बहुत बड़ा गिरोह का खुलासा हुआ। उनकी गिराहों में अभी तक कुसमा देवी पत्नी बलराम वर्मा का खुलासा हुआ है इस के खिलाफलिखित में गांव के कई महिलाओं द्वारा एप्लीकेशन दी गई है जिसमें कार्रवाई चल रही है वही गांव वालों का कहना है कि कुसमा देवी द्वारा कई गांव वालों से प्रधानमंत्री मुद्रा लोन बनवाने के नाम पर सभी लोगों के डॉक्यूमेंट ले लेने के बाद में चेक बुक इश्यू करवाएऋबाय एटीएम कार्ड उसके बाद कहीं दूसरी जगह से हैक करके पैसा उन्हें खाते पर भिजवा करके सारे खाते इन गिरोहों द्वारा सफाया किया गया वहीं कुछ लोगों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार होलागढ़ ग्राम पंचायत में लगभग 20 से 25 लोगों की मिलीभगत से या गोरखधंधा काफी दिनों से चल रहा है प्रशासन देखकर अनजान बना बैठा है वहीं अब तक की बात की जाए कुसमा देवी व उनके साथियों द्वारा करोड़ों रुपए की निकासी कर चुके हैं देखना है प्रशासन क्या कार्रवाई करते हैं।

### चेयरमैन ने गोशाला का किया निरीक्षण



सिंगाही खीरी। नवनिर्वाचित चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने गुरुवार को कस्बे के बाहरी छोर स्थित गोशाला का निरीक्षण कर वहां के इंतजाम को देखा। उन्होंने गौशाला के भीतर घूमकर जायजा लिया और जरूरी जानकारी लेकर पशुओं की संख्या के बारे में पूछताछ की। चेयरमैन ने गोशाला में पशुओं के छांव के लिए तीन शेड बनाने की बात कही है।नवनिर्वाचित चेयरमैन ने गुरुवार अपने एजेंडे के अनुसार सुबह कस्बे से चाखरा जाने वाले मार्ग पर बनी गोशाला का निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने गोशाला का निरीक्षण किया। चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने वहां की व्यवस्थाए प्रबंधन व गोवंश के रखरखाव की जानकारी ली तथा गोवंश की अधिक संख्या को देखते हुए नए शेड्स के निर्माण की जरूरत बताई। उन्होंने पशुओं सूखा चारा खिलाने को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि गौशाला में गोवंशों के रखरखाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### चुनावी रंजिश में युवक की पिटाई, अस्पताल ले जाते मौत

**बरेली।** थाना प्रेम नगर क्षेत्र में चुनाबी रंजिश को लेकर युवक की पिटाई कर दी परिवार बाले गंभीर हालत में युवक को थाना प्रेमनगर लेकर पहुंचे पुलिस ने कहा अस्पताल ले जाओ अस्पताल ले जाते समय रास्ते में युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। प्रेम नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला सुर्खा बानखाना निवासी मृतक की मां रामा देवी ने बताया नगर निगम के चुनाब में मेरा बेटा 32 वर्षीय विमल पुत्र स्वर्गीय राधेश्याम मतदान बाले दिन राकेश श्रीवास्तव के कहने पर बीजेपी प्रतियाशी विकास शर्मा का एजेंट बना था । राकेश का भाई मोनू श्रीवास्तव ने दूसरे पार्टी को सपा को चुनाव लड़ाया था। मोनू श्रीवास्तव विमल से रंजिश मानने लगा और मोनू ने विमल को धमकी दी तुम्हें छेड़छाड़ के केस में बंद करा देंगे । उसके बाद कल फोन करके विमल को बुलाया। विमल जब वहां पहुंचा तो मोनू श्रीवास्तव, फक्की और रजत तीनों ने विमल पर हमला कर दिया। लात घूंसों से पटक पटक कर उसकी पिटाई की। विमल जब घर पहुंचा तो शरीर पर काफी गंभीर चोट के निशान थे उसकी मां रामादेवी विमल को लेकर थाना प्रेमनगर पहुंची पुलिस ने विमल को अस्पताल ले जाने के लिए कहा रामादेवी विमल को लेकर अस्पताल जा रही थी । विमल ने रास्ते में दम तोड़ दिया मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। मृतक की मां ने मांग की है तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

### जन-जागरुकता अभियान चलाया गया

**शाहजहांपुर।** नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में नगर में जाम की समस्या से निजात हेतु नगर क्षेत्र के जेल रोड, सदर बाजार एवं बहादुरगंज में जन-जागरुकता अभियान चलाया गया। महानगर को स्मार्ट सिटी के रुप में विकसित किये जाने के क्रम में नगरवासियों को बेहतर सुविधायें प्रदान किये जाने हेतु नगर में सुगम यातायात एवं नगर में होने वाली जाम की समस्या से निजात दिलायें जाने हेतु नगर आयुक्त के नेतृत्व में नगर के जेल रोड, सदर बाजार, बहादुरगंज में जन-जागरुकता अभियान चलाया गया।

# जनता की समृद्धि और खुशहाली के लिए कार्य करें अध्यक्ष और सभासद : सांसद

●नवनिर्वाचितों ने सांसद पटेल का किया अभिनंदन

संवाददाता। चित्रकूट



**निकाय** चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा के अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने आवास पहुंचकर उनका मुह मीठा कराकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। वहीं मानिकपुर नगर पंचायत के नवनिर्वाचित सभासदों ने भी सांसद का अभिनंदन कर मोदी-योगी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी तरीके से लागू कराने का मागदर्शन प्राप्त किया।

इस मौके पर सांसद ने कहा कि पूरे भारत में मोदी-योगी का डंका है। डबल इंजन के सुशासन और विकास कार्यो एवं कार्यकर्ताओं के मेहनत के दम पर निकाय चुनाव में भाजपा को प्रचंड जीत हुई है।सांसद ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में लागू हुई जनकल्याणकारी योजनाओं ने पूरे प्रदेश का कायाकल्प किया है। प्रदेश में डकैतों, गुंडों-माफियाओं का खात्मा कर डबल इंजन की सरकार ने कानून का राज कायम किया है। चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए भाजपा सरकार द्वारा बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे और टेबल टाप एयरपोर्ट की सौगात दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना से सभी गरीबों को पक्की छत मिली है। पानी की बूंद-बूंद को तरसने वाले बुंदेलखंड को हर घर जल योजना से आच्छादित कर डबल इंजन की सरकार ने पाइप लाइन के माध्यम से गांवों और शहरी इलाके में पीन का शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने का ऐतिहासिक कार्य किया है।

भाजपा को मिली प्रचंड जीत से भाजपाईयों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। सांसद आर के सिंह पटेल के कुशल निर्देशन में निकाय चुनाव में संसदीय क्षेत्र की बांदा, अतर्रा, कर्वी नगर पालिका एवं राजापुर और मऊ नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा प्रत्याशियों की जीत हुई है।

# खेलो इंडिया की मशाल रैली को सीडीओ ने दिखाई हरीझंडी





संवाददाता। चित्रकूट

**खेलो** इंडिया मशाल रैली को हरीझंडी दिखाकर सीडीओ अमृतपाल कौर ने शुभारंभ किया। भारी संख्या में खिलाड़ी, बालिकाएं, महिलाएं एवं खेल अध्यापक, प्रशिक्षक, वरिष्ठ खिलाड़ी, पत्रकार व जनप्रतिनिधि तथा पीआरडी जवान, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, युवा कल्याण अधिकारी समेत गणमान्य लोग मशाल रैली में शामिल रहे। गुरुवार को ये रैली एलआईसी तिराहे से चित्रकूट स्पोर्ट्स स्टेडियम तक निकली। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने लखनऊ से पहुंचे जनप्रतिनिधियों, खिलाड़ियों का स्वागत कर आभार जताया। प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया की अलख जगाने एवं मुख्यमंत्री के खिलाड़ियों, नवयुवकों से जुड़ने एवं अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर रोशनी डाली। चित्रकूट स्पोर्ट्स स्टेडियम में बढ़ रही खेल सुविधाओं बहुद्देशीय क्रीड़ा हाल जिम्नेशियम हॉल चल रहे निर्माण कार्य की बाबत जानकारी दी। प्रधानाचार्य चित्रकूट इंटर कॉलेज डा रणबीर सिंह चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, चित्रकूट इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने सुंदर गीत पेश कर खेलो इंडिया गीत सुनाकर खिलाड़ियों का दिल जीत लिया। इस कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी अंगद सिंह, फिरोज अंसारी, अख्तर हुसैन, उदय भान आदि मौजूद रहे।

# ब्रह्माकुमारी में चैयरमैन व सभासद को किया सम्मानित



संवाददाता। रूरा, कानपुर देहात

**पालीवालनगर** स्थित ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विद्यालय में नवनिर्वाचित चैयरमैन रामजी गुप्ता व सभासद सुरेश कुमार का स्वागत किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य बउआ त्रिवेदी सहित ब्रम्हाकुमारी ईश्वरीय विद्यालय परिवार के लोग मौजूद रहे।

स्वागत व सम्मान कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि नवनिर्वाचित चैयरमैन रामजी गुप्ता को माला पहना कर स्मृति चिन्ह प्रीति दीदी द्वारा प्रदान किया गया, सभासद सुरेश कुमार को भी सम्मानित किया गया, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विशिष्ट अतिथि ने बताया कि ब्रम्हाकुमारी परिवार के दर्शन व विचारों का मुझ पर गहरा प्रभाव है, यही से ऊर्जा व आर्शीवाद प्राप्त कर जनता के बीच गया, जनता ने भारी जनादेश प्रदान किया, अब मेरी जिम्मेदारी है कि जनता की अपेक्षाओं को पूरा करते हुये विकास की योजनाओं को समाज के अँतिम वर्ग तक पहुँचाऊ। कार्यक्रम को जिला पँचायत सदस्य बउआ त्रिवेदी ने भी सम्बोधित किया, इस मौके पर प्रमुख रूप से नवनिर्वाचित सभासद सुरेश कुमार, बॉकेलाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## विवादों के निवारण के लिये लोक अदालत मजबूत मंच : जितेन्द्र प्रताप

**कानपुर देहात।** विवादों के त्वरित एवं उचित निवारण के लिए लोक अदालत एक मजबूत मंच है। यह बात कानपुर देहात बार एसोसिएशन के संस्थापक महामन्त्री जितेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने लोक अदालत की वादों के शीघ्र निस्तारण में आवश्यकता पर जिला बार एसोसिएशन कानपुर देहात के तत्वावधान में आयोजित गोष्ठी के दौरान कही। जितेन्द्र चौहान ने कहा कि लोक अदालत शब्द का अर्थ है जनता की अदालत और यह गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहाकि लोक अदालत सुलह, समझौते एवं राजीनामे का मंच है, जहां किसी पक्ष को सजा नहीं होती। मामले को बातचीत द्वारा सफाई से हल कर लिया जाता है। और फैसला अन्तिम तथा सभी पक्षों पर अंतिम रूप से बाध्यकारी होता है। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता सम्पत लाल यादव ने कहा कि लोक अदालत का आयोजन 13 मई को होना था, पर उस दिन यूपी नगर निकाय चुनाव की मतगणना होनी थी। अतः लोक अदालत के आयोजन की तिथि को अब आगे बढ़ा दिया गया है।

# सपा प्रमुख अखिलेश से मिले नवनिर्वाचित चेयरमैन व सभासद



**फतेहपुर।** नगर निकाय चुनाव में सबसे प्रतिष्ठित सीट नगर पालिका परिषद फतेहपुर में सपा प्रत्याशी राजकुमार मौर्या समेत अन्य नगर पंचायतों व वार्डों में जीत हासिल करने वाले सभासद गुरूवार को लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिले और कई विषयों पर चर्चा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी को ईमानदारी का पाठ पढ़ाते हुए जी-जान से क्षेत्र का विकास कराये जाने की बात कही।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव समेत अन्य कई वरिष्ठ नेताओं के साथ निर्वाचित प्रतिनिधि लखनऊ स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पहुंचे। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को जीत की मुबारकबाद देते हुए कहा कि जिस उम्मीद के साथ जनता ने उन्हें निर्वाचित किया है उस पर वह सभी खरा उतरने का काम करें। सपा की नीतियों व रीतियों को आगे बढ़ाते हुए क्षेत्र का विकास करें, जिससे जनता को समाजवादियों पर और अधिक भरोसा हो और आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी की जीत की राह आसान हो सके।

इस मौके पर नव निर्वाचित चेयरमैन राजकुमार मौर्या, जगदीश उर्फ जालिम सिंह एड., बलिराम उमराव एड., हाजी रजा, चौधरी मंजरयार, जंग बहादुर सिंह मखलू, दीपक कुमार डब्लू, फूल सिंह मौर्या, राजू कुर्मी, सऊद अहमद के अलावा निर्वाचित सभासदों में एनुल आब्दीन हुमायूं, अरूण यादव, शहजाद अनवर, अयाज उर्फराहत सहित अन्य सभासद मौजूद रहे।

# विद्यालय में मनाया गया 12वां वैश्विक सुगम्यता जागरूकता दिवस

**फतेहपुर।** श्रीकृष्ण आदर्श विद्या मन्दिर मूकबधिर एवं मंदबुद्धि दिव्यांग शैक्षिक व्यावसायिक एवं पुनर्वासन विद्यालय में 12वां वैश्विक सुगम्यता जागरूकता दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी बोर्ड ऑफइलेक्ट्रो होम्योपैथी मेडिसिन उत्तर प्रदेश एवं काउंट मैटी मेमोरियल क्लीनिक खंभापुर के डा0 वकील अहमद रहे। अध्यक्षता संस्था प्रबंधक सीताराम यादव व संचालन मनीष कुमार सिंह ने किया। शुभारम्भ डॉ. वकील अहमद, प्रबंधक सीताराम यादव ने संयुक्त रूप से माँ शारदे की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित करके किया। कोषाध्यक्ष हरिपूजन सिंह ने कहा कि ग्लोबल एक्सेसिबिलिटी अवेयरनेस डे वेबसाइट के अनुसार जीएएडी का उद्देश्य सभी को डिजिटल (वेब, सॉफ्टवेयर, मोबाइल आदि) एक्सेस या समावेश और विभिन्न दिव्यांग लोगों के बारे में बात करना सोचना और सीखना है। संचालक मनीष कुमार सिंह ने कहा कि गॉड फाउंडेशन का मिशन प्रौद्योगिक और डिजिटल उत्पाद विकास की संस्कृति को बाधित करना है। इसकी वेबसाइट अनुशंसा करती है कि विकासकर्ता आज अभिगम्यता जागरूकता पर ध्यान केन्द्रित करते हुए एक घंटा व्यतीत करें। दिव्यांगों के लिये डिजिटल की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की। प्रबन्धक सीताराम यादव ने कहा कि वैश्विक सुगम्यता जागरूकता दिवस हर साल मई के तीसरे गुरूवार को मनाया जाता है।

# टेली लॉ स्कीम से अब आपके द्वार तक पहुंचेगी न्यायिक सलाह और सहायता

●कार्यशाला में लोगों को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

संवाददाता। उरई, जालौन



**गुरुवार** को विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में टेली लॉ सर्विस के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा टेली न्यायिक सलाह और सहायता देना है। वादकारियों एवं आम जनता को उनके द्वार पर न्यायिक सलाह और सहायता दिये जाने की व्यवस्था इस 'टेली लॉ स्कीम' में की गयी है।

इस कार्यशाला में उपस्थित टेली लॉ पैनल अधिवक्ता, प्रो-बोनो पैनल अधिवक्ता, पैरालीगल वालंटियर्स, सीएससी सेंटर संचालक (वीएलई) और अन्य समाजसेवियों को जानकारी देते हुये श्री वागीश सिंह राज्य समन्वयक ने बताया कि 'टेली लॉ स्कीम' प्रोजेक्ट टेली लॉ न्याय मंत्रालय, विधिक सेवा प्राधिकरण और कॉमन सर्विस सेंटर ई गवर्नेस सर्विसेज इंडिया लिमिटेड द्वारा शुरू किया गया है, जिसमें कानूनी सलाह के हकदार सीएससी सेंटर पर जाकर अपनी समस्या को रजिस्टर कर नामित वकीलों से उसी दिन सलाह पा जाते है, यदि पीड़ित का सलाह से काम नहीं हो पाता है तो उत्तर प्रदेश विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा उसको विधिक सहायता दिलाई जाती है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव रेनू यादव द्वारा सभी से यह अपेक्षा की गयी कि वह उक्त डिजीटल प्लेटफॉर्म का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करें, क्योंकि यह एक ऐसा माध्यम है, जिससे कहीं से भी घर बैठे कोई भी पीड़ित व्यक्ति या वादकारी कानूनी समस्या के सम्बन्ध में निःशुल्क विधिक परामर्श ले सकता है। टेली लॉ पैनल अधिवक्ता और पैरालीगल वालंटियर्स को उन्होंने निर्देशित करते हुये कहाकि टेली लॉ स्कीम के माध्यम से वह अपने कार्य को अधिक सुगमतापूर्वक प्रभावी ढंग से कर सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### ग्राम प्रधान के खिलाफ अनियमितताओं की शिकायत

**कानपुर देहात।** अकबरपुर विकास खण्ड के धनीरामपुर गॉव के ग्राम प्रधान के खिलाफवित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगा ग्रामीणों ने उच्चाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के यहां शिकायत की है। शिकायत पर मौके पर पहुँची सम्पूर्ण व अधिकारियों ने जॉच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया है। धनीरामपुर गॉव के छेदीलाल, मुँशीलाल, राजेन्द्र प्रसाद, मुंशीलाल, रामी रंगोल आदि ने बताया कि ग्राम प्रधान कप्तान सिंह ने धनीरामपुर गॉव के लिये प्रस्तावित विकास योजनाओं को मनमाने ढंग से अमर सिंह का पुरवा गॉव में स्थानान्तरित कर दिया है। प्रधान ने सरकारी योजनाओं में कमीशनखोरी कर अकूत सम्पत्ति अर्जित कर आलीशान मकान बनवा रहा है।

### पिता व चार पुत्रों को उम्रकैद, जुर्माना लगाया

**हमीरपुर।** मामूली विवाद में 19 वर्ष पूर्व दो युवकों की लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से की गई हत्या में पिता समेत चार पुत्रों को दोष सिद्ध होने पर अदालत ने आजीवन कारावास और 20-20 हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जिला सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी रामबाबू अवस्थी व सुभाष श्रीवास्तव ने बताया कि थाना खन्ना के गांव मवईखुर्द में एक जुलाई 2004 को गांव के छुट्टन पाठक(34) चंद्रावल नदी किनारे अपने बैलों को पानी पिलाने गया था। तभी आरोपित सिकदार और इसके चार पुत्र रामदयाल, रामबरेली, रामबाबू और श्यामबाबू ने लाठी और धारदार हथियारों से लैस होकर उस पर हमला कर दिया। शोर सुनकर बीच-बचाव को पहुंचे गांव के 40 वर्षीय मयाप्रसाद यादव पर भी हमला किया गया और उसे भी जमकर पीटा। जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस मामले की रिपोर्ट मृतक छुट्टन के भाई उदित नारायण पाठक ने थाना खन्ना में सिकदार और इसके चारों पुत्रों के खिलाफदर्ज कराई थी।

### दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू

**मौदहा, हमीरपुर।** पुलिस ने दुष्कर्म करने वाले तथा आरोपी का साथ देने वाले उसके परिजनों के खिलाफकोतवाली पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफगंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने बुधवार को क्षेत्राधिकारी विवेक यादव को बताया कि नगर के ही एक युवक ने अपनी पहचान छुपा कर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। वहीं पीड़िता के द्वारा मिली तहरीर के अनुसार कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक इरफान सौदागर, मां मुन्नी, बहन आरफा, बाबू तथा हारून सौदागर के खिलाफगंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### मंडलायुक्त ने अविरल जल अभियान पर किया मंथन



**बांदा।** आयुक्त चित्रकूट धाम मण्डल बांदा श्री आरपीसिंह की अध्यक्षता में अविरल जल अभियान गोष्ठी को सफल बनाने के सम्बन्ध में की गयी तैयारियों की समीक्षा हेतु मयूर भवन सभागार में बैठक का आयोजन किया गया। इस अभियान को सफल बनाने हेतु एक बृहद गोष्ठी का आयोजन रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा के प्रेक्षागृह में दिनांक 24 मई, 2023 को किया जायेगा। बैठक में बताया गया कि इस अभियान का उद्देश्य जन जागरूकता एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन के कार्यों को कराना है।बैठक में आयुक्त ने अविरल जल अभियान की बृहद गोष्ठी के आयोजन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने बैठक में भूजल संरक्षण हेतु किये जाने वाले उपायों जैसे तालाबों का जीर्णोद्धार, अमृत सरोवरों का निर्माण, मेडबन्दी, सोकपिट, खेत तालाब योजना के द्वारा किये जाने वाले कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी लेते हुए, उनके प्रजन्टेशन को देखा। बैठक में कम जल के प्रयोग से ''पर ड्राप मोर क्राप'' के माध्यम से श्रीअन्न की खेती के अन्तर्गत ज्वार बाजरे की खेती करने और उनके उत्पादन को बढाये जाने पर जोर दिया गया। लोबिया/सहजन की खेत तथा वृक्षारोपड़ (बांस की खेती) आदि के सम्बन्ध में किसानों को जागरूक किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि जल संचयन हेतु विद्यालयों में जल शपथ का आयोजन कराया जाये। रेन वाटर हार्वेस्टिंग से भूगर्भ जल संरक्षण करने के बारे में भी जानकारी दी गयी।बैठक में जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि अविरल जल अभियान के अन्तर्गत ''बांदा की हर बूंद बांदा के नाम'' कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया है।

# गोल्डन कार्ड न बनाने वाले सचिवों के खिलाफ कार्रवाई

●मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुई विकास खंडों की समीक्षा बैठक

●बैठक में गोल्डन कार्ड निर्माण के बारे में की गई पंचायतवार समीक्षा

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**मुख्य** विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आज विकास खण्ड नवाबगंज, शमसाबाद एवं कायमगंज के सभागार में संबंधित विकास खंड के खण्ड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, पंचायत सहायक एवं ग्राम सचिव के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। आयोजित बैठक में आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत बनाए जा रहे गोल्डन कार्ड की प्रगति कम होने के कारण ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई।

समीक्षा में जिन पंचायत सहायक द्वारा 1 माह से कोई कार्ड नहीं बनाया गया है उन्हे ग्राम पंचायत से नोटिस देने के निर्देश दिए गए, यदि 3 नोटिस देने के बाद भी पंचायत सहायक द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है उन्हें सेवा से हटाने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित बीडीओ को निर्देश दिए गए की अच्छा कार्य करने वाले पंचायत सहायको को सम्मानित कराने हेतु सूची तैयार कर भेजी जाए। समीक्षा बैठक में जिला विकास अधिकारी एवं डीपीआरओ भी उपस्थित रहे। डीडीओ द्वारा समस्त सचिवों को निर्देशित किया गया कि यदि अपेक्षा के अनुरूप कार्ड बनाने की प्रगति नहीं पाई जाती है तो संबंधित ग्राम सचिव का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही होगी। जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा समस्त सचिवों एवं पंचायत सहायकों को रेट्रोफिटिंग की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए।

# रिपोर्ट दर्ज कराने पर दबंगों ने किया हमला

**राठ।** चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज कराने पर खुन्नस खाए युवकों ने घर में घुसकर कुल्हाड़ी से हमला कर दंपति सहित बच्चों को घायल कर दिया। पुलिस से लिखित शिकायत की है। कोतवाली के टोला गांव निवासी सबरानी पत्नी राकेश ने बताया कि एक माह पहले उसके घर की चोरी हो गई थी। चोर उसके घर से करीब डेढ़ लाख रुपए की कीमत के जेवरात ले गए थे। बताया कि उसने गांव के बाबू, हीरा पुत्रगण बैजू, बाबू के पुत्र राजेश, क्रिया के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट दर्ज कराने पर उक्त लोग खुन्नस मानने लगे थे। बताया बुधवार की शाम करीब छह बजे वह स्वजनों के साथ घर पर थी। तभी सभी लोग कुल्हाड़ी लेकर घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। गाली देने का विरोध करने पर लोगों ने कुल्हाड़ी से हमला उसे लहुलूहान कर दिया। इस संबंध में कोतवाल भरत कुमार ने बताया कि ने बताया कि घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# फर्जी किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर किसानों से की जा रही धोखाधड़ी

●केसीसी में नाम किसी का, फोटो किसी की

●वसूली के लिये घर पहुंचे बैंक कर्मी तब फर्जी केसीसी का हुआ खुलासा

**उरई, जालौन।** बैंकों में दलालों की बढ़ती संख्या से किसानों का शोषण रुकने का नाम नहीं ले रहा है। दलाल बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों से सांठगांठ कर किसानों से खसरा खतौनी आदि लेकर उनके कागजों में फेरबदल कराकर किसान क्रेडिट कार्ड बनाकर धनराशि हड़प रहे है। ऐसे ही दो मामले थाना क्षेत्र के बसरेही गांव के प्रकाश में आए है। गोविंद निषाद ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके पिता गुलबदन निषाद का खाता कालपी सब्जी मंडी स्थित इंडियन बैंक में है। गांव के अनूप सिंह निवासी बसरेही हाल मुकाम टरननगंज कालपी के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड बनवाया था। और उसकी अदायगी कर दी थी। विगत माह परासन स्थित आर्यावत बैंक के कर्मी घर पहुंचे और उन्होंने पिता से रुपये जमा करने के लिए कहा जिससे वह लोग सकते में आ गए। जानकारी करने पर मालूम हुआ कि सभी कागज पिता के नाम पर है। सिर्फ फोटो गांव निवासी गुलबदन प्रजापति की लगी है। मगर तीन लाख 20 हजार रुपये निकाले लिए हैं। बैंक में शिकायत करने पर अधिकारी और कर्मी अभद्रता कर रहे है। केसीसी से धनराशि निकालने में बकायदा गांव के लोगों के नाम गवाहों पर दर्ज हैं। वहीं गांव के कमलेश ने बताया कि उसके पिता मन्नी राजपूत का खाता भी कालपी सब्जी मंडी स्थित इंडियन बैंक में है। विगत दिनों वह केसीसी बनवाने के लिए जब बैंक पहुंचा तो पता चला की उसके पिता मन्नी राजपूत के नाम पर पहले से तीन लाख रुपये का किसान क्रेडिट कार्ड बना हुआ है।

# पेज एक का शेष

## सिद्धारमैया कर्नाटक...

था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के चुनाव प्रचार का भी जीत में महत्वपूर्ण योगदान रहा। वेणुगोपाल के मुताबिक, कांग्रेस की जीत की शुरुआत पिछले साल भारत जोड़ो यात्रा के समय से ही हो गई थी और इस सफलता का बड़ा श्रेय राहुल गांधी के प्रचार एवं मार्गदर्शन को भी जाता है। उधर, सूत्रों ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष खरगे ने बुधवार देर रात पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के.सी. वेणुगोपाल और रणदीप सिंह सुरजेवाला के साथ मंत्रणा की और फिर सिद्धरमैया और शिवकुमार को इस फार्मूले पर राजी किया गया। इस फार्मूले पर सहमति बनने के बाद सिद्धरमैया और शिवकुमार ने बृहस्पतिवार सुबह खरगे से उनके आवास पर मुलाकात की। सुरजेवाला ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक तस्वीर जारी की है जिसमें खरगे विजई मुद्रा में दोनों नेताओं का हाथ पकड़े नजर आ रहे हैं। कर्नाटक में पार्टी विधायक दल का नेता चुनने के लिए पिछले तीन दिनों से कांग्रेस में गहन मंथन का दौर जारी था। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी इस मंत्रणा का हिस्सा बने थे। सिद्धरमैया कुरुबा समुदाय से आते हैं और वह मई 2013 से मई 2018 के बीच प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। कभी जनता दल और जनता दल (सेक्युलर)का हिस्सा रहे सिद्धरमैया दो बार राज्य के उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। पिछली विधानसभा में वह नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहे थे।

## शपथ ग्रहण...

प्रमुख उद्धव ठाकरे और कुछ अन्य विपक्षी नेताओं को आमंत्रित किया गया है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इन नेताओं को आमंत्रित किया है। सूत्रों ने यह भी बताया कि बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती, भारत राष्ट्र समिति के प्रमुख केसीआर और आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल को न्यौता नहीं भेजा गया है। बीजू जनता दल और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी को भी आमंत्रित नहीं किया गया है। पश्चिम बंगाल राज्य सचिवालय से जुड़े सूत्रों ने कहा है कि ममता बनर्जी सिद्धरमैया के शपथ ग्रहण समारोह से दूर रह सकती हैं और वह अपने स्थान पर किसी प्रतिनिधि को भेज सकती हैं। कांग्रेस विपक्ष के प्रमुख नेताओं को आमंत्रित करके विपक्षी एकजुटता का संदेश देने की तैयारी में है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव डी राजा ने कांग्रेस की ओर से निमंत्रण मिलने की पुष्टि की है।

## रिजिजू की...

नहीं है। कुछ सेवानिवृत्त न्यायाधीशों के भारत विरोधी गिरोह का हिस्सा होने संबंधी उनकी हालिया टिप्पणी पर भी कड़ी प्रतिक्रिया हुई थी। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्रीय मंत्रिपरिषद के मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा किया है। बयान में कहा गया है, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का प्रभार किरेन रिजिजू को सौंपा गया है। अभी, केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का प्रभार संभाल रहे थे। बयान के अनुसार, मेघवाल को उनके मौजूदा विभागों के अतिरिक्त कानून और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के रूप में स्वतंत्र प्रभार सौंपा गया है। राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक अन्य बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने एस पी सिंह बघेल को विधि व न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री के स्थान पर स्वास्थ व परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री नियुक्त करने का निर्देश दिया है।

## मुंबई हमले...

न्यायाधीश जैकलीन चोलजियान ने बुधवार को 48 पन्नों का आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि भारत और अमेरिका के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत 62 वर्षीय राणा को भारत प्रत्यर्पित करना चाहिए। आदेश में कहा गया है, अदालत ने इस अनुरोध के समर्थन और विरोध में प्रस्तुत सभी दस्तावेजों और दलीलों की समीक्षा की। जिसके आधार पर अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है और अमेरिका के विदेश मंत्री को प्रत्यर्पण की कार्रवाई के लिए अधिकृत करती है। राणा वर्तमान में लॉस एंजिलिस की जेल में है। वह सर्किट कोर्ट में अपील कर सकता है, जो डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के फैसले को बरकरार रख सकती है। अमेरिकी कानून के मुताबिक, विदेश मंत्री किसी भगोड़े के प्रत्यर्पण के संबंध में फैसला ले सकते हैं। आदेश में कहा गया है कि अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि राणा ने उन अपराधों को अंजाम दिया है जिनके लिए उसके प्रत्यर्पण की मांग की गई है।

## भारत अमेरिकी...

तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के लिए सहमति दे दी है। भारत सरकार 2008 के मुंबई आतंकी हमले में संलिप्तता के आरोपी राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रही थी। क्वात्रा ने कहा, जहां तक तहव्वुर राणा से जुड़े प्रश्न का मामला है, हम उसके (राणा) जल्द प्रत्यर्पण को लेकर अमेरिकी अधिकारियों के नियमित सम्पर्क में हैं। उन्होंने कहा कि हमने अमेरिका की स्थानीय अदालत द्वारा दिए गए फैसले को देखा है।

## जल्लीकट्टू को...

महाराष्ट्र और कर्नाटक के कानूनों को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। न्यायमूर्ति बोस ने कहा कि इन अधिनियमों, नियमों और अधिसूचनाओं में निहित कानून को अधिकारियों द्वारा सख्ती से लागू किया जाएगा। पीठ ने कहा, हम विशेष रूप से निर्देश देते हैं कि जिला मजिस्ट्रेटासक्षम प्राधिकारी नियमोंाअधिसूचनाओं में संशोधन के बाद बनाए गए कानून का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

## बिहार में...

दौरान अपनी मौखिक टिप्पणी में कहा कि कई दस्तावेजों से पता चलता है कि यह कवायद जनगणना ही है। पीठ ने कहा, हम यह स्पष्ट कर रहे हैं, यह ऐसा मामला नहीं है जहां हम आपको अंतरिम राहत दे सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उच्च न्यायालय ने मुख्य याचिका की सुनवाई तीन जुलाई के लिए स्थगित कर दी है। पीठ ने कहा, हम निर्देश देते हैं कि इस याचिका को 14 जुलाई को सूचीबद्ध किया जाए।

## पं. बंगाल...

तक फिल्म में 32,000 हिंदू एवं ईसाई महिलाओं के इस्लाम में धर्मांतरण के दावों पर डिस्क्लेमर देने को कहा। शीर्ष अदालत के अनुसार डिस्क्लेमर में यह कहा जाना चाहिए कि धर्मांतरण के आंकड़े पर सुझाव का समर्थन करने के लिए कोई प्रमाणित आंकड़ा नहीं है और फिल्म काल्पनिक संस्करण का प्रतिनिधित्व करती है। न्यायालय ने साथ ही कहा कि फिल्म को मिले प्रमाण-पत्र को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर निर्णय के लिए कार्यवाही से पहले वह द केरल स्टोरी देखना चाहेगा। पीठ फिल्म को सीबीएफसी प्रमाणपत्र दिए जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जुलाई के दूसरे हफ्ते में सुनवाई करेगी। पीठ में न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं।

## ग्रेनो के...

पूर्व से एक दूसरे के अच्छे मित्र थे जिनका कुछ समय से विवाद चल रहा था। दादरी कोतवाली के थाना प्रभारी संजीव उपाध्याय ने बताया कि मूलरूप से कानपुर के गोमती नगर की रहने वाली 21 साल की नेहा चौरसिया शिव नादर यूनिवर्सिटी में बीए सोशलॉजी थर्ड ईयर की छात्रा थी। उसके साथ अमरोहा जिले में स्थित सोनगढ़ गांव का रहने वाला अनुज भी पढ़ता था।

## सरकार ने...

कहा कि गुलामी के कालखंड में जहां कितनी ही पांडुलिपियां और पुस्तकालय जला दिए गए वहीं आजादी के बाद अपनी धरोहरों को संरक्षित करने के जो प्रयास होने चाहिए थे, वह भी नहीं किए गए। प्रधानमंत्री ने स्थानीय और ग्रामीण संग्रहालयों को संरक्षित करने के लिए केंद्र सरकार की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार हर राज्य, हर क्षेत्र और हर समाज के इतिहास को संरक्षित करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार स्वाधीनता संग्राम में जनजातीय समुदाय के योगदान को अमर बनाने के लिए 10 विशेष संग्रहालय भी बना रही है। आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में 47वें अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस (आईएमडी) का जश्न मनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। इस वर्ष के लिए अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का विषय संग्रहालय, स्थिरता और कल्याण है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने नॉर्थ ब्लॉक और साउथ ब्लॉक में राष्ट्रीय संग्रहालय के एक वर्चुअल वॉकथ्रू का उद्घाटन किया। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय प्रदर्शनी के शुभंकर, ग्राफिक नोवेल- संग्रहालय में एक दिन, भारतीय संग्रहालयों की निर्देशिका, कर्तव्य पथ के पॉकेट मानचित्र और संग्रहालय कार्ड का भी विमोचन किया।

# पुलिस ने इमरान के आवास को घेरा

● छिपे आतंकवादियों को पकड़ने का अभियान शुरू कर सकती हैः मीडिया

भाषा। लाहौर




**पंजाब पुलिस** के कर्मियों ने लाहौर में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के यहां स्थित आवास को बृहस्पतिवार को घेर लिया और वे उनके आवास में कथित तौर पर छिपे आतंकवादियों को पकड़ने के लिए किसी भी समय अभियान शुरू कर सकते हैं। पंजाब प्रांत की अंतरिम सरकार ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के प्रमुख खान को लाहौर स्थित उनके आवास पर छिपे आतंकवादियों को सौंपने के लिए 24 घंटे का समय दिया था और यह अवधि अब समाप्त हो गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हसन भट्टी ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उन्होंने जमान पार्क इलाके से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन पर नौ मई को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमले में शामिल होने का संदेह है। खान की पार्टी ने दावे का खंडन किया और कहा कि पुलिस गिरफ्तार व्यक्तियों के एक समूह को जमान पार्क में यह साबित करने के लिए लाई कि उन्हें उनके नेता के आवास के बाहर हिरासत में लिया गया था। जियो न्यूज की खबर के अनुसार जमान पार्क की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया गया है और इलाके में बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। सूत्रों के हवाले से खबर में कहा गया है कि पंजाब पुलिस के महानिरीक्षक और राजधानी शहर के पुलिस अधिकारी ने पुलिस को सतर्क रहने के लिए कहा है। पंजाब के कार्यवाहक सूचना मंत्री आमिर मीर ने बुधवार को दावा किया था कि 30 से 40 आतंकवादी खान के जमान पार्क स्थित आवास के अंदर छिपे हुए है और उन्होंने खान को उन्हें सौंपने या कड़ी कार्वाई का सामना करने के लिए 24 घंटे का समय दिया था। पूर्व प्रधानमंत्री खान ने पिछले सप्ताह उनकी गिरफ्तारी के बाद सरकारी एवं सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमले से खुद को और अपनी पार्टी को अलग करते हुए इस हिंसा की बुधवार को स्वतंत्र जांच कराने की मांग की थी। खान ने यहां जमान पार्क निवास से वीडियो लिंक से अपनी पार्टी पीटीआई के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यह मांग रखी थी। खान ने पंजाब सरकार के इस दावे को खारिज कर दिया था कि लाहौर स्थित उनके घर में लगभग 40 आतंकवादी छिपे हुए हैं।

## पाकिस्तान तबाही की ओर बढ़ रहा, पूर्वी पाकिस्तान जैसे हो सकते हालातः इमरान

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने सत्तारूढ़ गठबंधन पर सेना को उनकी पार्टी के खिलाफ खड़ा करने की साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि देश तबाही की ओर बढ़ रहा है और उसे विघटन का सामना करना पड़ सकता है। खान ने बुधवार को यहां अपने जमां पार्क स्थित आवास से वीडियो संदेश में कहा कि राजनीतिक अस्थिरता को समाप्त करने का एकमात्र तरीका चुनाव कराना है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष खान (70) ने कहा, पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के नेताओं और यहां से भागकर लंदन चले गए नवाज शरीफ को इस बात की कोई फिक्र नहीं है कि देश के संविधान की बेअदबी हो रही है, सरकारी संस्थाओं को बर्बाद किया जा रहा है या पाकिस्तानी सेना बदनाम हो रही है। वे लूटी गई संपदा को बचाने के अपने निहित स्वार्थों के लिए काम कर रहे हैं। पुलिस ने इमरान खान के घर को घेर रखा है। इस बीच उन्होंने कहा, मुझे डरावना सपना दिखाई दे रहा है कि देश तबाही की ओर बढ़ रहा है। मेरी सत्ता से अपील है कि चुनाव कराएं और देश बचाएं। इस्लामाबाद उच्च न्यायालय परिसर से नौ मई को अपनी गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा के बारे में पूछे जाने पर खान ने कहा कि यह पूरी तरह सत्तारूढ़ गठबंधन और पंजाब सरकार के इशारे पर रची गई साजिश है। डॉन अखबार ने पूर्व प्रधानमंत्री के हवाले से लिखा, समय आ गया है कि सत्ता में बैठे लोगों को संवेदनशीलता के साथ सोचना चाहिए, अन्यथा देश के सामने पूर्वी पाकिस्तान जैसे हालात पैदा हो सकते हैं। देश की सेना की अपनी आलोचना को जायज ठहराते हुए खान ने कहा, जब मैं सेना की निंदा करता हूं तो यह मेरे अपने बच्चों की आलोचना के समान है। उन्होंने कहा, मैं बार-बार कह चुका हूं कि मैं सरकारी संस्थाओं के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करता। जब मेरे पास पक्की खबर थी कि पूर्व सेना प्रमुख मेरे खिलाफ साजिश रच रहे हैं, मैंने तब भी हस्तक्षेप नहीं किया।

## नौका डूबने से लापता हुए लोगों को ढूंढने में सहयोग कर रहे हैं भारत,श्रीलंका सहित अन्य देशः चीन

**बीजिंग।** चीन ने बृहस्पतिवार को कहा कि हिंद महासागर में मछली पकड़ने वाली उसकी एक नौका डूबने से लापता हुए 39 लोगों की तलाश में ऑस्ट्रेलिया, भारत, श्रीलंका, इंडोनेशिया, मालदीव और फिलीपीन मदद कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई समुद्री सुरक्षा प्राधिकरण (एएमएसए) के एक प्रवक्ता ने चीन की सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ को बृहस्पतिवार को बताया कि समुद्री तलाश के सिद्धांत के आधार पर करीब 12,000 वर्ग किलोमीटर के दायरे में खोज एवं राहत अभियान चलाया जा रहा है। गहरे समुद्र में मछली पकड़ने वाला चीनी जहाज लु पेंग युआन यू नंबर 028 मंगलवार को हिन्द महासागर के मध्य हिस्से में डूब गया। साथ ही उसपर सवार चालक दल में शामिल चीन के 17, इंडोनेशिया के 17 और फिलीपीन के पांच लोग भी लापता हो गए। अभी तक चालक दल के किसी सदस्य का कुछ अता-पता नहीं चला है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने बृहस्पतिवार को यहां मीडिया से कहा, राहत एवं तलाश अभियान जारी है। उन्होंने कहा कि पूरा क्षेत्र इस राहत एवं तलाश अभियान में मदद कर रहा है। प्रवक्ता ने कहा, ऑस्ट्रेलिया, भारत, श्रीलंका, इंडोनेशिया, मालदीव और फिलीपीन जैसे देशों ने आपालकालीन सहायता उपलब कराई है और चीनी जहाज तथा चालक दल के सदस्यों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि चीन की सरकार इन देशों से प्राप्त सहायता के लिए उनकी आभारी है।

## माउंट एवरेस्ट के आधार शिविर में पेसमेकर वाली भारतीय महिला पर्वतारोही की बीमार पड़ने के बाद मौत

**काठमांडू।** नेपाल में माउंट एवरेस्ट के आधारशिविर में बीमार पड़ने के बाद 59 वर्षीय एक भारतीय पर्वतारोही की बृहस्पतिवार को मृत्यु हो गई जो दुनिया की इस सबसे उंची चोटी को फतह करने वाली एशिया की पेसमेकर वाली पहली महिला बनने का विश्वरिकार्ड कायम करना चाहती थीं। नेपाल के पर्यटन विभाग के निदेशक युवराज खातिवादा ने बताया कि माउंट एवरेस्ट आधारशिविर में अनुकूलन अभ्यास के दौरान मुश्किलें होने पर सुजान्ने लियोपोल्डिना जीसस (59) को सोललुखुंबू जिले के लुकला इलाके के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां बृहस्पतिवार को उनकी मौत हो गई। खातिवादा ने बताया कि आधारशिविर में अनुकूलन अभ्यास के दौरान सामान्य रफ्तार नहीं बनाए रख पाने तथा चढ़ने में परेशानी होने पर सुजाने को माउंट एवरेस्ट फतह करने की कोशिश छोड़ देने को कहा गया था। सुजाने को पेसमेकर लगा था। निदेशक ने बताया कि सुजाने ने यह सलाह मानने से इनकार कर दिया और कहा कि वह 8,848.86 मीटर उंची चोट पर चढ़ेगी ही क्योंकि वह इस चोटी पर चढ़ने की अनुमति पाने के लिए पहले ही शुल्क दे चुकी हैं। पर्वतारोहण आयोजक ग्लेशियर हिमालयन के अध्यक्ष डेंडी शेरपा ने कहा कि सुजाने को 5800 मीटर तक चढ़ाई करनी थी किंतु उन्हें बुधवार को जबरन हेलीकॉप्टर से लुकला शहर ले जाया गया और अस्पताल में भर्ती कराया गया। उन्होंने कहा, हमने पांच दिन पहले ही उनसे यह पर्वतारोहण छोड़ देने को कहा था लेकिन वह एवरेस्ट फतह करने पर अड़ी हुई थी।

## फोटोग्राफरों के पीछा करते समय काफी नर्वस थे प्रिंस हैरी और मेगनः भारतीय-अमेरिकी कैब चालक

**न्यूयॉर्क।** प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेगन का गत मंगलवार की रात को न्यूयॉर्क में जब फोटोग्राफरों ने पीछा किया तो वे काफी नर्वस थे। भारतीय मूल के एक अमेरिकी कैब चालक ने यह दावा किया जिसने उन्हें मैनहट्टन थाने से लिया और करीब 10 मिनट तक कार में लेकर घूमता रहा चालक सुखचरण सिंह ने बताया कि कुछ पपराजी (किसी प्रसिद्ध हस्ती का पीछा करने वाले फोटोग्राफर) ने दोनों को उनकी कार में देख लिया और फौरन पहचान लिया। उन्होंने कहा, मैं 67 स्ट्रीट पर था और सुरक्षा गार्ड ने मुझे बुलाया। आगे क्या हुआ, आप जानते हैं। प्रिंस हैरी और उनकी पत्नी मेरी कैब में बैठ ग सिंह ने कहा, कचरे के एक ट्रक की वजह से हमारी कार रुक गई और फिर अचानक से पपराजी सामने आ गए और उन्होंने तस्वीरें खींचना शुरू कर दिया। कैब चालक ने कहा कि हैरी (38) और मेगन (41) अपने गंतव्य का पता बताने ही वाले थे लेकिन उन्होंने फिर थाने लौटने को कहा। सिंह ने स्काई न्यूज से कहा, वे अच्छे लोग हैं। वे नर्वस दिख रहे थे। मुझे लगता है कि पूरे दिन ही उनका पीछा होता रहा। वे काफी नर्वस थे। हैरी और मेगन के प्रवक्ता ने बुधवार को एक बयान में कहा कि मंगलवार को दोनों ने कार का पीछा किए।

## शहबाज शरीफ ने नौ मई को हुई हिंसा के लिए इमरान खान को जिम्मेदार ठहराया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों द्वारा देश मे मचाई गई तबाही के लिए बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री को जिम्मेदार ठहराया। शरीफ ने एक ट्वीट मे लिखा," नौ मई को पूरे देश मे जो हिंसा भड़की और देश के प्रतीको और संवेदनशील प्रतिष्ठानो पर विद्रोहियो ने जो हमले किए उसकी जड़ पिछले एक साल मे इमरान नियाजी द्वारा दिए गए भाषणों मे निहित है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नौ मई को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद हुए हिंसक विरोध प्रदर्शनो का जिक्र कर रहे थे, जिसमे प्रदर्शन के दौरान कई लोगो की मौत हो गई और और प्रदर्शनकारियो ने दर्जनो सैन्य और सरकारी प्रतिष्ठानो को नष्ट कर दिया। शरीफ ने कहा कि खान नेै सशस्त्र बलो और मौजूदा सेना प्रमुख पर लगातार हमले कर उन्हें बदनाम किया और बहुत ही चालाकी से हकीकी आजादी के नारो के साथ अपना एक गुट तैयार किया, जिसका उद्देश्य उन्हे नौ मई को हुई हिंसा के लिए उकसाना था। शरीफ ने सभी से कहा किै उनके (खान) भाषणों को सुनें और आपको अपने जवाब मिल जाएंगे। उन्होने एक अन्य ट्वीट मे अधिकारियो से हिंसा मे शामिल लोगो को गिरफ्तार करने को कहा।

## क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए सीरियाई राष्ट्रपति सऊदी अरब रवाना

**जेद्दा।** सीरिया के राष्ट्रपति बशर असद बृहस्पतिवार को एक क्षेत्रीय शिखर सम्मेलन मे भाग लेने के लिए सऊदी अरब के लिए रवाना हुए। वर्ष 2011 मे सीरिया के संघर्ष के बाद से सऊदी अरब की उनकी यह पहली यात्रा होगी। राष्ट्रपति कार्यालय ने यह जानकारी दी। अरब लीग शिखर सम्मेलन की शुरुआत शुक्रवार से होगी। बाइस सदस्यीय लीग की बैठक सऊदी शहर जेद्दा मे होगी। अपने दिवंगत पिता एवं पूर्व राष्ट्रपति हफ्ज असद के निधन के बाद 2000 मे असद के पदभार ग्रहण करने के बाद से सीरिया और सऊदी अरब के बीच संबंध खराब हो गए थे। सीरिया मे संघर्ष के बाद दोनो देशो के बीच 2012 मे संबंध समाप्त हो गए थे। पिछले सप्ताह वे अपने दूतावासो को फिर से खोलने पर सहमत हुए थे। सीरिया के विदेश मंत्री फैसल मेक्दाद ने अप्रैल मे रियाद का दौरा किया था और उनके सऊदी समकक्ष प्रिंस फैसल बिन फरहान ने दमिश्क का दौरा किया था और असद से मुलाकात की थी। शिखर सम्मेलन से पहले बुधवार को जेद्दा मे अरब विदेश मंत्रियो की बैठक मे मेक्दाद ने भी हिस्सा लिया था।

## भारतीय माताओं का दुबई में सम्मान

**नई दिल्ली।** मदर इंडिया प्रोग्राम, जोकि भारतीय मांओं को सशक्त बनाने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है, का शुभारंभ 14 मई को किया गया। यह पहल समाज में इन मांओं के अमूल्य योगदान का जश्न मनाती है। एरा विलक्स के नेतृत्व में यह परिवर्तनकारी कार्यक्र म, देश भर में माताओं को सम्मान देने, पहचान देने और उन्हें सहयोग करने के दृष्टिकोण से संचालित है। इसकी भव्य शुरुआत का आयोजन (ग्रैंड लॉन्च इवेंट) दुबई में प्रतिष्ठित अरमानी होटल, बुर्ज खलीफा में किया गया जिसने इस अवसर के महत्व को और बढ़ा दिया। इस मौके पर प्रलहाद मोदी, बॉबी खान और दुबई के सम्मानित राजा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई और इसके महत्व पर प्रकाश डाला।। संस्थापक और दूरदर्शी, नक्का वेंकट राव ने मदर इंडिया प्रोग्राम से जुड़ी अपनी गहरी प्रेरणा को व्यक्त करते हुए कहा, यह कार्यक्रम भारत की माताओं के प्रति हमारा सम्मान है। हम हर संभव तरीके से हर क्षेत्र में मांओं का सम्मान, पहचान और समर्थन करके समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहते हैं।

# फरवरी 2002 से दिसंबर 2015 के बीच 60 भगोड़ों को विदेशी सरकारों ने भारत प्रत्यर्पित या निर्वासित किया

भाषा। न्यूयॉर्क (अमेरिका)

**अमेरिका की** संघीय अदालत से पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किए जाने की अनुमति मिलने के साथ ही देश ने 26।11 मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं को न्याय के कठघरे में लाने की अपनी लड़ाई में बड़ी जीत हासिल की है। इसके साथ ही, फरवरी 2002 से एक दशक से अधिक की अवधि में विदेशी सरकारों द्वारा भारत प्रत्यर्पित या निर्वासित किए गए भगोड़ों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है। कैलिफोर्निया की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की मजिस्ट्रेट जैकलीन चूलजियान ने बुधवार को 48 पन्नों का आदेश जारी किया और कहा कि 62 वर्षीय राणा को भारत और अमेरिका के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए। आदेश में कहा गया है, अदालत ने इस अनुरोध के समर्थन और विरोध में प्रस्तुत सभी दस्तावेजों की समीक्षा की है और सभी दलीलों पर विचार किया है। इस तरह की समीक्षा और विचार के आधार पर अदालत इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जाना चाहिए। अदालत अमेरिका के विदेश मंत्री को प्रत्यर्पण की दिशा में कार्वाई करने के लिए अधिकृत करती है। विदेश मंत्रालय की वेबसाइट पर मौजूद जानकारी के अनुसार, फरवरी 2002 और दिसंबर 2015 के बीच विदेशी सरकारों ने अब तक 60 भगोड़ों को या तो भारत प्रत्यर्पित किया है या निर्वासित किया है। इनमें से 11 भगोड़े अमेरिका से, 17 संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से, चार कनाडा और चार थाईलैंड से प्रत्यर्पित किए गए हैं। वर्ष 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाका मामले में अपनी भूमिका के लिए उम्रकैद की सजा काट रहे माफिया अबु सलेम को नवंबर 2005 में पुर्तगाल से प्रत्यर्पित किया गया था। वहीं, मुंबई बम हमलों में शामिल इकबाल शेख कासकर, इजाज पठान और मुस्तफा अहमद उमर दोसा को 2003 की शुरुआत में यूएई से प्रत्यर्पित किया गया था। आतंकवाद, संगठित अपराध, आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी, बच्चों के यौन शोषण, वित्तीय धोखाधड़ी, हत्या और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने जैसे अपराधों में मुकदमे का सामना करने के लिए इन भगोड़ों को भारत प्रत्यर्पित किया गया है।

# रूस ने यूक्रेन पर 30 क्रूज मिसाइलें दागी

● कीव ने 29 को मार गिराने का दावा किया

भाषा। कीव



**रूस ने** यूक्रेन की राजधानी कीव और ओडेसा क्षेत्र पर बृहस्पतिवार को तड़के 30 क्रूज मिसाइलें दागीं, जिनमें से 29 को यूक्रेन के वायु रक्षा बलों ने मार गिराने का दावा किया है। ओडेसा के सैन्य प्रशासन के प्रवक्ता सरहेई ब्रैतचक ने एक टेलीग्राम पोस्ट में बताया कि एक रूसी मिसाइल, क्षेत्र के दक्षिणी हिस्से में स्थित एक औद्योगिक प्रतिष्ठान से जा टकराई, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा दो अन्य घायल हो गए।
ब्रैतचक ने कहा, वायु रक्षा बलों ने दुश्मन की ज्यादातर मिसाइलों को समुद्र के ऊपर मार गिराया। दुर्भाग्य से एक औद्योगिक प्रतिष्ठान मिसाइल की चपेट में आ गया, जिससे एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। वहीं, कीव में अधिकारियों ने बताया कि रूस ने इस महीने नौवीं बार यूक्रेनी राजधानी को निशाना बनाया। कैस्पियन क्षेत्र के रणनीतिक बमवर्षकों ने संभवत: क्रूज मिसाइलों से इन हमलों को अंजाम दिया। हमलों के बाद रूस के टोही विमानों ने यूक्रेनी राजधानी के ऊपर उड़ान भी भरी। कीव के सैन्य प्राधिकरण के प्रवक्ता सरहेई पोपको ने एक टेलीग्राम पोस्ट में बताया कि कीव में धमाकों की तेज आवाज सुनाई दी और विस्फोट के बाद गिरे मलबे से एक गैराज परिसर में आग लग गई। हालांकि, हमले में हताहत लोगों की संख्या के बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है। अधिकारियों के मुताबिक, यूक्रेन के वायु रक्षा बलों ने रूस की क्रूज मिसाइलों के अलावा उसके दो बमवर्षक ड्रोन और दो टोही ड्रोन को भी मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी देशों द्वारा उपलब्ध कराए गए अत्याधुनिक हथियारों से और मजबूत हुई यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने इस हफ्ते की शुरुआत में रूस की ओर से कीव पर बड़े पैमाने पर किए गए हवाई हमलों को नाकाम करते हुए उसकी ज्यादातर मिसाइलों को मार गिराया था। यूक्रेनी वायुसेना के प्रवक्ता यूरी इनहात ने कहा कि रूस ने इस हफ्ते की शुरुआत में किए गए हमलों के लिए छह किंझल एयरो-बैलिस्टिक हाइपरसोनिक मिसाइल का इस्तेमाल किया था। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को किए गए हमलों के लिए मॉस्को ने संभवत: सोवियत काल में निर्मित एक्स-101 और एक्स-55 क्रूज मिसाइलों का उपयोग किया।

# हिरोशिमा में जी-7 समूह के शिखर सम्मेलन से पहले बाइडन ने जापान के किशिदा से की चर्चा

भाषा। हिरोशिमा




**राष्ट्रपति जो बाइडन** बृहस्पतिवार को जापान पहुंचे और जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा का अभिवादन करते हुए कहा, जब हमारे देश एक साथ खड़े होते हैं, तो हम मजबूत खड़े होते हैं - यह संकेत है कि दोनों देशों के बीच आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा गठबंधन कैसे बढ़ा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपनी टिप्पणी की शुरुआत में इस बात का उल्लेख किया कि किशिदा ने जनवरी में वाशिंगटन के दौरे के दौरान कहा था कि दुनिया ने हाल के इतिहास में सबसे जटिल सुरक्षा वातावरणों में से एक का सामना किया। बाइडन ने कहा, मैं इस पर आपसे सर्वथा सहमत हूं। किशिदा ने शुक्रवार से शुरू होने वाले ग्रुप ऑफ सेवन (जी7) शिखर सम्मेलन से पहले अपनी बैठक में बाइडन को अमेरिका के साथ जापान के संबंधों के बारे में बताते हुए कहा, हम बहुत स्वागत करते हैं कि सहयोग बहुत तेजी से बढ़ा है। हिरोशिमा किशिदा का पैतृक शहर है और यहीं जी7 शिखर सम्मेलन आयोजित हो रहा है। यही वह स्थान है जहां 1945 में द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अमेरिका ने परमाणु बम गिराया था और अब इसी स्थान से अमेरिका, जापान तथा सहयोगी देश यूक्रेन पर रूस के हमले पर रणनीतिक विचार विमर्श करेंगे। कर्ज की सीमा कैसे बढ़े इसे लेकर देश में विभाजित राय के प्रबंधन की कोशिश में जुटे बाइडन विश्व मंच पर पेश हो रहे हैं। उन्होंने एशिया की आठ दिवसीय यात्रा को छोटा करने का विकल्प चुना, ताकि वह जून में संभावित कर अदायगी चूक से बचने की कोशिश करने के लिए वाशिंगटन लौट सकें। अमेरिका कर्ज के भुगतान में चूकता है तो वैश्विक अर्थव्यवस्था में इसका विपरीत असर पैदा हो सकता है। यह दर्शाता है कि कैसे अमेरिका की अंदरुनी राजनीति वैश्विक मंच तक फैल सकती है। एयरफोर्स वन में सवार अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि रूसी आक्रमण का मुद्दा अहम है और इस पर शिखर सम्मेलन में बातचीत प्रमुखता से होगी। उन्होंने कहा कि नेता मॉस्को के खिलाफ लगाए गए प्रतिबंधों को मजबूत करने के लिए युद्ध के मैदान में स्थिति और खामियों को दुरुस्त करने पर चर्चा करेंगे। सुलिवन ने कहा कि बाइडन और किशिदा, पिछले दो वर्षों के दौरान सैन्य, आर्थिक और जलवायु मामलों पर समन्वय को मजबूत करने के साथ इस दौरान अग्रोन्मुखी रिश्ते को और आगे ले जाने का लक्ष्य रख रहे हैं।

## ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने जापान यात्रा पर ऐतिहासिक हिरोशिमा समझौता किया

भाषा। लंदन

**ब्रिटिश** प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति जी7 शिखर सम्मेलन के लिए बृहस्पतिवार को जापान पहुंचे जहां उन्होंने ब्रिटेन-जापान आर्थिक, सुरक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग के लिए एक नया हिरोशिमा समझौता किया। ब्रिटेन-जापान वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को इस क्षेत्र में चीनी प्रभुत्व के प्रति संतुलन के रूप में देखा जा रहा है और इसके तहत प्रमुख क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला लचीलेपन को मजबूत करने के लिए महत्वाकांक्षी अनुसंधान एवं विकास सहयोग और कौशल विनिमय को आगे बढ़ाने के वास्ते एक सेमीकंडक्टर साझेदारी भी शामिल है।

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public on behalf of our client that Mrs. Pushpa Batra (25% share), Mrs. Sunita Batra (25% share) and Mrs. Shruti Batra (50% Share) are the owners of Built up Second floor, without roof rights of Property Bearing No. WZ-1325, Old House No. 489, built on Plot No. 26, out of Khasra No. 321, Situated in the area of Village Saleempur Mazra Madipur, now abadi known as Rani Bagh, Shakur Basti, Delhi, vide Sale Deed dated 10.12.2021. All persons are hereby informed that above mentioned owner want to sell the said property to a person who intends to obtain loan from our client against the said property, if anybody has any objection/s upon the ownership of above owner over the said floor, its sale/mortgage/litigation, and any other objections, kindly inform the undersigned in writing on the below mentioned address within 05 days of the present.

**Kumar & Associates (Advocates & Consultants)**
200, IInd Floor, 23, Shivaji Marg, Moti Nagar, N. Delhi-15
Ph : 011-41112527-28 kumarassociates.advocate@gmail.com

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | रमेश शू कंपनी/सुमन परमार/ रमेश परमार/ '191405000311/ '191455000001 | आर/ओ तीसरी मज़िल, एमपीएल नंबर- 11814/6 प्लॉट नंबर 107, रामेश्वरी नेहरू नगर, सत नगर, करोल बाग, दिल्ली, नई दिल्ली 110005/ 16 मई 2023 | जून 24, 2022 रुपये 65,14,627.61/- | दिल्ली, आगरा |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 19, 2023
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# वर्ष में 400,000 से अधिक जान लेती हैं असुरक्षित आदतें



● भोजन संदूषित कैसे होता है

भाषा। जोहानिसबग

**खाद्य संकट** और खाद्य सुरक्षा को लेकर किए जा रहे तमाम दावों के बीच असुरक्षित खाद्य पदार्थ का मुद्दा लगभग अनछुआ रह जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का कहना है कि खराब स्वास्थ्य का एक बड़ा कारण असुरक्षित खाद्य पदार्थ है जो विकास और वृद्धि को बाधित करता है, शरीर में जरूरी सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी उत्पन्न करता है, गैर संचारी और संक्रामक बीमारियों की वजह बनता है तथा मानसिक रोग भी पैदा करता है। वैश्विक स्तर पर, हर साल प्रति दस में से एक व्यक्ति खाद्य जनित रोगों से प्रभावित होता है। अफ्रीकन पॉपुलेशन एंड हेल्थ रिसर्च सेंटर की पोषण अनुसंधानकर्ता अंतोनिना मुतोरो बताती हैं कि खाद्य संदूषण के क्या कारण हैं और हम बीमारी के जोखिम को कैसे कम कर सकते हैं। सुरक्षित और पौष्टिक भोजन एक बुनियादी मानव अधिकार है लेकिन कई लोग इससे वंचित रह जाते हैं। इसका एक कारण खाद्य संदूषण है। इसे भोजन में उन हानिकारक रसायनों और सूक्ष्मजीवों की उपस्थिति के तौर पर परिभाषित किया जाता है जो बीमारी का कारण बन सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि वैश्विक स्तर पर हर दस में से एक व्यक्ति खाद्य संदूषण से प्रभावित होता है और यह समस्या सालाना लगभग 4,20,000 लोगों की मौत का कारण बनती है। खाद्य संदूषण कैसे हो सकता है ? भोजन में बाहरी वस्तुएं जैसे धातु, कांच, तार और पत्थरों के टुकड़े चोट का कारण बन सकते हैं, दांतों को नुकसान पहुंचा सकते हैं या रोग पैदा करने वाले सूक्ष्मजीवों को भोजन में पहुंचाने का कारण बन सकते हैं। बाल भी एक प्रदूषक है जो आंतों को नुकसान पहुंचा सकता है।
भोजन में सूक्ष्मजीव (बैक्टीरिया, वायरस और प्रोटोजोआ), कीट (घुन, तिलचट्टे और चूहे) या परजीवी (कृमि) बीमारी का कारण बन सकते हैं।बर्तन ठीक से साफ न होने पर उसमें रह गए साबुन के अवशेष, अन्न में रह गए कीटनाशक के अवशेष आदि और सूक्ष्मजीवों द्वारा उत्पादित विषाक्त पदार्थ जैसे एफ्लाटॉक्सिन विषाक्तता का कारण बन सकते हैं।

## पौधों के औषधीय गुण लाभदायक

**नई दिल्ली।** त्वचा को सही मात्रा में पोषक तत्व पहुंचाकर स्वस्थ बनाए रखने के अवलोकन करते हुए देश की अग्रणी एफएमसीजी कंपनी एमवे इंडिया ने अपने खास तरह के उत्पाद लॉन्च किए जो हर किसी की स्किनकेयर जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन् द्वारा पेश किए गए इन बैलेंसिंग और हाइड्रेटिंग त्वचा उत्पादों में ऐसे तत्वों का विशिष्ट मिश्रण रखा गया है जो त्वचा को संतुलित और हाइड्रेट कर उसे तरोताज़ा और युवा बनाते हैं। न्यूट्रिलाइटन् फ़ार्मों में उगाए हुए पौधों के वानस्पतिक तत्वों से भरपूर, हाइड्रेटिंग और बैलेंसिंग रेंज के इन वेगन स्किनकेयर उत्पादों की प्रभावशीलता का अच्छी तरह से परीक्षण किया गया है, ये परीक्षण पशुओं पर नहीं किए गए हैं और ये पैराबेन, फ़्थलेट, सल्फेट सर्फ़ेक्टेंट और जानवरों से मिलने वाले तत्वों से मुक्त हैं। सीएमओ अजय खन्ना ने कहा भारत में बहुत बड़ी और सक्रि य कामकाजी आयु वाली आबादी हैए जिसमें 65 प्रतिशत से अधिक युवा शामिल हैं। इस वर्ग की इतनी बड़ी जनसंख्या के बीच स्किनकेयर के लिए जागरूकता का रुझान बहुत बढ़ा है और इसमें 87 प्रतिशत लोग त्वचा के स्वास्थ्य पर बहुत जोर देते हैं।

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

**जबकि**
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कर्ज़दार और डीएचएफएल के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंज़ूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध और प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में निम्न वर्णित कर्ज़दारों को (बुनियादी समूह दीवान हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित किए जाने पर) माँग सूचनाएँ जारी की थीं, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर करने की माँग की गई थी।
कर्ज़दार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद् द्वारा कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहाँ नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा निम्न वर्णित तिथि को प्राप्त कर लिया है।
कर्ज़दार को विशेष रूप से तथा जनसाधारण को एतद्द्वारा उक्त संपत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार का नाम/(ऋण खाता नंबर) (डीएचएफएल पुराना ऋण खाता नंबर एवं आईसीआईसीआई नया ऋण खाता नंबर) | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | माँग सूचना की तिथि/ माँग सूचना में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मनोज कुमार अरोड़ा/ सपना/ QZZRH00005008997 | 1/9994, बाएँ हाथ की ओर बिना छत ऊपरी भूतल, गली नंबर 03, केएच नंबर 425/303/302 गांव बाबरपुर, पश्चिम गोरख पार्क, शाहदरा, दिल्ली- 110032 (क्षेत्रफल 75 वर्ग गज)/ मई 15, 2023 | अगस्त 19, 2021 रु. 16,82,396/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | मुकीम वेज/ अंजलि शर्मा/ QZPTU00005025710 | निर्मित संपत्ति प्लॉट नं.-आरजेड-22, छत के अधिकार के साथ तीसरी मंज़िल, गली नं. 2, खसरा नं. 211 और 212, गाँव नासिरपुर, पश्चिम सागरपुर, दिल्ली, नई दिल्ली (क्षेत्रफल 62 वर्ग गज), चतुसींमा उत्तर- सड़क 15 फीट चौड़ी, दक्षिण- अन्य की संपत्ति, पूर्व- प्लॉट नंबर आरजेड-जे-24, पश्चिम- प्लॉट का हिस्सा/ मई 15, 2023 | जुलाई 08, 2021 रु. 15,24,412/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णतः नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 19, 2023
स्थान : दिल्ली

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.

# पीएम आज जापान, पापुआ न्यू गिनी आस्ट्रेलिया की यात्रा पर रवाना होंगे

भाषा। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी जी-7, क्वाड समूह सहित कुछ प्रमुख बहुपक्षीय शिखर सम्मेलनों में भाग लेने के लिए शुक्रवार को जापान, पापुआ न्यू गिनी और ऑस्ट्रेलिया की छह दिवसीय यात्रा पर जा रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि तीन दिवसीय यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री के 40 से अधिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेने की संभावना है। उन्होंने बताया कि वह शिखर सम्मेलनों में विश्व के दो दर्जन से अधिक नेताओं के साथ बातचीत करेंगे, जिनमें द्विपक्षीय बैठकें भी शामिल हैं। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 19 मई की सुबह अपनी यात्रा के पहले चरण के लिए जापान के शहर हिरोशिमा के लिए रवाना होंगे, जहां वह दुनिया की विकसित अर्थव्यवस्था वाले देशों के समूह जी-7 के वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे।

उन्होंने बताया कि वह (प्रधानमंत्री मोदी) जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा के न्योते पर वहां जा रहे हैं। जापान, जी-7 समूह के मौजूदा अध्यक्ष के रूप में इसके शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है और भारत को इसमें अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया है। क्वात्रा ने बताया कि जी-7 समूह की बैठक में प्राथमिकताओं से जुड़े कई विषयों पर चर्चा होगी, जिसमें सम्पर्क बढ़ाने, सुरक्षा, परमाणु निरस्त्रीकरण, आर्थिक सुरक्षा, क्षेत्रीय मुद्दे, जलवायु परिवर्तन, खाद्य एवं स्वास्थ्य तथा विकास के अलावा डिजिटलीकरण, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी जैसे मुद्दे शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भारत तीन औपचारिक सत्र में हिस्सा लेगा, जिसमें प्रथम दो सत्र 20 मई को और तीसरा सत्र 21 मई को आयोजित किया जाएगा। प्रथम दो सत्र के विषय खाद्य एवं स्वास्थ्य और लैंगिक समानता तथा जलवायु परिवर्तन व पर्यावरण होंगे। वहीं, शांतिपूर्ण, टिकाऊ एवं प्रगतिशील विश्व जैसे विषयों को तीसरे सत्र में शामिल किया गया है। क्वात्रा ने बताया कि जापान के हिरोशिमा में इसी सप्ताह क्वाड समूह के नेताओं की बैठक होने की संभावना है जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज हिस्सा लेंगे। हालांकि, अमेरिका में उत्पन्न आर्थिक संकट का समाधान करने के लिए बाइडन के अपनी ऑस्ट्रेलिया यात्रा स्थगित करने के बाद सिडनी में प्रस्तावित क्वाड देशों के नेताओं की बैठक रद्द कर दी गई है। विदेश सचिव ने कहा कि सिडनी में निर्धारित बैठक जिन कारणों से नहीं हो रही है, इसकी जानकारी आप सभी को है और हिरोशिमा में चारों नेताओं की मौजूदगी का लाभ उठाते हुए वहां यह बैठक आयोजित करने की योजना है। क्वात्रा ने कहा कि सहयोग, सहकार्य आदि से संबंधित जिस एजेंडे पर पिछली बैठक में सहमति बनी हो, उसके आधार पर समूह में आगे चर्चा की जाती है। इसमें आर्थिक विषय, नौवहन, विकास, हिन्द प्रशांत आदि मुद्दों पर किस प्रकार से सहयोग बढ़ाया जाए, उस पर चर्चा हो सकती है। विदेश सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन से इतर जापान के प्रधानमंत्री और कुछ अन्य देशों के नेताओं के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। उन्होंने बताया कि जापान के प्रधानमंत्री किशिदा के साथ प्रधानमंत्री मोदी की द्विपक्षीय वार्ता में आर्थिक मामलों सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। हिरोशिमा में प्रधानमंत्री मोदी, महात्मा गांधी की आवक्ष प्रतिमा का अनावरण भी करेंगे।

### पीएम 28 मई को नए संसद भवन का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को संसद के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। लोकसभा सचिवालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। लोकसभा सचिवालय के बयान के अनुसार, संसद के नवनिर्मित भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से भेंट कर उनसे इसका उद्घाटन करने का आग्रह किया था। बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 मई को संसद के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन करेंगे। इसमें कहा गया है कि लोकसभा तथा राज्यसभा ने पांच अगस्त, 2019 को सरकार से संसद के नए भवन के निर्माण के लिए आग्रह किया था। इसके बाद 10 दिसंबर 2020 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का शिलान्यास किया गया। संसद के नवनिर्मित भवन को गुणवत्ता के साथ रिकॉर्ड समय में तैयार किया गया है। बयान के अनुसार, अब संसद का नवनिर्मित भवन जहां एक ओर भारत की गौरवशाली लोकतांत्रिक परंपराओं एवं संवैधानिक मूल्यों को और अधिक समृद्ध करने का कार्य करेगा, वही अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इस भवन में सदस्यों को अपने कार्यों को और बेहतर तरीके से निष्पादित करने में सहायता मिलेगी। इसमें बताया गया है कि नए संसद भवन के अंतर्गत लोकसभा में 888 सदस्यों और राज्यसभा में 384 सदस्यों की बैठक की व्यवस्था की गई है।संसद के वर्तमान भवन मै लोकसभा में 550 जबकि राज्यसभा में 250 माननीय सदस्यों की बैठक की व्यवस्था है। ज्ञात हो कि संसद की नई इमारत का निर्माण दो साल पहले शुरू हुआ था। नई इमारत राष्ट्र के शक्ति केंद्र सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास का हिस्सा है। राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक तीन किलोमीटर की सड़क का नवीनीकरण, एक सामान्य केंद्रीय सचिवालय का निर्माण, प्रधानमंत्री का एक नया कार्यालय और आवास, और एक नया उपराष्ट्रपति एन्क्लेव भी केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) द्वारा पूरी की जा रही इस परियोजना का हिस्सा है। संसद की नई इमारत का निर्माण टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। इस इमारत मे भारत की लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए एक भव्य संविधान कक्ष, संसद सदस्यों के लिए एक लाउंज, एक पुस्तकालय, कई समिति कक्ष, भोजन क्षेत्र और पर्याप्त पार्किंग स्थान होगा

# तहव्वुर राणा को अगर मृत्युदंड मिले तो खुशी होगीः चश्मदीद गवाह

**मुंबई।** मुंबई में 26/11 के आतंकी हमलों में घायल हुई 24 वर्षीय एक युवती ने आरोपी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण के लिए अमेरिकी अदालत द्वारा बृहस्पतिवार को दी गई मंजूरी का स्वागत किया और कहा कि अगर उसे फांसी पर चढ़ा दिया जाता है या कठोर सजा दी जाती है तो उसे खुशी होगी। 26 नवंबर 2008 को हुए मुंबई आतंकी हमले की सबसे कम उम्र की चश्मदीद गवाह होने का दावा करने वाली देविका नटवरलाल ने कहा कि राणा को भारत लाने और उसे जेल में रखने से कुछ नहीं होगा बल्कि उससे (आतंकी हमलों के बारे में) अधिक जानकारी इकट्ठा की जानी चाहिए। मुंबई में हुए इन हमलों के दौरान देविका मात्र नौ साल की थीं। देविका ने कहा कि हमले के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर, उनके दाहिने पैर में गोली लगी थी और उनके सामने कई लोग मारे गए थे। राणा फिलहाल लॉस एंजिलिस की फेडरल जेल में बंद है। नवंबर 2008 में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के हमलों के दौरान छह अमेरिकियों सहित कुल 166 लोग मारे गए थे। कैलिफोर्निया स्थित एक अमेरिकी अदालत ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के मामले में वांछित पाकिस्तानी मूल के कनाडाई व्यवसाई तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित करने की अनुमति दे दी है। इस फैसले को भारत के लिए एक बड़ी जीत के रूप में देखा जा रहा है। कैलिफोर्निया की सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की अमेरिकी मजिस्ट्रेट न्यायाधीश जैक्लीन चूलजियान ने बुधवार को 48 पन्नों का आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि भारत और अमेरिका के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा (68) को भारत प्रत्यर्पित करना चाहिए। घटना को याद करते हुए देविका ने कहा, आतंकी हमले में मुझे गोली लगी थी। मेरे सामने कई लोग मारे गए। मुझे पता चला है कि राणा को भारत लाया जाएगा।



मुंबई में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सिद्ध विनायक मन्दिर में पूजा करते हुए।

# राबड़ी देवी पूछताछ के लिए ईडी के सामने पेश हुईं

भाषा। नई दिल्ली



**बिहार** की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी जमीन के बदले नौकरी के कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले में पूछताछ के लिए बृहस्पतिवार को यहां ईडी के समक्ष पेश हुईं। राबड़ी अपराह्न 11 बजे ईडी के कार्यालय पहुंचीं। वह दोपहर का भोजन करने एक घंटे के लिए बाहर निकलीं और दो बजे के बाद फिर पूछताछ सत्र में शामिल हुईं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद की पत्नी 68 वर्षीय राबड़ी देवी के बयान धनशोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत दर्ज किए गए। संघीय एजेंसी ने इस मामले में पिछले कुछ माह में राबड़ी देवी के पुत्र एवं बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और सांसद बेटी मीसा भारती तथा चंदा यादव और रागिनी यादव से पूछताछ की है। एजेंसी ने इस वर्ष मार्च में चंदा यादव, रागिनी यादव, हेमा यादव और राजद के पूर्व विधायक अबु दोजाना के ठिकानों पर पटना, फुलवारी शरीफ, दिल्ली-एनसीआर, रांची तथा मुंबई में छापे मारे थे। ईडी ने दावा किया था कि उसने एक करोड़ रुपए की बेहिसाब नकदी जब्त की है तथा अपराध से अर्जित 600 करोड़ रुपए की आय का पता लगाया है। कथित घोटाला उस वक्त हुआ था जब लालू प्रसाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के पहले कार्यकाल में रेल मंत्री थे।

धन शोधन का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी पर आधारित है। एजेंसियों का आरोप है कि 2004-09 की अवधि के दौरान भारतीय रेलवे के विभिन्न जोन में समूह डी के पदों पर विभिन्न व्यक्तियों को नियुक्त किया गया और इसके बदले संबंधित व्यक्तियों ने अपनी जमीन लालू प्रसाद के परिवार के सदस्यों को हस्तांतरित की थी। सीबीआई ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि नियुक्तियों के लिए कोई विज्ञापन या सार्वजनिक सूचना जारी नहीं की गई थी तथा पटना के कुछ निवासियों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर स्थित विभिन्न जोनल रेलवे में स्थानापन्न के तौर पर नियुक्त किया गया। तेजस्वी यादव ने इन आरोपों से इनकार किया है और कहा कि रेल मंत्री प्रसाद के पास लाभ के बदले नौकरी देने के कोई अधिकार नहीं थे।

## क्विक न्यूज

### मेइती समूह ने कश्मीरी पंडितों से तुलना कर नस्ली सफाई का जताया खतरा

**नई दिल्ली।** मणिपुर में जारी तनाव के बीच बहुसंख्यक मेइती समुदाय के सदस्यों ने बृहस्पतिवार को अपनी अनिश्चित स्थिति की तुलना कश्मीरी पंडितों के साथ करते हुए कहा कि उन पर अपने ही राज्य में नस्ली सफाई का खतरा है। राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए वर्ल्ड मेइती काउंसिल के सदस्यों केंद्र और राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए इस बात पर अफसोस जताया कि वे कई प्रयासों के बावजूद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलने में नाकाम रहे। एसटी का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में तीन मई को पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किए जाने के बाद पूर्वोत्तर राज्य में हिंसक झड़पें हुईं थी।

### दूसरे हफ्ते में चंद्रयान-3 मिशन की तैयारी कर रहा है इसरो

**बेंगलुरु** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) दो महीने से भी कम समय में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अंतरिक्ष यान को उतारने के लिए महत्वपूर्ण तकनीकों का प्रदर्शन करने के उद्देश्य से अपने महत्वाकांक्षी चंद्रयान -3 मिशन को प्रक्षेपित करने की तैयारी कर रहा है। चंद्रयान-3 मिशन लैंडिग स्थल के आसपास के क्षेत्र में चंद्र रेजोलिथ (ढीली असमेकित चट्टान और धूल का एक क्षेत्र जो सतह पर स्थित हो), चंद्र भूकंपीयता, चंद्र सतह प्लाज्मा पर्यावरण और मौलिक संरचना के ताप-भौतिकीय गुणो का अध्ययन करने के लिए वैज्ञानिक उपकरणो को लेकर जाता है। अंतरिक्ष विभाग के तहत आने वाली राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी के बेंगलुरु स्थित मुख्यालय में एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को बताया, चंद्रयान-3 मिशन जुलाई के दूसरे हफ्ते में निर्धारित है।

### मंदिर परिसर में हाफ पैंट और अशोभनीय कपड़े पहनने वालों के प्रवेश पर रोक

**औरंगाबाद।** महाराष्ट्र के उस्मानाबाद जिले में तुलजा भवानी मंदिर प्रशासन ने हाफ पैंट या अशोभनीय कपड़े पहनने वाले लोगो के प्रवेश पर रोक लगा दी है। प्रबंधन के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। धार्मिक स्थल की पवित्रता बनाए रखने के लिए यह निर्णय लिया गया है। उस्मानाबाद के तुलजापुर में स्थित देवी तुलजा भवानी के प्रसिद्ध मंदिर में हर साल बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। मंदिर प्रशासन ने सूचना बोर्ड पर एक संदेश प्रदर्शित किया, जिसमें कहा गया है कि ऐसे श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश की अनुमति नही दी जाएगी, जिन्होंने ऐसे कपड़े पहन रखें हो जिसमें शरीर के अंग दिखते हो, जैसे - हाफ पैंट, स्कर्ट और कटी-फटी जीन्स।

### पीजीडीएम के लिए आवेदनों की मांग

**मुंबई।** ठाकुर ग्लोबल बिज़नेस स्कूल कांदिवली की ओर से उनके पोस्ट ग्रैज्युएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट (पीजीडीएम) इस कार्यक्रम के साल 2023-24 के प्रवेश हेतु प्रक्रिया की शुरुआत करनें की घोषणा की गई है। इच्छूक उम्मीदवार प्रवेश फॉर्म पर क्लिक कर ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। इस प्रवेश के लिए हेल्पलाईन नंबर्स 9819755301 या 022, 67308201,8202, 8208 है। काऊन्सलिंग सोमवार से शनिवार सुबह 10 से शाम 5.30 तक उपलब्ध होगा। अधिक जानकारी के लिए आवेदक इमेल के जरिए भी संपर्क कर सकते है। ठाकुर ग्लोबल बिज़नेस स्कूल ने हरदम भविष्य में नेताओं का सक्षम समाज बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर जोर दिया है। इस कार्यक्रम का डिज़ाईन व्यावसायिकता की नींव मजबूत करतें हुए मार्केटिंग फाईनान्सए ह्युमन रिसोर्स और ऑपरेशन्स मैनेजमेंट जैसे क्षेत्र में विशेष प्राविण्य प्राप्त करने हेतु किया गया है। ग्लोबल बिज़नेस स्कूल की संचालिका एवं इनचार्ज डॉ. सुरभी गौतम ने कहा कि भविष्य में मशहूर पेशेवर को बिज़नेस स्कूल में आमंत्रित करतें हुए हमे खुशी हो रही है।

### स्किल सेंटर से सीखेंगे छात्र

**नई दिल्ली।** सन्नी टोयोटा ने पं रामधनी द्विवेदी प्रीवीटी आईटीआई, सुल्तानपुर स्थित एएसडीसी सेंटर में एक्सईवी कॉर्नर का अनावरण किया। इसके तहत शिक्षा के जरिये टोयोटा कम्युनिटी प्रोग्राम शुरू किये जाएंगे। एएसडीसी सेंटर बांदा, मैनपुरी, सीतापुर और औरया में खोले गए। यह एक ऑनद.जॉब स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग नौकरी करते हुए कौशल विकास प्रशिक्षण है जो स्किल इंडिया मिशन के साथ तालमेल में है। यह पहल एक अनूठा कार्यक्रम है जो उत्तर प्रदेश में पहला है जो न केवल देश के युवाओं को उन्नत प्रौ द्योगिकियों पर केंद्रित उद्योग संबंधित प्रशिक्षण प्रदान करके रोजगार के अवसर प्रदान करने में मदद करेगा बल्कि उद्योग की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए टोयोटा प्रशिक्षित मानवशक्ति की उपलब्धता भी सुनिश्चित करेगा। इस कार्यक्रम के तहतए सन्नी टोयोटा और एएसडीसी 100 दिनों के ओजेटी आधारित कौशल विकास कार्यक्रम की पेशकश करेंगेए जो चयनित छात्रों डिप्लोमा ,स्नातकको बिक्री और विपणन कौशल उत्पाद ज्ञान, सड़क सुरक्षा और पर्यावरण पर ज्ञान प्रदान करेगा। उद्घाटन समारोह में रीजन्ल मैनेजर राजीव कुमार, एरिया मैनेजर अभिषेक बच्चन, सन्नी टोयोटा के सीईओ? अश्रय वर्मा, जनरल मैनेजर, प्रदीप शुक्ला, जनरल मैनेजर रजनीश गोयल एवं इंस्टीट्यूट के सेंटर हेड श्री ब्रजेष द्विवेदी जी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

# सांगानेर में मुस्लिम छात्रावास के लिए भूमि आवंटन को लेकर विरोध प्रदर्शन

भाषा। जयपुर

**भाजपा** नेताओं के नेतृत्व में सांगानेर क्षेत्र के स्थानीय लोगों ने मुस्लिम छात्रावास के लिए भूमि आवंटन के विरुद्ध बृहस्पतिवार को विरोध प्रदर्शन कर आवासन मंडल के सचिव को आवंटन रद्द करने के लिए ज्ञापन सौंपा। हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में मुस्लिम छात्रों के लिए छात्रावास निर्माण के वास्ते भूमि आवंटन के विरोध में प्रदर्शनकारियों ने सांगानेर बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले बृहस्पतिवार को विरोध रैली निकाली।

सांगानेर के पिंजरा पोल गौशाला से आवासन मंडल के सैक्टर पांच स्थित कार्यालय तक प्रदर्शनकारियों ने एक रैली निकाली जिसमें लोगो ने आवंटन रद्द करने के लिए सरकार विरोधी नारे लिखी तख्तियां हाथों में ले रखी थी। जयपुर से सांसद रामचंद्र बोहरा ने बताया कि पूर्व में क्षेत्र में हज हाउस के लिए भूमि आवंटित की गई थी। हमने विरोध किया तो राज्य सरकार को झुकना पड़ा और आवंटन को रद्द किया। सांगानेर क्षेत्र में रहने वाले 90 प्रतिशत लोग हिंदू हैं और सरकार एक विशेष समुदाय के लोगो के लिए वहां छात्रावास बनाने का प्रयास कर रही है। इसे नहीं बनने दिया जाएगा।

सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अशोक लाहोटी ने कहा, शांति प्रिय क्षेत्र के लोग इसे स्वीकार नहीं करेंगे। कांग्रेस को एक विशेष समुदाय से प्रेम है। हमने छात्रावास के लिए मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में भूमि आवंटन का सुझाव दिया है। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस 1000 बिस्तर का छात्रावास बनाने के लिए विशेष समुदाय को हिंदू बाहुल्य क्षेत्र में करोड़ों की जमीन मुफ्त में आवंटित करके तुष्टिकरण कर रही है।

# अर्जुन राम मेघवालः एक बुनकर का बेटा बना देश का कानून मंत्री



**जयपुर।** देश के कानून मंत्री बनाए गए अर्जुन राम मेघवाल अपनी पारंपरिक वेशभूषा धोती कुर्ते और राजस्थानी पगड़ी के साथ एक अलग ही पहचान रखते हैं। केंद्र सरकार की ओर से उन्हें कार मिली हुई है लेकिन मेघवाल अक्सर साइकिल से संसद भवन आते हैं और बागड़ी बोली के गीतों का शौक रखते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विश्वस्त नेताओं में शामिल माने जाने वाले मेघवाल को बृहस्पतिवार को देश के कानून मंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। लेकिन बहुत कम लोगों को मालूम है कि इस शीर्ष पद तक पहुंचने से कई दशक पहले मेघवाल ने अपने कैरियर की शुरूआत बीकानेर में एक टेलीफोन ऑपरेटर के रूप में की थी। बीकानेर के पास किशमीदेसर गांव में एक साधारण दलित परिवार में पैदा हुए मेघवाल के पिता पेशे से बुनकर रहे हैं। मेघवाल की मात्र 13 वर्ष की उम्र में पाना देवी शादी हो गई लेकिन अपने बुनकर पिता के साथ काम में हाथ बंटाते हुए उन्होंने एलएलबी और एमबीए की डिग्री हासिल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद मेघवाल ने प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी शुरू की। उन्हें भारत डाक एवं तार विभाग में टेलीफोन ऑपरेटर का पद मिला। राजनीति में अनौपचारिक रूप से उन्होंने तब कदम रखा जब उन्होंने टेलीफोन ट्रैफिक एसोसिएशन का चुनाव लड़ा और महासचिव चुने गए। टेलीफोन ऑपरेटर के रूप में काम करते हुए मेघवाल ने दूसरे प्रयास में राजस्थान राज्य प्रशासनिक सेवा की परीक्षा पास कर ली। नौकरशाहों की शीर्ष टोली में इन्हें तब जगह मिली जब इनको भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी के रूप में पदोन्नति मिली और वह राजस्थान में चुरू के जिलाधिकारी बने।किरेन रीजीजू की जगह संसदीय कार्य राज्यमंत्री अर्जुन राम मेघवाल को कानून मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बनाया गया। रीजीजू अब पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय का प्रभार संभालेंगे। मेघवाल के राजनीतिक जीवन की विधिवत शुरुआत साल 2009 में हुई। 2009 में भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर भाजपा के टिकट पर बीकानेर लोकसभा से पहला चुनाव जीता और उसके बाद उन्हें पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं हुई। वह 2014 के लोकसभा चुनाव में दूसरी बार सांसद निर्वाचित हुए। केन्द्र सरकार में वित्त व कंपनी मामलों के राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्री, जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण राज्य मंत्री रह चुके मेघवाल 2019 के लोकसभा चुनाव में बीकानेर से लगातार तीसरी बार सांसद चुने गए।केंद्र में मेघवाल का कद बढ़ाए जाने को राज्य के विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस रही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा राज्य में दलित मतदाताओं को अपनी ओर आकर्षित करने एक कोशिश भी कहा जा सकता है। राजस्थान में इस साल के आखिर में विधानसभा चुनाव होने हैं। मेघवाल समुदाय, राजस्थान के अनुसूचित जाति वर्ग में आता है जिसकी राज्य की कुल अनुसूचित जाति में आधे से भी अधिक की हिस्सेदारी मानी जाती है। जानकारों के अनुसार राज्य में दलित करीब 18 प्रतिशत है और इसमें भी आधे से अधिक मेघवाल हैं। राज्य की अनेक विधानसभा सीटों पर मेघवाल मतदाता निर्णायक भूमिका रखते हैं।

# 2047 तक दोगुनी होगी शहरी आबादी

### नगरीय निकायों का ढांचा बदलने की जरूरत : स्मार्ट सिटी मिशन निदेशक

**इंदौर ( मध्यप्रदेश )।** वर्ष 2047 तक देश की शहरी आबादी के आज के मुकाबले लगभग दोगुनी होने का अनुमान जताते हुए केंद्र सरकार की स्मार्ट सिटी परियोजना के निदेशक कुणाल कुमार ने बृहस्पतिवार को कहा कि नगरीय निकायों के प्रशासन, नियोजन और वित्तपोषण के मौजूदा ढांचे को बदलते वक्त के मुताबिक ढाले जाने की जरूरत है। कुमार ने इंदौर में पीटीआई-भाषा से कहा,वर्ष 2047 तक देश की शहरी आबादी आज के मुकाबले तकरीबन दोगुनी हो जाएगी। भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 70 प्रतिशत हिस्सा शहरों से आता है। देश को 2047 तक विकसित मुल्क बनाने के लिए जीडीपी में शहरों का योगदान बढ़ाना पड़ेगा जिसके लिए निवेश को तेजी से बढ़ाकर रोजगारों में इजाफा करना होगा।

कुमार, केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य विभाग के संयुक्त सचिव भी हैं। उन्होंने आबादी में नौजवानों की बड़ी तादाद को देश की ताकत करार दिया और कहा कि गांवों से शहरों की ओर युवा आबादी का आना एक समस्या नहीं, बल्कि अवसर है क्योंकि शहरों से आर्थिक वृद्धि को रफ्तार मिलती है। कुमार ने कहा, लेकिन हमें विचार करना होगा कि प्रतिभावान युवाओं को शहरों में बसाने के लिए हमारे नगरीय निकायों के प्रशासन, नियोजन और जनता के प्रति जवाबदेही की व्यवस्था आज के हालात के मुकाबले कितनी मुफीद है और नगरीय निकायों को पर्याप्त अधिकार हासिल हैं या नहीं?

पुणे नगर निगम के करीब चार साल तक आयुक्त रहे आईएएस अधिकारी ने जोर देकर कहा कि देश के नगरीय निकायों के वित्तपोषण की व्यवस्था भी बदलते वक्त की मांग और चुनौतियों के मुताबिक होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गुजरे नौ सालों में नगरीय निकायों को केंद्र सरकार से मिलने वाली वित्तीय सहायता बढ़ी है, लेकिन इन निकायों को चाहिए कि वे अपने स्थानीय आर्थिक संसाधनों को सुदृढ़ करते हुए आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ें। कुमार, अर्बन 20 (यू20) के एक दिवसीय कार्यक्रम में हिस्सा लेने इंदौर आए थे। भारतीय शहरों के लिए शहरी प्रशासन की पुनर्चना विषय पर केंद्रित कार्यक्रम में देश के अलग-अलग शहरी निकायों के प्रतिनिधियों और अफसरों के साथ ही कई विषय विशेषज्ञों ने विचार मंथन किया। यू20 , जी20 समूह की एक पहल है। यू20 का मकसद जी20 समूह से जुड़े देशों के शहरी निकायों के बीच विचारों के आदान-प्रदान के जरिए साझेदारी की दिशा में काम करना है ताकि सतत विकास के एजेंडा को आगे बढ़ाया जा सके।

### देश में आठ नए नगर बसाने पर विचार कर रही सरकार

**इंदौर ( मध्यप्रदेश )।** केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि मौजूदा शहरों के संसाधनों पर आबादी के बढ़ते बोझ के मद्देनजर सरकार आठ नए नगर बसाने की योजना पर विचार कर रही है। विभाग की जी20 इकाई के निदेशक एमबी सिंह ने इंदौर में अर्बन 20 (यू20) की एक बैठक के इतर पीटीआई-भाषा को बताया, 15 वें वित्त आयोग की एक रिपोर्ट में देश में नए शहर विकसित किए जाने की अनुशंसा की गई थी। इसके बाद राज्यों ने 26 नए शहर विकसित किए जाने के प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजे हैं और छंटनी के बाद इनमें से आठ नए शहर बसाए जाने पर विचार किया जा रहा है। योजना के परीक्षण के बाद सरकार नए शहरों से संबंधित स्थानों और इन्हें विकसित किए जाने की समयसीमा के बारे में विधिवत घोषणा करेगी। सिंह ने कहा, हमें देश में नए नगर बसाने ही होंगे क्योंकि मौजूदा शहर नागरिकों की जरूरतों का बोझ नहीं उठा पा रहे हैं। मौजूदा शहरों के बाहरी हिस्सों में बेतरतीब विस्तार से इन शहरों का मूल नियोजन प्रभावित हो रहा है।

# दलित को डिप्टी सीएम नही बनाया तो मुश्किल होगीः परमेश्वर

**बेंगलुरु।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता जी परमेश्वर ने बृहस्पतिवार को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को आगाह किया कि यदि उपमुख्यमंत्री पद किसी दलित को नहीं दिया गया तो उसकी प्रतिकूल प्रतिक्रिया होगी और पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी होगी। एच डी कुमारस्वामी की अगुवाई वाली कांग्रेस-जनता दल (एस) गठबंधन सरकार के दौरान परमेश्वर (71) उपमुख्यमंत्री थे और वह दलित समुदाय से आते हैं। वह सबसे लंबे समय (आठ साल तक) तक प्रदेश कांग्रेस के प्रमुख भी रहे हैं। उनकी परोक्ष चेतावनी ऐसे समय आई है जब महज कुछ घंटे पहले कांग्रेस ने घोषणा की कि सिद्धरमैया कर्नाटक के मुख्यमंत्री और डी के शिवकुमार उपमुख्यमंत्री होंगे।

जब परमेश्वर से यह सवाल किया गया कि शिवकुमार ने नेतृत्व के सामने कथित रूप से शर्त रखी है कि केवल वही उपमुख्यमंत्री होंगे, तब उन्होंने कहा, शिवकुमार ने जो कुछ कहा है, हो सकता है कि वह उनकी राय में ठीक हो लेकिन आलाकमान का दृष्टिकोण भिन्न होना चाहिए। आलाकमान को निर्णय लेना है, हमें आशा है कि वह ...। जब उनसे यह कहा गया कि क्या दलित समुदाय को उपमुख्यमंत्री का पद नहीं देकर उसके साथ अन्याय किया गया है, तब उन्होंने कहा कि लोगों, खासकर दलितों को काफी उम्मीदें हैं।

परमेश्वर ने यहां कहा, इन आकांक्षाओं को समझते हुए हमारे नेतृत्व को निर्णय लेना होगा। यदि ऐसा नहीं होता है तो निश्चित ही उसकी प्रतिक्रिया होगी। मुझे यह कहने की जरूरत नहीं है। बाद में इसे अहसास करने के बजाय, यदि वे अभी सुधार कर लें तो बेहतर होगा। अन्यथा, पार्टी के लिए मुश्किल खड़ी हो सकती है। मैं उनसे कहना चाहूंगा कि वे बातों को समझें। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैं मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री दोनों ही पदों का आकांक्षी था लेकिन अब हमें आलाकमान के फैसले का पालन करना है, इसलिए यह देखना है कि वे आने वाले दिनों में क्या करेंगे। फिलहाल उन्होंने दो के लिए घोषणा की है और हमें यह देखना एवं इंतजार करना होगा कि वे कैसे मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान न्याय करेंगे। उन्होंने कहा, आलाकमान ने मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री की घोषणा की है। सिद्धरमैया हमारी पार्टी से दूसरी बार मुख्यमंत्री बनने जा रहे हैं, हम उनसे अच्छा प्रशासन देने की उम्मीद करते हैं। हमारे घोषणापत्र में अच्छे प्रशासन के वादे के कारण लोगों की हमसे उम्मीदें काफी हैं। मैं निर्णय का स्वागत करता हूं और आशा करता हूं कि अच्छा प्रशासन देने में वे हम सभी को विश्वास में लेंगे।

तुमकुरू जिले में कोराटागेरे का प्रतिनिधित्व करने वाले परमेश्वर 2013 का विधानसभा चुनाव हार गए थे, तब वह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष थे। वह तब मुख्यमंत्री पद के दावेदार थे, चूंकि वह चुनाव हार गए थे इसलिए उन्हें विधान परिषद का सदस्य बनाकर सिद्धरमैया सरकार (2013-18) में मंत्री नियुक्त किया गया। जब परमेश्वर से कहा गया कि (दलितों में से) किसी ने भी मजबूत स्वर में उपमुख्यमंत्री पद की मांग नहीं की, तब उन्होंने कहा कि मजबूत स्वर का मतलब मांग के लिए शोर करना नहीं होता है।

उन्होंने कहा, हमने (पदों की) मांग की है.. मैं आशा करता हूं कि आलाकमान इस पर ध्यान देगा क्योंकि लोगों ने हमें वोट दिया है एवं कांग्रेस के सत्ता में आने में योगदान दिया है। हमें इस बात को ध्यान में रखना है और आगे बढ़ना है। कांग्रेस द्वारा सिद्धरमैया और शिवकुमार को क्रमशः मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री बनाने की घोषणा किए जाने से पहले परमेश्वर से जब पूछा गया था कि क्या वह उपमुख्यमंत्री के पद की मांग करेंगे तो उन्होंने कहा था, पूछने की जरूरत ही क्या है? उन्हें देना चाहिए। चूंकि मैं पहले उपमुख्यमंत्री था, मैं आशा करता हूं कि वे देंगे, देखते हैं...। शिवकुमार द्वारा कथित रूप से रखी गई मांग कि सिर्फ उन्हें ही उपमुख्यमंत्री बनाया जाए, इस पर आपत्ति करते हुए उन्होंने कहा था, एक ही व्यक्ति सत्ता में होना चाहिए, अन्य नहीं होने चाहिए-सही रुख नहीं है। सभी ने पार्टी को सत्ता मे पहुंचाने में योगदान दिया है। सभी समुदायों ने योगदान दिया है, इसलिए निश्चित ही उनके साथ इंसाफ किया जाना चाहिए।

# कोहली के शतक से आरसीबी चमका

## ●सनराजर्स हैदराबाद को 8 विकेट से रौंदा

**भाषा।** हैदराबाद




**विराट कोहली** के शतक और कप्तान फाफ डुप्लेसी के साथ उनकी पहले विकेट की शतकीय साझेदारी से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को यहां हेनरिक क्लासेन के शतक पर पानी फेरते हुए सनराइजर्स हैदराबाद पर आठ विकेट की एकतरफा जीत के साथ प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीदों को जीवंत रखा।आरसीबी ने कोहली (63 गेंद में 100 रन, 12 चौके, चार छक्के) और डुप्लेसी (71 रन, 47 गेंद, सात चौके दो छक्के) के बीच पहले विकेट की 172 रन की साझेदारी से 187 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार गेंद शेष रहते दो विकेट पर 187 रन बनाकर जीत दर्ज की। कोहली और डुप्लेसी की यह साझेदारी मौजूदा सत्र की किसी भी विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। इन दोनों ने दो अप्रैल को मुंबई इंडियन्स के खिलाफ 148 रन की साझेदारी के अपने ही रिकॉर्ड को तोड़ा।इस जीत से आरसीबी के 13 मैच में 14 अंक हो गए हैं और टीम चौथे स्थान पर पहुंच गई है। सनराइजर्स की टीम पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। टीम के 13 मैच में सिर्फ आठ अंक है और वह अंतिम स्थान पर है। सनराइजर्स ने इससे पहले हेनरिक क्लासेन (51 गेंद में 104 रन, छह छक्के, आठ चौके) के तेजर्तार शतक और कप्तान एडेन मार्कराम (18) के साथ उनकी तीसरे विकेट के लिए 76 जबकि हैरी ब्रूक (नाबाद 27) के साथ चौथे विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी से पांच विकेट पर 186 रन बनाए। आरसीबी की ओर से माइकल ब्रेसवेल सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 13 रन देकर दो विकेट चटकाए। मोहम्मद सिराज ने बेहद किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 17 रन पर एक विकेट हासिल किया। कर्ण शर्मा ने तीन ओवर में 45 रन लुटाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे आरसीबी को डुप्लेसी और कोहली की जोड़ी ने तूफानी शुरुआत दिलाई। दोनों ने पावरप्ले में बिना विकेट खोए 64 रन बनाए। कोहली ने भुवनेश्वर की शुरुआती दो गेंद पर चौके जड़े और फिर अगले ओवर में अभिषेक शर्मा पर भी दो चौके मारे। डुप्लेसी ने कार्तिक त्यागी पर लगातार तीन चौके मारे। वह हालांकि दूसरे चौके पर भाग्यशाली रहे जब डीप मिडविकेट पर ग्लेन फिलिप्स ने कैच टपकाया। उन्होंने भुवनेश्वर की लगातार गेंदों पर छक्का और चौका भी मारा। कोहली ने पदार्पण कर रहे नितीश कुमार रेड्डी पर छक्का जड़ा। इस तेज गेंदबाज ने इसी ओवर में डुप्लेसी को डीप मिड विकेट पर मयंक डागर के हाथों कैच कराया लेकिन ओवर की दूसरी बाउंसर के कारण यह नोबॉल हो गई। डुप्लेसी ने 12वें ओवर में फिलिप्स पर दो रन के साथ 34 गेंद में अपना अर्धशतक और टीम के रनों का शतक पूरा किया। कोहली ने भी इसी ओवर में चौके के साथ 35 गेंद में 50 रन के निजी स्कोर को पार किया। कोहली ने 15वें ओवर में भुवनेश्वर पर चार चौकों से 18 रन जुटाए। आरसीबी को अंतिम पांच ओवर में 37 रन की जरूरत थी। इससे पहले सनराइजर्स की पारी में क्लासेन के दबदबे का अंदाजा इस बात से लगता है कि उन्होंने जहां 51 गेंद में 104 रन बनाए तो वहीं टीम के बाकी बल्लेबाज 69 गेंद में 82 रन ही जोड़ पाए। डुप्लेसी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद ब्रेसवेल ने पांचवें ओवर में दोनों सलामी बल्लेबाजों अभिषेक शर्मा (11) और राहुल त्रिपाठी (15) को पवेलियन भेज दिया। अभिषेक ने ब्रेसवेल की ढीली गेंद पर कवर प्वाइंट पर महिपाल लोमरोर को कैच थमाया जबकि एक गेंद बाद त्रिपाठी शॉर्ट फाइन लेग पर हर्षल पटेल के हाथों लपके गए जिससे टीम का स्कोर दो विकेट पर 28 रन हो गया।

### स्कोरबोर्ड

**सनराइजर्स हैदराबादः** अभिषेक का लोमरोर बो ब्रेसवेल 11, त्रिपाठी का हर्षल बो ब्रेसवेल 15,मार्कराम बो शाहबाज 18, क्लासेन बो हर्षल 104, ब्रूक नाबाद 27, फिलिप्स का पार्नेल बो सिराज 05,**अतिरिक्तः** 06,**कुलः**20 ओवर में पांच विकेट परः 186 रन, **विकेट पतनः**1-27, 2-28, 3-104, 4-178, 5-186,**गेंदबाजीः** सिराज 4-0-17-1,पार्नेल 4-0-35-0,ब्रेसवेल 2-0-13-2,शाहबाज 3-0-38-1,हर्षल 4-0-37-1, कर्ण 3-0-45-0

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोरः**विराट का फिलिप्स बो भुवनेश्वर 100, डुप्लेसी का त्रिपाठी बो नटराजन 71,मैक्सवेल नाबाद 05,ब्रेसवेल नाबाद 04,**अतिरिक्तः** 07,**कुलः**19.2 ओवर में दो विकेट परः 187 रन,विकेट पतनः1-172, 2-177,**गेंदबाजीः**भुवनेश्वर 4-0-48-1,अभिषेक 3-0-28-0,नटराजन 4-0-34-1,त्यागी 1.2-0-21-0,नितीश 2-0-19-0,डागर 4-0-25-0,फिलिप्स1-0-10-0

### आईपीएल-16 स्टेडियम से

## कप्तानी के मामले में किसी की नकल करना पसंद नहीं: कृणाल



**कोलकाता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आखिरी चरण के अहम मुकाबलों में लखनऊसुपर जायंट्स का नेतृत्व कर रहे कृणाल पंड्या ने कहा कि वह कप्तानी के मामले में सभी से सिखना चाहते है लेकिन किसी की नकल नही करते है। भारतीय टी20 टीम के कप्तान हार्दिक पंड्या के बड़े भाई कृणाल को लखनऊ सुपर जायंट्स ने नियमित कप्तान लोकेश राहुल के चोटिल होने के बाद टीम की अगुवाई करने की जिम्मेदारी दी गई है। कृणाल ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा, केएल (लोकेश राहुल) का टीम से बाहर होना काफी निराशाजनक रहा। मैने चुनौती को स्वीकार किया और इस पर खरा उतरने की कोशिश कर रहा हूं। उन्होंने कहा, जाहिर है कि मै टीम का उपकप्तान था और मुझ मे कोई बदलाव (कप्तानी के दौरान) नही आया है। मैने हमेशा से क्रिकेट वैसे ही खेला है जैसा कि मै चाहता था। मैने कप्तानी को भी उसी तरह लिया है। मै किसी की नकल नही करना चाहता। हां, यह जरूर है कि मै हर किसी से अच्छी चीजे सीखने की कोशिश करता हूं। मै अपने तरीके से चीजो को करना चाहता हूं। लखनऊसुपर जायंट्स को शनिवार को यहां कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाफ खेलना है। टीम को प्लेऑफ मे जगह के अगर-मगर के फेर से बचने के लिए इस मैच मे जीत दर्ज करनी होगी। घरेलू क्रिकेट मे बड़ौदा की कप्तानी कर चुके कृणाल ने कहा, अगर मै अपने तरीके से काम करता हूं तो टीम के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना अधिक होती है। मैने कड़ी मेहनत और एक निश्चित तरीके से क्रिकेट खेला है, और यही बात मै इस टीम की कप्तानी करते समय भी लागू होती है।

## मोहन बागान की जर्सी के रंग में दिखेगी लखनऊसुपर जायंट्स की टीम

**कोलकाता।** लखनऊसुपर जायंट्स की टीम शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच मे जब कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) के खिलाफ मैदान पर उतरेगी तो उसकी जर्सी का रंग दिग्गज फुटबॉल क्लब मोहन बागान की लाल और हरे रंग की जर्सी जैसा होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स को 2022 मे कोलकाता स्थित आरपी संजीव गोयनका समूह ने खरीदा है। इसी समूह ने 2020-21 सत्र मे इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) की टीम मोहन बागान मे बहुलांश हिस्सेदारी हासिल की थी। लखनऊसुपर जायंट्स टीम के मालिक शाश्वत गोयनका ने कहा, यह (मोहन बागान) कोई संस्था नही है, यह वास्तव मे एक भावना है। इसकी विरासत कोलकाता शहर का प्रतिनिधित्व करती है। इसे ध्यान मे रखते हुए, हमने फैसला किया है कि ईडन गार्डन्स मे केकेआर के खिलाफ शनिवार के मैच मे लखनऊ की टीम लाल और हरे रंग की धारीदार जर्सी मे मैदान पर उतरेगी। उन्होंने कहा, यह मोहन बागान और हमारे शहर की विरासत को सम्मान देने का हमारा तरीका है। लखनऊ की टीम को उम्मीद है कि शनिवार को स्थानीय समर्थक दर्शक इस मैच मे उनकी टीम का समर्थन करेंगे। टीम को अगर-मगर के फेर के बिना प्लेऑफ मे जगह पक्की करने के लिए इस मैच को जीतना होगा। गोयनका ने कहा, सिर्फ मोहन बागान के प्रशंसक ही नही, बल्कि हम उम्मीद करते है कि कोलकाता के दर्शक भी हमारा समर्थन करेंगे। हमारे लिए कोलकाता हमारा घर है। ऐसे मे हम लोगो से अपनी टीम को अधिक से अधिक समर्थन देने के लिए कहेंगे। यह घोषणा यहां आरपीएसजी हाउस मे लखनऊ के कार्यवाहक कप्तान कृणाल पंड्या और विकेटकीपर-बल्लेबाज निकोलस पूरन की मौजूदगी मे की गई।

## पहले छह ओवर में गेंदबाजी अच्छी नहीं थी : धवन



**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स से 15 रन से हारने के बाद आईपीएल प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी पंजाब किंग्स के कप्तान शिखर धवन ने कहा कि उनके गेंदबाज पहले छह ओवर मे अच्छी गेंदबाजी करने मे नाकाम रहे। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट पर 213 रन बनाए। जवाब मे पंजाब की टीम आठ विकेट पर 198 रन ही बना सकी। दिल्ली के बल्लेबाजो ने पावरप्ले के छह ओवरो मे बिना किसी नुकसान के 61 रन बनाए थे। धवन ने मैच के बाद कहा , यह निराशाजनक है लेकिन मुझे लगता है कि हम पहले छह ओवर मे अच्छी गेंदबाजी नही कर सके। हमें कुछ विकेट लेने चाहिए थे क्योंकि उस समय गेंद मूव कर रही थी। जब तक लियाम लिविंगस्टोन बल्लेबाजी कर रहा था, हमें उम्मीद बंधी हुई थी। लेकिन गेंदबाजी के दौरान आखिरी ओवर स्पिनर से कराने का मेरा फैसला भी उलटा पड़ गया। उससे पहले पावरप्ले मे तेज गेंदबाजो ने सही जगह पर गेंद नही डाली। हर पावरप्ले मे हम 50 . 60 रन दे रहे है और विकेट नही ले पा रहे। हमे पता था कि पहले दो तीन ओवर गेंद स्विंग करेगी लेकिन हम उसका फायदा नही उठा सके।

### ट्रिपल सेवन की जीत

**लखनऊ ।** मैन आफद मैच केपी सिंह 79, अनिल सिंह 50 की शानदार बल्लेबाजी के बाद दीपक तनेजा 3 विकेट की उपयोगी गेदबाजी से ट्रिपल सेवन क्लब ने द्वितीय राजेश सिंह मेमोरियल नाइट कॉरपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट में स्मैश क्रिकेट क्लब को 123 रन से रौंद दिया। पार्थ रिपलिक मैदान पर बुधवार रात खेले गए मैच में ट्रिपल सेवन क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 230 रन बनाये। टीम को सलामी बल्लेबाज गुरबिंदर सिंह ने 32 व संजीव सिंह ने 24 रन बनाकर अच्छी शुरुआत दी । जवाब में स्मैश क्रिकेट क्लब लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित ओवर में आठ विकेट पर 107 रन ही बना सका। सलामी बल्लेबाज अजय ने 29 गेंदों पर 5 चौके से 31 रन बनाये। उनके अलावा पीयूष ने 16 और गोल्डी सिंह ने 14 रन बनाए लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। ट्रिपल सेवन क्रिकेट क्लब से दीपक तनेजा ने 3 जबकि वरुण श्रीवास्तव ने 2 विकेट झटके। आनंद शास्त्री व अनीश ओबराय को 1-1 विकेट मिले।

### तेज गेम खेलने में करेगी मदद

**नई दिल्ली।** लावा ने नई टेक्नोलॉजी और वर्ल्ड क्लास फीचर्स वाले अपने 5 जी स्मार्टफ़ोन अग्नि-2 को उतारा है। इसमें बिल्कुल नया व दमदार चिपसेट लगाया गया है, साथ ही कई फीचर्स तो इस सेगमेंट में पहली बार पेश किए गए हैं। यह मीडियाटेक के नवीनतम डायमेंसिटी 7050 प्रोसेसर द्वारा संचालित भारत का पहला स्मार्टफोन है, जो तेज रफ्तार से गेम खेलने और ऐप चलाने का अनुभव प्रदान करता है, और इसी वजह से यह स्मार्टफोन भीड़ में सबसे आगे है। इस मौके पर लावा इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट एवं बिजनेस हेड सुनील रैना ने कहा कि अग्नि-2 5 जी द इंडियन फायर पावर सही मायने में भारतीय इंजीनियरिंग की काबिलियत को दर्शाता है। इसे 20 हजार रुपये तक की कीमत वाले स्मार्टफोन खरीदने के इच्छुक भारतीय ग्राहकों की जरूरतों और उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। मीडियाटेक इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर अंकु जैन ने कहा कि डायमेंसिटी 7050 गेमिंग का एकदम सहज अनुभव, पावर के शानदार तरीके से उपयोग, एआइ कैमरा एन्हांसमेंट, इंटेलिजेंट परफॉर्मेंस तथा लंबे गेमिंग सेशन के लिए लंबे समय तक चलने वाली बैटरी जैसी सुविधाएं प्रदान करता है।

### बेयरस्टो को उम्मीद नहीं थी कि दोबारा चल भी सकेंगे

लंदन। इंग्लैड के स्टार बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को उम्मीद नही थी कि अगस्त मे गोल्फ खेलते समय लगी गंभीर चोट के बाद वह दोबारा चल भी सकेंगे। चोट के कारण बेयरस्टो आठ महीने तक क्रिकेट से दूर रहे और अब आयरलैंड के खिलाफ अगले महीने होने वाले एक टेस्ट के लिए उन्हे टीम मे चुना गया है। उन्होंने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा , मुझे लगा था कि पता नही दोबारा चल सकूंगा या नही , दौड़ सकूंगा या नही या क्रिकेट फिर खेल पाउंगा कि नही। मेरे दिमाग मे यही सब चल रहा था। यह इस पर निर्भर करता है कि इन सब चीजो के बारे मे कितना सोच रहे है।

### गुणतिलका पर यौन उत्पीड़न के चार में से तीन आरोप वापस लिए गए

**सिडनी।** श्रीलंका के क्रिकेटर धनुष्का गुणतिलका पर लगाए गए यौन उत्पीड़न के चार मे से तीन आरोपो को गुरुवार को वापस ले लिया गया। गुणतिलका पर पिछले साल एक महिला ने बलात्कार का आरोप लगाया था। गुणतिलका पर चार बार बिना सहमति के यौन संबंध बनाने के आरोप लगाए गए थे जिसके बाद सिडनी पुलिस ने इस 32 वर्षीय खिलाड़ी को नवंबर मे टी20 विश्व कप के दौरान टीम के होटल से गिरफ्तार किया था। सरकारी वकील ने हालांकि सिडनी की एक अदालत मे तीन आरोप वापस ले लिए।

# अगर-मगर की कठिन डगर में पंजाब और राजस्थान

## ●एक दूसरे से आगे निकलने का प्रयास करेंगे

**भाषा।** धर्मशाला



**अभी तक** के अपने उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन के कारण अगर-मगर की कठिन डगर में फंसी पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीम शुक्रवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में खुद को एक दूसरे से बेहतर साबित करके प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद बरकरार रखने की कोशिश करेंगी। इन दोनों टीम के 13 मैचों में समान 12 अंक हैं लेकिन राजस्थान की टीम बेहतर रन रेट के आधार पर पंजाब से आगे है। इन दोनों टीम को हालांकि इस मैच में जीत दर्ज करने के अलावा बाकी टीम के मैचों में भी अनुकूल परिणाम के लिए प्रार्थना करनी होगी। पंजाब की टीम फिर से महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। उसके तेज गेंदबाजों ने पावर प्ले और डेथ ओवरों में रन लुटाए जो टीम को भारी पड़े। कैगिसो रबाडा, सैम कुरेन और अर्शदीप सिंह जैसे गेंदबाजों ने लगभग 10 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए जिससे टीम पर दबाव बना। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बुधवार को यहां रबाडा अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थे। अर्शदीप का उपयोग इस मैच में पावर प्ले और डेथ ओवरों में नहीं किया गया जिस पर सवाल उठने लाजमी हैं क्योंकि यह तेज गेंदबाज डेथ ओवरों में अपनी यॉर्कर और शुरू में अपनी स्विंग से बल्लेबाजों को परेशान करता रहा है। अर्शदीप के प्रदर्शन में हालांकि निरंतरता का अभाव रहा है और इस करो या मरो वाले मैच में अब उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। शिखर धवन ने दिल्ली के खिलाफ 20वें ओवर में बाएं हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार का उपयोग किया लेकिन उनका यह दांव नहीं चला और आखिर में मैच में उनके इस फैसले ने बड़ा अंतर पैदा किया। बल्लेबाजी में पिछले दो मैचों में स्वयं धवन नहीं चल पाए और उन्हें अब आगे बढ़कर नेतृत्व करने की जरूरत है। टूर्नामेंट के पहले चरण में लग रहा था कि राजस्थान रॉयल्स की टीम को हराना बेहद मुश्किल है लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और पिछले पांच मैचों में से वह केवल एक मैच में जीत दर्ज कर पाई। राजस्थान के पास यशस्वी जायसवाल और युजवेंद्र चहल जैसे बेहद प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं लेकिन इसके बावजूद उसकी टीम महत्वपूर्ण मौकों पर अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई। जोस बटलर और कप्तान संजू सैमसन ने भी कुछ शानदार पारियां खेली हैं। इन दोनों से टीम को इस मैच में भी बड़ी पारियों की उम्मीद होगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम को देखते हुए उसे टूर्नामेंट के शुरू में खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन अगर वह अब मुश्किल परिस्थिति में है तो इसकी जिम्मेदार वह स्वयं है।

## चोटिल उनादकट की जगह सूर्यांश शेडगे लखनऊ टीम में

**लखनऊ ।** मुंबई के युवा हरफनमौला सूर्यांश शेडगे को चोटिल जयदेव उनादकट की जगह आईपीएल की लखनऊ सुपर जायंट्स टीम में शामिल किया गया है। उनादकट बाएं कंधे में चोट के कारण आईपीएल से बाहर हो गए हैं। उन्हें दो सप्ताह पहले अभ्यास के दौरान चोट लगी थी। लखनऊ टीम ने एक बयान में कहा , लखनऊ सुपर जायंट्स ने बृहस्पतिवार को सूर्यांश शेडगे को चोटिल जयदेव उनादकट की जगह टीम में शामिल किया। उन्हें 20 लाख रूपए में लिया गया है। बीस वर्ष के शेडगे पिछले सत्र में मुंबई की 17 सदस्ईय रणजी टीम में थे और आठ मैचों में 184 रन बनाने के साथ 12 विकेट भी लिए। लखनऊ इस समय 13 मैचों में 15 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है।

# प्रथमेश और अवनीत सेमीफाइनल में

## ●तीरंदाजी विश्व कप : भारतीय रिकर्व टीम बाहर



**भाषा।** शंघाई

**भारत** के युवा तीरंदाज प्रथमेश जावकर और अवनीत कौर ने कोरिया की दमदार चुनौती से पार पाते हुए तीरंदाजी विश्व कप के दूसरे चरण में कंपाउंड वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि रिकर्व तीरंदाज टीम स्पर्धा से बाहर हो गए। उन्नीस वर्ष के जावकर ने कोरिया के आठवीं वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वी को 149 . 148 से हराया। अब उनका सामना सेमीफाइनल में एस्तोनिया के रॉबिन जातमा से होगा। 18 वर्ष की अवनीत ने कोरिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त ओ यूहयुन को कड़े शूटआफ में 142 . 142 (10-10) से मात दी। क्वार्टर फाइनल में अवनीत ने मैक्सिको की डाफने किंटेरो को 147 . 144 से हराया था। प्रथमेश और अवनीत विश्व कप में पहले व्यक्तिगत पदक से एक जीत दूर हैं। इससे पहले भारत की पुरुष रिकर्व टीम क्वार्टर फाइनल में कोरिया से हारकर तीरंदाजी विश्वकप से बाहर हो गई। भारत के धीरज बोम्मादेवरा, अतनु दास और नीरज चौहान की तिकड़ी को ली वू सोक, किम जे देओक और किम वूजिन की शीर्ष वरीयता प्राप्त कोरियाई टीम के हाथों 0-6 (54-55, 56-57, 54-59) से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने चीनी ताइपे पर 5-3 (57-57, 56-58, 57-56, 58-51) से जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी। टीम क्वालीफिकेशन में चौथी वरीयता हासिल करने वाली सिमरनजीत कौर, अवनीत कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला टीम ने पहले दौर में ही निराशाजनक प्रदर्शन किया और वह अपने से कम रैंकिंग वाली इंडोनेशिया की टीम से 1-5 (54-57, 57-57, 50-52) से हार गई।

## कूल्हे की चोट की वजह से फ्रेंच ओपन में नहीं खेल पाएंगे नडाल

पेरिस। दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी रफेल नडाल ने गुरुवार को घोषणा की कि कूल्हे की चोट के कारण वह फ्रेंच ओपन से हट रहे है और उन्हे उम्मीद है कि 2024 उनके पेशेवर करियर का अंतिम सत्र होगा। क्ले कोर्ट ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट फ्रेंच ओपन मे रिकॉर्ड 14 खिताब जीतने वाले नडाल 2005 मे इस टूर्नामेंट मे पदार्पण के बाद पहली बार इसमे नही खेल पाएंगे। अगले महीने 37 वर्ष के होने वाले नडाल ने स्पेन के मेनाकोर मे अपनी टेनिस अकादमी मे एक संवाददाता सम्मेलन मे दौरान अपनी वापसी और भविष्य की योजनाओ की जानकारी दी।

### चोटिल किर्गियोस भी हटे

**कैनबरा।** निक किर्गियोस ने पैर की चोट के कारण फ्रेंच ओपन से नाम वापिस ले लिया। उन्हे यह चोट तब लगी थी जब एक व्यक्ति ने बंदूक की नोक पर कथित तौर पर उनकी मां को धमकाया और उनकी कार चुरा ली। कैनबरा टाइम्स ने कहा कि इस घटना के दौरान अपने परिवार को बचाते हुए किर्गियोस को पैर मे चोट लगी। चोट के कारण वह डेनमार्क मे होल्गर रूने के खिलाफ नुमाइशी मैच भी नही खेल सके।

# रुने से फिर हारे जोकोविच

## ● स्वियातेक चोटिल

**भाषा।** रोम



**बाईस बार के** ग्रैंडस्लैम चैम्पियन नोवाक जोकोविच को डेनमार्क के होल्गर रूने ने छह महीने में दूसरी बार हराते हुए इटालियन ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में 6-2, 4-6, 6-2 से जीत दर्ज की। इससे पहले नवंबर में पेरिस मास्टर्स फाइनल में रूने ने जोकोविच को हराया था। कोर्ट पर उनकी चुस्ती फुर्ती का जोकोविच के पास कोई जवाब नहीं था। क्लेकोर्ट पर रूने का इस सत्र में प्रदर्शन शानदार रहा है और उन्होंने मोंटे कार्लो मास्टर्स में फाइनल खेला, म्युनिख में खिताब जीता और अब यहां सेमीफाइनल में पहुंचे। यहां छह बार के चैम्पियन रहे जोकोविच पिछले आठ साल में सिर्फ एक बार फाइनल में पहुंचने में नाकाम रहे हैं। वह अगले सप्ताह नंबर एक की रैंकिंग भी कार्लोस अलकाराज को गंवा देंगे। रूने का सामना सेमीफाइनल में कैस्पर रूड से होगा जिन्होंने फ्रांसिस्को सेरूंडोलो को 7-6, 6-4 से हराया। महिला वर्ग में दो बार की चैम्पियन इगा स्वियातेक विम्बलडन चैम्पियन एलेना रिबाकिना के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में दाहिनी जांघ में चोट लगने के कारण बाहर हो गई। अब रिबाकिना का सामना एलेना ओस्टापेंको से होगा जिसने पाउला बाडोसा को 6-2, 4-6, 6-3 से हराया।

## ग्रैंडस्लैम चैंपियन के बीच एटीपी चैलेंजर टूर मैच में वावरिंका ने में को हराया

**बॉरदॉ।** पिछले 40 वर्षों से अधिक समय में यह संभवत: पहला अवसर था जबकि दो ग्रैंडस्लैम चैंपियन एटीपी चैलेंजर टूर टेनिस प्रतियोगिता में आमने-सामने थे जिसमें स्टैन वावरिंका ने एंडी में को सीधे सेटों में हराया। अपनी तरह के इस विशेष मैच में वावरिंका ने 6-3, 6-0 से जीत दर्ज की। इन दोनों खिलाड़ियों ने तीन-तीन ग्रैंडस्लैम खिताब जीते हैं। वावरिंका ने 2014 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन, 2015 में फ्रेंच ओपन और 2016 में अमेरिकी ओपन का खिताब जीता था। में ने 2012 में अमेरिकी ओपन तथा 2013 और 2016 में विंबलडन का खिताब अपने नाम किया था। यह दोनों उम्रदराज खिलाड़ी अपने करियर में चोटों से भी जूझते रहे। दोनों खिलाड़ियों की उम्र 35 साल से अधिक है।

## ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे दौर में भारत जापान, वियतनाम व उजबेकिस्तान के साथ

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला टीम को एएफसी महिला ओलंपिक क्वालीफायर के दूसरे दौर में जापान, वियतनाम और मेजबान उजबेकिस्तान के साथ रखा गया है। ए मुकाबले 23 अक्टूबर से एक नवंबर तक खेले जाएंगे। भारत ने किर्गीज गणराज्य को 5-0 और 4-0 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। भारतीय टीम (61वां रैंक) ग्रुप सी में सबसे निचली रैंकिंग वाली है जबकि जापान की रैंकिंग 11वीं है। वियतनाम 33वीं और उजबेकिस्तान 50वीं रैंकिंग पर है। भारत ने पहले दौर के क्वालीफायर से पहले उजबेकिस्तान के खिलाफ एक दोस्ताना मैच भी खेला जिसमें उसे 2-3 से पराजय झेलनी पड़ी। चार टीमें (तीन ग्रुप विजेता और सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाली उपविजेता टीम) तीसरे दौर में पहुंचेंगी जो अगले साल 24 से 28 फरवरी के बीच खेला जाएगा। विजेताओं को 2024 ओलंपिक में महिला फुटबॉल में एशिया के लिए आरक्षित दो स्थान मिलेंगे।

# भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीम को स्वर्ण



**लखनऊ।** भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ढाका बांग्लादेश में गत 13 से 17 मई तक आयोजित आईएचएफ ट्राफी महिला यूथ व जूनियर हैंडबॉल चैंपियनशिप में मेजबान बांग्लादेश को 48-17 गोल से हराकर स्वर्ण पदक जीतते हुए खिताब पर कब्जा बरकरार रखा। इस सफलता के साथ भारतीय जूनियर महिला हैंडबॉल टीम ने आगामी महिला आईएचएफ ट्राफी एशिया कांटिनेंटल फेज चैंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। दूसरी ओर भारत की यूथ महिला टीम इस चैंपियनशिप में उपविजेता रही। भारतीय जूनियर महिला टीम से खेलते हुए उत्तर प्रदेश की आराधना त्रिपाठी व समृद्धि सिंह सहित भारतीय यूथ महिला टीम से शिवानी भारती ने खेलते हुए उम्दा खेल का प्रदर्शन किया। भारतीय टीम की सफलता पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक आनन्देश्वर पाण्डेय ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह सफलता इस बात का प्रतीक है कि भारत हैंडबॉल में लगातार दमदार प्रदर्शन से अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ रहा है।

## मैड्रिड को करारी शिकस्त देकर मैनचेस्टर सिटी चैंपियंस लीग के फाइनल में

**मैनचेस्टर।** बर्नार्डो सिल्वा के दो गोल की मदद से मैनचेस्टर सिटी ने रियाल मैड्रिड को 4-0 से करारी शिकस्त देकर चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। इन दोनों टीमों के बीच सेमीफाइनल का पहला चरण।-। से बराबरी पर छूटा था और ऐसे में दूसरा चरण निर्णायक बन गया था जिसमें शुरू से लेकर आखिर तक मैनचेस्टर सिटी का दबदबा रहा। रियाल मैड्रिड ने बेहद खराब खेल दिखाया और अगर गोलकीपर कौरटोइस ने कुछ अच्छे बचाव नहीं किए होते तो 14 बार का चैंपियन इससे भी बड़े अंतर से हार सकता था।सिटी की तरफ से सिल्वा ने अपने दोनों गोल पहले हाफ में किए जबकि एडर मिलिटाओ ने दूसरे हाफ के शुरू में आत्मघाती गोल किया। अल्वारेज ने इंजरी टाइम में चौथा गोल करके सिटी को सेमीफाइनल में ओवरऑल 5-। से जीत दिलाई। इस जीत से सिटी तीन प्रमुख प्रतियोगिताओं इंग्लिश प्रीमियर लीग, चैंपियंस लीग और एफए कप के खिताब जीतने के करीब पहुंच गया है।

# भारतीय महिला हॉकी टीम पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 2-4 से हारी

**भाषा।** एडीलेड



**भारतीय** महिला हॉकी टीम की ऑस्ट्रेलिया दौरे की शुरुआत निराशाजनक रही जब टीम को गुरुवार को यहां मेट स्टेडियम में तीन मैच की श्रृंखला के पहले टेस्ट में मेजबान टीम के खिलाफ 2-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। पहले क्वार्टर में दोनों ही टीम गोल करने में नाकाम रही जिसके बाद दुनिया की तीसरे नंबर की टीम ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे क्वार्टर में पदार्पण कर रही ऐसलिंग यूटरी (21वें मिनट) और मैडी फिट्जपैट्रिक (27वें मिनट) के गोल से 2-0 की बढ़त बनाई। मेजबान टीम के लिए तीसरे क्वार्टर में एलिस आर्नोट (32वें मिनट) और कर्टनी शोनेल (35वें मिनट) ने गोल किए। दुनिया की आठवें नंबर की टीम भारत की ओर से संगीता कुमारी (29वें मिनट) और शर्मिला देवी (40वें मिनट) ने गोल दागे। श्रृंखला का दूसरा मैच इसी स्थल पर शनिवार को खेल जाएगा। भारतीय टीम दौरे के दौरान ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भी दो मैच खेलेगी। इस दौरे के साथ भारतीय महिला हॉकी टीम की हांगझोउ एशियाई खेलों की तैयारी शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया ने मैच में आक्रामक शुरुआत की। टीम को शुरुआत में ही लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन दोनों मौकों पर भारतीय कप्तान और गोलकीपर सविता ने विरोधी टीम के प्रयास को नाकाम किया। भारत को भी दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन मेहमान टीम भी इनका फायदा नहीं उठा सकी जिससे पहला क्वार्टर गोल रहित रहा। ऑस्ट्रेलिया को दूसरे क्वार्टर की शुरुआत में भी दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन इस बार भी सविता गोल के आगे अडिग डटी रहीं। ऐसलिंग ने हालांकि 21वें मिनट में मिले क्रॉस पर सविता को छकाकर ऑस्ट्रेलिया को बढ़त दिलाई। ऑस्ट्रेलिया ने इसके बाद आक्रामक तेवर अपनाए और टीम को भारत के खराब डिफेंस का फायदा मिला। फिट्जपैट्रिक ने छह मिनट बाद पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मेजबान टीम को 2-0 से आगे किया।